CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 73 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंड: योगी पेज 2



दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भारत शीर्ष पर रहा खेल टाइम्स



धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें खुद की सुरक्षा सम्पादकीय


रूस में दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का टेस्ट पेज 12


नई दिल्ली: वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया गया।

# आवारा कुत्तों के चक्कर में राज्यों के मुख्य सचिव SC में तलब

## सुप्रीम कोर्ट बोला: स्ट्रीट डॉग केस मामले में देश की छवि हुई खराब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में स्वत: संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवम्बर को होने वाली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया।

दरअसल, कोर्ट ने पाया कि आवारा कुत्तों की समस्या पर नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अधिकतर राज्यों ने अब तक हलफनामे नहीं दायर किए हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिवों को पेशी का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की विशेष बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि अब तक सिर्फ दिल्ली महानगरपालिका (एमसीडी), पश्चिम बंगाल और तेलंगाना ने ही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर हलफनामे दाखिल किए हैं। बता दें कि 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने जब इस मामले पर सुनवाई की थी, तब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हलफनामे दाखिल करने के लिए कहा गया था। अपने आदेश के बावजूद हलफनामे न मिलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और मुख्य सचिवों को पेशी का निर्देश जारी कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। अपने 22 अगस्त के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली- एनसीआर ने आवारा कुत्तों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कुत्तों को नसबंदी और दवा देने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था।

**बंगाल-तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया, अगली सुनवाई तीन नवम्बर को**



## संक्षिप्त समाचार

### साइक्लोन मोन्था का असर शुरू केरल में दो की मौत

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोन्था तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रमुख प्रखर जैन ने कहा कि साइक्लोन मोन्था तट के करीब पहुंचना शुरू हो गया है। तटीय जिलों में बारिश और तेज हवा चल रही हैं। यह 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर की शाम या रात काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है। केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई।

### सरकार की अर्थी निकालने की बात करने वाले CMS निलंबित

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने सुल्तानपुर में 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय वीर सिंहपुर के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा. भास्कर प्रसाद को निलंबित कर दिया है और उन्हें अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल से सम्बद्ध किया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के स्तर से जारी आदेश में डा. भास्कर प्रसाद पर तीन आरोप लगाए गए हैं। जिनमें अस्पताल के संचालन में अनियमितता और अवांछित टिप्पणियां करना, भर्ती मरीजों को अस्पताल के बाहर से दवाइयां दिलाना, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में नियमों का पालन न करना शामिल है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन की अवधि में डा. भास्कर प्रसाद का मुख्यालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल कार्यालय रहेगा।

### SC से उमर खालिद-शरजील इमाम समेत चार को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कथित तौर पर शामिल कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 31 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। दरअसल, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच के सामने अतिरिक्त एएसजी एसवी राजू ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय देने की मांग की थी।

## एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान


# उप्र समेत 12 राज्यों में होगा SIR

**51 करोड़ वोटर्स का होगा पुनरीक्षण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का फेज-1 खत्म हो गया है, अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आगे कहा कि बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूचियां सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। उस सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ द्वारा विशिष्ट गणना प्रपत्र दिए जाएंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन सभी के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। यदि उनका नाम नहीं, बल्कि उनके माता-पिता का नाम सूची में था, तो भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं है... 2002 से 2004 तक की एसआईआर (एसआईआर) मतदाता सूची वेबसाइट पर कोई भी देख सकता है और वे स्वयं मिलान कर सकते हैं। पूरे देश में एसआईआर चरणबद्ध तरीके से होगा। जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर किया जाना है। इसमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ हैं, जबकि यहां 5 लाख 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन और बीएलओ तैनात किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश में 21 साल पहले आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था। उन्होंने साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा और अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाएगा। सीईसी ने आगे कहा कि चुनावों से पहले एसआईआर किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हर घर पर बीएलओ तीन बार जाएंगे और मतदाताओं की जानकारी जुटाएंगे।




### असम में एसआईआर की प्रक्रिया नहीं की जाएगी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस समय असम में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान के आंकड़ों की बात करें, तो असम में करीब 2.45 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में 2026 के मार्च-अप्रैल महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीईसी ने कहा कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग हैं, इसलिए वहां एसआईआर से प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि असम में नागरिकता को लेकर अलग कानून हैं। वहां एनआरसी लागू है।

### दूसरे चरण के एसआईआर के प्रक्रिया की प्रमुख तारीखें

मुद्रण/प्रशिक्षण - 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025,
घर-घर गणना, चरण - 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025,
ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन - 9 दिसम्बर 2025, दावे और आपत्ति अवधि - 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026, सूचना चरण (सुनवाई और सत्यापन) - 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन - 7 फरवरी 2026

### एसआईआर की घोषणा के दिन ही बंगाल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल की घोषणा की, जिसमें 200 से अधिक अधिकारियों का तबादला किया गया। राज्य सरकार की तरफ से यह फैसला उस समय लिया गया जब कुछ ही घंटों में चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीखों का ऐलान होने वाला था। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह कदम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने के इरादे से उठाया है। वहीं पश्चिम बंगाल भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से एसआईआर की घोषणा के बाद 235 अधिकारियों के तबादलों के उल्लंघन के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पश्चिम बंगाल भाजपा, चुनाव आयोग की मंजूरी के बिना किए गए इन अनियमित तबादलों को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

# सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील के खिलाफ नहीं होगी अवमानना की कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने सोमवार को कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मन नहीं है**

पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश खुद ही आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई करने से इन्कार कर चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालत में नारेबाजी करने और जूता उछालना यकीनन अदालत की अवमानना है, लेकिन ये संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वे कानून के तहत कार्रवाई करते हैं या नहीं।

### देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत सीजेआई गवई ने नाम की सिफारिश की



**नई दिल्ली।** सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हो सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार को इनके नाम की सिफारिश की। इसके साथ सीजेआई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने को कहा जाता है। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवम्बर को खत्म हो रहा है। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को सीजेआई के तौर पर शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा।

### अदालत में पेश हुई कंगना, बुजुर्ग महिला से माफी मांगी

**बठिंडा।** भाजपा की सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने सोमवार को बठिंडा कोर्ट में 2020-21 के किसान आंदोलन के दौरान 73 साल की महिंदर कौर पर की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी। कोर्ट में पेश होने के तुरंत बाद, भाजपा सांसद ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कोर्ट में शिकायतकर्ता के पति से माफी मांग ली है। सुनवाई के दौरान कौर जिला कोर्ट में मौजूद नहीं थीं। कंगना रनौत ने आगे कहा कि उन्हें 73 साल की महिला के खिलाफ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर पछतावा है। कौर की तरफ से दायर मानहानि मामले के सिलसिले में हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद रनौत कड़ी सुरक्षा के बीच बठिंडा कोर्ट में पेश हुईं।

# बांग्लादेश ने पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को अपना हिस्सा दिखाया

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को एक विवादित किताब गिफ्ट की।

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ नाम की इस किताब के कवर पर छपे नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। शमशाद मिर्जा पाकिस्तानी सेना में आसिम मुनीर के बाद दूसरे सबसे ताकतवर अधिकारी हैं। माना जा रहा है कि मुनीर के बाद मिर्जा ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख बनेंगे।

**मोहम्मद यूनुस ने पाक आर्मी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को किया विवादित नक्शा गिफ्ट**

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ एक आर्ट बुक है, जिसमें बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-जन आंदोलन के दौरान बने ग्रैफिटी (दीवारों पर बनी चित्रकारी) और बाकी चित्रों को दिखाया गया है। पिछले साल सितम्बर में अंतरिम प्रमुख सलाहकार यूनुस ने इसे जारी किया था। फिलहाल यह किताब अभी सार्वजनिक तौर पर बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से तलब की डिजिटल गिरफ्तारी की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों में दर्ज प्राथमिकियों का ब्योरा देने का निर्देश दिया। यह साइबर धोखाधड़ी का एक बढ़ता हुआ रूप है जहां जालसाज खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर पीड़ितों को पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने पर विचार कर सकता है बशर्ते एजेंसी के पास देश भर में ऐसे बढ़ते मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हों। न्यायालय का यह निर्देश 17 अक्टूबर को स्वत: संज्ञान लेकर शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई के दौरान आया जो नागरिकों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर किए जा रहे व्यापक डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों की खबरों के बाद शुरू किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि सीबीआई पहले से ही ऐसे कुछ मामलों की जांच कर रही है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि कृपया पता करें कि क्या सीबीआई के पास सभी मामलों को संभालने के लिए संसाधन हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उन्हें साइबर अपराध विशेषज्ञों की जरूरत है, तो वे हमें बता सकते हैं। सॉलिसिटर जनरल ने इस मामले में स्पष्ट करते हुए कहा कि सीबीआई इन मामलों में गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रभाग से सहायता ले रही है। न्यायमूर्ति बागची ने समस्या की व्यापकता के बारे में आगाह किया, समस्या मामलों की संख्या है। हमने पोंजी मामलों में ऐसा देखा है। उस समय सीबीआई पर दबाव बहुत जडादा था। क्या आप एक विशेष जांच के लिए तैयार हैं? और यही वह अतिरिक्त व्यय है जिसकी आपको आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने एक समन्वित राष्ट्रीय समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वह एक समान जांच के पक्ष में है, लेकिन उसने सभी राज्यों का पक्ष जाने बगैर तत्काल कोई आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि हम आज कोई निर्देश जारी नहीं कर रहे हैं। हम एक समान जांच सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को नोटिस जारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह मामला एक बुजुर्ग दंपति के पत्र से शुरू हुआ, जिन्होंने बताया था कि एक से 16 सितम्बर के बीच सीबीआई, खुफिया ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बनकर घोटालेबाजों ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की। धोखेबाजों ने फोन और वीडियो कॉल का इस्तेमाल किया। उन्होंने गिरफ्तारी की धमकी देकर पीड़ितों को धन हस्तांतरित करने के लिए धमकाने के लिए उच्चतम न्यायालय के जाली आदेश भी दिखाए।



**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: मामले की जांच सीबीआई को सौंपने पर कर सकता है विचार**

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में बाघ के हमले में युवक की मौत

**बहराइच।** उप्र में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज में रविवार की देर शाम को बाघ के हमले से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजीत (20) निवासी गांव मुखिया फार्म, रमपुरवा (निशान गड़ा रेंज) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार संजीत रविवार की शाम हल्दी के खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के शोर मचाने के बावजूद बाघ कुछ ही मिनटों में युवक को मार कर जंगल की ओर भाग लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर सहमति जताई।

### पूर्व डीजीपी के घर ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घर मे किसी सदस्य के न होने से बेखौफ चोरों ने चोरी को बधी आराम से अंजाम दिया। इस दौरान चोर घर मे लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी साथ ले गए। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब परिवार दीपावली की छुट्टी मनाकर वापस लौटा। घटना को लेकर पूर्व डीजीपी की बहू ने अलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कर्नाटक के डीजीपी रहे महेंद्र कुमार श्रीवास्तव का अलीगंज सेक्टर-जी स्थित बी-1/77 मकान है। मकान में उनकी रिश्ते की बहू डा. ऋषिका राज बच्चों संग रहती हैं।

# अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दों का समाधान हो

## पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ : महबूबा

**श्रीनगर, वार्ता**



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मांग की है कि विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र पुनः शुरू हो गया है, सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है लगभग एक लाख दिहाड़ी मजदूरों की दयनीय स्थिति। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी, जो प्रायः समाज के सबसे वंचित वर्गों से आते हैं, कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं तथा इन विभागों का कुशल संचालन सुनिश्चित करते हैं। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि यह जरूरी है कि सत्तारूढ़ पार्टी सहित सभी विधायक इस मुद्दे का समाधान खोजने के लिए एक साथ आएं और इन श्रमिकों की नियमित नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें वह सम्मान और नौकरी की सुरक्षा मिल सके, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

### बाढ़ प्रभावितों को नुकसान के आकलन के आधार पर मुआवजा: अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुमानित क्षति के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। अब्दुल्ला ने सोमवार को विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मुआवजा क्षेत्रीय आधार पर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को क्षतिपूर्ति क्षेत्रीय आधार पर नहीं बल्कि क्षति के अनुमान के आधार पर दी जाएगी।

# उप्र में बूंदाबांदी से मौसम हुआ खुशगवार

## प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादलों के जमावड़े के बीच हुई बूंदाबांदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी और अरब सागर पर बने संयुक्त प्रभाव के कारण बुंदेलखंड समेत उप्र के कुछ हिस्सों में सोमवार को बादलों के जमावड़े के बीच बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया है।

मौसम विभाग ने 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार जताए हैं। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पूर्व-मध्य अरब सागर पर बने अवदाब से पश्चिमी मध्य प्रदेश तक फैली एक द्रोणिका अरब सागर से नमी को निचले क्षोभमंडल में खींच रही है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के साथ, इन परिस्थितियों के कारण 27 अक्टूबर को बुंदेलखंड और उससे सटे पश्चिमी उप्र के कुछ जिलों में बारिश या हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा अवदाब एक भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट पर दस्तक देगा। इसके अवशेष धीरे-धीरे कमजोर होकर दक्षिणी और पूर्वी उप्र को प्रभावित करेंगे, जिससे 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। इन दोनों प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार से पांच दिनों में राज्य के कई इलाकों में बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान लगभग अपरिवर्तित रह सकता है या इसमें मामूली वृद्धि हो सकती है। इस बीच रविवार को मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद बरेली (15.3 डिग्री सेल्सियस), नजीबाबाद (16 डिग्री सेल्सियस), मुजफ्फरनगर (16 डिग्री सेल्सियस) और शाहजहांपुर (16.4 डिग्री सेल्सियस का स्थान रहा।

■ 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार

## सेक्युलरिज्म के नाम पर पहचान मिटाने का दौर अब खत्म

# धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंड: योगी

**लखीमपुर खीरी।**



■ मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की

विपक्षी दलों के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत को पाखंड करार देते हुए उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को फैजाबाद, प्रयागराज को इलाहाबाद और कबीरधाम को मुस्तफाबाद बनाया गया था। हमने इन स्थलों की पहचान वापस लौटाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे सेक्युलरिज्म के नाम पर करता था, जबकि यह पाखंड है। योगी ने मुस्तफाबाद स्थित विश्व कल्याण आश्रम में 'स्मृति प्राकट्योत्सव मेला-2025' में भाग लिया और संतों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि पहले यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने में लगता था। कबीरधाम आश्रम में योगी ने राष्ट्रभक्ति, सनातन परंपरा, विरासत के सम्मान, और विकास की दिशा में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि संत कबीरदास जी की वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने निर्गुण भक्ति की वह धारा प्रवाहित की, जो समाज की विसंगतियों को तोड़कर आत्मा और परमात्मा का संबंध सरल शब्दों में आमजन को समझाने में सफल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागूं पांव' यह दोहा आज भी हमें गुरु के महत्व का स्मरण कराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों की वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सैकड़ों वर्ष पूर्व थी। उन्होंने कहा कि कबीरदास जी ने उस दौर में समाज की जातीय विषमताओं पर प्रहार कर कहा था, जाति पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। यह वाणी हमारे समाज की एकता और अखंडता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की एकता को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आज भी समाज विरोधी ताकतें आस्था पर प्रहार करने और जाति के नाम पर विभाजन करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम समय रहते अपनी कमजोरियों को नहीं पहचानेंगे तो ए बीमारियां कैंसर की तरह समाज को खोखला कर देंगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि 'माता भूमि पुत्रोहम' यह भूमि केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, हमारी मातृभूमि और पितृभूमि है। इस धरती की सेवा ही सच्ची उपासना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि 2014 से पहले देश पहचान के संकट से जूझ रहा था। भ्रष्टाचार, आतंकवाद और विभाजनकारी राजनीति चरम पर थी।

### सीएम ने कबीरधाम आश्रम में की मूर्तियों की स्थापना, रोपा रुद्राक्ष का पौधा

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वार्षिक परंपरा के तहत श्री क्षमादवजी तथा श्री गुरुमन साहेब की नई मूर्तियों का अनावरण किया। यह परंपरा आश्रम में हर वर्ष निभाई जाती है, जिसके अंतर्गत पूज्य संतों की मूर्तियों को नए रूप में स्थापित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मूर्तियों का उद्घाटन किया और दोनों मूर्तियों पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में एक रुद्राक्ष का वृक्ष भी रोपित किया।

# पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का उदाहरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है, योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है : अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कहा कि प्रयागराज में पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का जीवंत उदाहरण है।

राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- प्रयागराज में पत्रकार की चाकू से गोदकर की गई हत्या ने यूपी की कानून व्यवस्था की सच्चाई उजागर कर दी है। यह कोई एक घटना नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैले 'जंगलराज' की तस्वीर है। पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है। योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह के चचेरे भतीजे लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ पप्पू की हत्या के मामले में प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने कारण का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पप्पू के दोस्त बबलू की पत्नी विजेता अपने बेटे साहिल को नशा करने से रोक रही थी जबकि साहिल का दोस्त व मुख्य आरोपी विशाल उसे नशे के लिए ले जाना चाहता था। इस दौरान मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मी एलएन सिंह के हस्तक्षेप से नाराज आरोपी विशाल ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।



**सेंसेक्स** 83952.17
**निफ्टी** 25709.00



**सोना रु.** 124510
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 154900
प्रति किलो



# नए शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स 567 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति और वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट में दूसरी तिमाही में भी भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने की खबरों के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और प्रमुख सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक (0.67 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 84,778.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 170.90 अंक यानी 0.66 फीसदी की बढ़त में 25,966.05 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का अब तक का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.05 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वित्त मंत्रालय की आज जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की रफ़्तार मजबूत बनी हुई है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों की बैठक से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के फ्रेमवर्क पर समझौता हो गया है। इससे दूसरे एशियाई बाजारों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,241 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,638 के शेयर हरे निशान में और 1,507 के लाल निशान में बंद हुए जबकि अन्य 96 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंकों, रियलिटी, तेल एवं गैस और धातु समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। फार्मा सेक्टर पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 2.56 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.24 फीसदी, इटरनल में 2.19 फीसदी और भारतीय स्टेट बैंक में 2.08 फीसदी की बढ़त रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर 1.64 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। इनके अलावा एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, आईटीसी, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोरॉजीज, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व और एलएंडटी के शेयर भी 0.50 से एक प्रतिशत के बीच चढ़े। कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक 1.74 फीसदी, बीईएल में 1.62, इंफोसिस में 1.35 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 0.56 फीसदी की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई सूचकांक 2.46 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.18 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.14 प्रतिशत की बढ़त में था जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.07 प्रतिशत की गिरावट रही।

### टीसीएस ने ब्रितानी अखबार के दावों को बताया भ्रामक

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्रितानी अखबार 'द टेलीग्राफ' की उस रिपोर्ट को भ्रामक बताया है जिसमें कहा गया था कि स्थानीय ब्रिटेन की कंपनी मार्क एंड स्पेंसर (एमएंडएस) ने साइबर हमले रोकने में विफल रहने के कारण भारतीय कंपनी का अनुबंध समाप्त कर दिया है। टीसीएस ने सोमवार को शेयर बाजार को दिए गए बयान में कहा है, टेलीग्राफ द्वारा प्रकाशित खबर भ्रामक है। इसमें अनुबंध की राशि और टीसीएस के मार्क एंड स्पेंसर के लिए काम करने की निरंतरता समेत तथ्यात्मक विसंगतियां हैं। उसने कहा कि दोनों ने पहले ही स्पष्ट किया है कि एमएंडएस के साथ उसके अनुबंध के बाद एक प्रतिस्पर्द्धी प्रस्ताव अनुबंध प्रक्रिया जनवरी 2025 में शुरू की गई थी, जिसमें ब्रितानी कंपनी ने दूसरी कंपनी की सेवा लेने का फैसला किया था। यह फैसला अप्रैल में साइबर हमले से बहुत पहले कर लिया गया था।

# मजबूत मांग के साथ अर्थव्यवस्था में तेजी जारी: वित्त मंत्रालय



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के कार्यान्वयन और त्योहारी सीजन के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मांग की स्थिति मजबूत होने से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है। सितम्बर, 2025 के लिए इस रिपोर्ट में कहा गया है, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और खाद्य श्रेणियों में अपस्फीति से इसमें मदद मिली है।

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति घट कर 1.7 प्रतिशत तक आई है। गैर-खाद्य और गैर-ईंधन वस्तुओं की कीमतें स्थिरता के साथ सितम्बर 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति (विनिर्मित उत्पाद के वर्ग की) अनुमानित 4.6 प्रतिशत रही। वित्त मंत्रालय ने कहा कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने आपूर्ति पक्ष में अच्छा विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुमान से ज्यादा वृद्धि और दूसरी तिमाही में लगातार वृद्धि के रुझानों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि के अनुमान को सुधार किया है और इसके 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में देश के वैश्विक व्यापार के संबंध में कहा गया है, अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत की बाह्य आर्थिक गतिविधियां वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में मजबूत बनी हुई हैं। देश के कुल निर्यात में (वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर) चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 413.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

# लखनऊ के रेलवे हॉस्पिटल में लगी आग सीसीयू में फंसे 22 मरीजों का रेस्क्यू

**लखनऊ।** लखनऊ के आलमबाग स्थित रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही तीन मंजिला अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों और स्टाफ का दम घुटने लगा। हादसे के दौरान क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती 22 मरीज फंस गए, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। आग की सूचना सुबह 5:38 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई।

सूचना मिलते ही दमकल की टीमें 5:48 बजे मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच के अनुसार आग अस्पताल के भूतल पर बने सीसीटीवी सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। कुछ ही मिनटों में लपटें उठीं और धुआं पूरे ग्राउंड फ्लोर में फैल गया। इससे फर्स्ट फ्लोर स्थित सीसीयू यूनिट धुएं से भर गई, जहां मरीज भर्ती थे। धुआं बढ़ते ही अस्पताल में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। फायर अलार्म बजने लगे। अस्पताल के स्टाफ और मरीजों के परिजनों ने मिलकर जैसे-तैसे सीसीयू में भर्ती मरीजों को बाहर निकाला। इस बीच सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और रैंप व सीढ़ियों के रास्ते सभी मरीजों को बाहर निकाला गया। गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से सुरक्षित वार्ड में शिफ्रट किया गया तथा ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। आलमबाग फायर स्टेशन प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि ष्एक घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आलमबाग और हजरतगंज फायर स्टेशन से एक-एक गाड़ी मौके पर पहुंची थी। सभी मरीजों को सुरक्षित अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया है। फायर अधिकारियों ने बताया कि सर्वर रूम की वायरिंग जलकर खाक हो गई है, लेकिन समय पर राहत कार्य शुरू हो जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। धुएं को बाहर निकालने के लिए स्मोक गन और एक्सट्रैक्शन फैन का उपयोग किया गया। वहीं रेलवे प्रशासन ने आग की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सीएमएस डा. संगीता सागर ने बताया कि अग्निकांड में किसी की जान नहीं गई है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी, जिसे बुझा दिया गया है। सभी मरीज, परिजन और अस्पताल स्टाफ सुरक्षित हैं। स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है और सभी वार्डों में चिकित्सा सेवाएं बहाल कर दी गई हैं।

# नारायणी नदी के तट पर उतरी अंतरिक्ष की प्रयोगशाला

**कुशीनगर, वार्ता**

■ प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे

उप्र में कुशीनगर जिले के तमकुही के जंगलीपट्टी गांव के समीप नारायणी नदी के तट पर अंतरिक्ष की प्रयोगशाला उतरी, तो पांच मिनट के अंतराल पर 20 मिनट में चार रॉकेट प्रक्षेपित हुए।

एक किलोग्राम का कैनसेट लेकर 20 किलोग्राम के रॉकेट ने जब आसमान में 700 से 900 मीटर की दूरी तय की तो उत्तर भारत में पहली बार कुशीनगर में होने वाली इन-स्पेस मॉडल राकेट्री-कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन 2024-25 ने आविष्कार, नवाचार का नया अध्याय भी लिखा। प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे। प्रक्षेपण की शुरुआत सुबह सात बजे से होनी थी, लेकिन सिस्टम ठीक करने में देरी के चलते 9.30 बजे टीम नंबर 28 द्वारा पहला सफल प्रक्षेपण किया गया। इसरो और इन-स्पेस के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में सोमवार से गुरुवार तक चार दिवसीय रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन सोमवार को सुबह 9 बजे रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम शुरू हुआ। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम सुबह 9 बजकर 50 मिनट तक चला। वैज्ञानिकों की टीम ने हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट का सफल प्रक्षेपण किया। लगभग आठ सौ से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन रॉकेट लॉन्चर के सफल प्रक्षेपण को लेकर इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन 10 टीमों द्वारा दस राकेट को लॉन्च कर उनका प्रक्षेपण किया जाना था, लेकिन 6 टीमें प्रक्षेपण के लिए तैयार नहीं हो सकी थी। जिससे इस कार्यक्रम में चार राकेट लॉन्च हो सके। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण में हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट लॉन्च कर उनका सफल प्रक्षेपण किया गया। लगभग 50 मिनट के अंदर 800 मीटर से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन चारों राकेट लॉन्चरों के सफल प्रक्षेपण से इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। वही एपी तटबंध किनारे शुरू हुए इस प्रक्षेपण कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर ग्रामीणों सहित युवाओं में अति उत्साह देखने को मिला। राकेट लॉन्च के सफल प्रक्षेपण कार्यक्रम को लेकर इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता 2024- 25 का आयोजन एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), इसरो और अन्य संघों के सहयोग से छात्र समुदाय के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए किया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

# सीएम का आदेश नहीं मानती किरतपुर पुलिस

## प्रेस नोट में वादी व अभियुक्तों की बिरादरी जाट का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक तरफ प्रदेश सरकार ने वाहनों पर जातियों का नाम लिखने एवं जातियों को महिमा मंडित करने पर प्रतिबंध लगाते हुए ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए है और दूसरी तरफ किरतपुर पुलिस के द्वारा जारी प्रेस नोट में आज वादी एवं अभियुक्तों की बिरादरी जाट होने का उल्लेख किया गया है। जिससे साफ जाहिर है कि किरतपुर पुलिस प्रदेश सरकार के आदेश को ताक पर रख रही है।

गौरतलब है कि योगी सरकार ने वाहनों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जाति विशेष को महिमा मंडित करते हुए उनका नाम लिखने पर रोक लगा दी है। इसी क्रम में जातीय सम्मेलन न करने के भी दिशा निर्देश जारी किए गए थे। सरकार की इसके पीछे मंशा साफ है। सरकार जातियों के नाम पर किसी भी तरह का विभाजन व भेदभाव की भावना को नहीं पनपने देना चाहती है। सरकार ने जातीय सम्मेलनों को भी नहीं होने दिया है। लेकिन किरतपुर पुलिस प्रदेश सरकार के आदेश को नहीं मान रही है। उसके द्वारा आज जारी किए गए प्रेस नोट को जनपद पुलिस के सोशल मीडिया सैल ग्रुप पर वायरल किया गया है। इस ग्रुप में जनपद के मीडियाकर्मी जुड़े हुए है। प्रेस नोट में वादी एवं अभियुक्तों की जाति जाट होने का उल्लेख किया गया है। इस प्रेस नोट में विशेष तौर पर अभियुक्तों की जाति समस्त जाति जाट लिखी गई है। वादी की जाति भी जाट होने का उल्लेख किया गया है।

सवाल यह उठता है कि जिस पुलिस पर सरकार के दिशा निर्देशों का पालन कराने की जिम्मेदारी है, वो ही पुलिस सरकार के दिशा निर्देशों को ताक पर रख रही है। ऐसे में फिर पुलिस कैसे कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने का नैतिक अधिकार रखती है। अब देखना यह है कि इस मामले में जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी क्या कार्यवाही करते है।



जनपद बिजनौर
प्रेस नोट– थाना किरतपुर दिनॉक 27.10.2025

थाना किरतपुर पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 279/25 धारा 109(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त को अवैध शस्त्र सहित किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 25.10.2025 को वादी रूपेंद्र सिंह उम्र करीब 30 वर्ष जाति जाट पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर बेगा थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर द्वारा थाना किरतपुर पर तहरीर दी गई कि समय करीब 17.00 बजे अभियुक्तगण 1. डब्बल उर्फ आशु (उम्र करीब 30 वर्ष) पुत्र लाखन व 2. अनूप (उम्र करीब 42 वर्ष) पुत्र सुदे समस्त जाति जाट निवासीगण ग्राम स्वाहेड़ी थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर द्वारा ग्राम बूढपुर नैन्सी स्थित वादी के ठेके पर उधार शराब मांगने को लेकर तमन्चे से फायरिंग की गई जिसमे वादी बाल–बाल बच गया। तहरीर के आधार पर थाना किरतपुर पर मु0अ0सं0 279/25 धारा 109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

इस संबंध में जब अपर पुलिस अधीक्षक नगर के सरकारी मोबाइल नम्बर पर कॉल कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो कॉल रिसीव करने वाले कर्मचारी ने बताया कि साहब बैठक में व्यस्त है। वहीं नजीबाबाद के सीओ के सरकारी मोबाइल नम्बर पर भी कॉल कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया। लेकिन उनके द्वारा भी कॉल रिसीव नहीं की गई।

दूसरी तरफ किरतपुर थाने में ग्राम इस्लामपुर बेगा, थाना कोतवाली देहात निवासी रूपेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने 25 अक्टूबर को तहरीर दी थी कि शाम पांच बजे डब्बल उर्फ आशू पुत्र लाखन एवं अनुप पुत्र सुदे निवासी ग्राम स्वाहेड़ी, थाना कोतवाली शहर ने ग्राम बूढ़पुर नैंसी स्थित उसके ठेके पर उधार शराब मांगने को लेकर तमंचे से फायरिंग की। जिसमें वह बाल–बाल बच गया। किरतपुर पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 279/25 धारा 109 (1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने डब्बल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

## अंधेरा होते ही शुरू हो जाता है मिट्टी का खनन

**नजीबाबाद।** नगर में अवैध खनन का कारोबार खुलेआम जारी है। रात होते ही मशीनों से मिट्टी की खुदाई शुरू हो जाती है। रातभर अवैध खनन चलता है।

इस संबंध में वायरल वीडियो में ट्रैक्टर से मिट्टी ले जाते हुए आरोपी को देखा जा रहा है। अवैध खनन का धंधा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से जोरों पर चल रहा है। नगीना मार्ग पर मिट्टी का खनन कर रहे माफिया के हौसले बुलंद हैं। रात के अंधेरे में लगातार हो रहे मिट्टी खनन से स्थानीय प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा है। रात के अंधेरे में लाखों रुपये कीमत की मिट्टी का खनन होता है। इसका सबूत रात में सड़कों पर दौड़ते मिट्टी से भरे ट्रेक्टर और जेसीबी मशीन हैं। अवैध खनन से सरकार को भी लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है और भू संपदा भी नष्ट हो रही है। स्थानीय प्रशासन मिट्टी के अवैध खनन पर अंकुश लगाने में विफल हो रही है। वायरल वीडियो के संबंध में उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि सुबह पांच बजे की वीडियो में बृजपाल नामक व्यक्ति ने अपने निजी कार्य घर के लिए मिट्टी उठाई है। किसी के द्वारा उसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी गई है।

## सीयूजी नम्बर पर आने वाली कॉल रिसीव करना शान के खिलाफ समझ रहे अफसर

### जा रहा योगी सरकार की पकड़ कमजोर होने का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा सरकार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि उन्हें सीयूजी नम्बर पर आने वाली कॉल को रिसीव कर जनता की समस्याओं को सुनना चाहिए। साथ ही जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समाधान करने का भी निर्देश दिया था। सरकार के निर्देश जनहित में थे और इससे साफ पता चलता कि प्रशासन पूरी तरह से जनता को लेकर गंभीर है।

लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा हो नहीं पा रहा है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों के पास सीयूजी मोबाइल नम्बर है। सरकार ने अच्छी पहल करते हुए यह कदम उठाया था। लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर अन्य विभागों के संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों ने सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को पलीता लगा दिया है। वह सीयूजी नम्बर पर आने वाली कॉल को रिसीव नहीं करते है। कई अधिकारी अपने चपरासियों व ड्राइवरों को मोबाइल थमा देते है और कई अपने हाथ में मोबाइल होने के बावजूद आने वाली जनता की कॉल को रिसीव नहीं करते है। ड्राइवरों व चपरासियों का रटा–रटाया जवाब होता है कि साहब बैठक में व्यस्त है। जबकि सच्चाई यह होती है कि साहब दूसरे मोबाइल पर व्यस्त रहते है। ज्यादातर प्रशासनिक अधिकारियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के पास दो से तीन मोबाइल होते है। वह अपने पास कीमती मोबाइल रखते है। लेकिन जिस मोबाइल में उनके द्वारा सीयूजी नम्बर का सिम डाला जाता है, वह पुराना व थका हुआ मोबाइल होता है। अधिकारियों की इस कारगुजारी की वजह से सरकार की छवि खराब हो रही है। आम जनता में संदेश जा रहा है कि भाजपा सरकार का अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं है। सरकार को इस संबंध में सख्त कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही ऐसे अधिकारियों को चिंहित किए जाने एवं उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। जब तक ऐसे अधिकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं की जाती है, तब तक व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाएगा। हालात यह है कि अधिकारी कार्यालयों में जनसुनवाई के समय में मौजूद नहीं रहते है। जब उनके बारे में पूछा जाता है, तो कर्मचारियों का कहना होता है कि साहब फील्ड में गए है। आखिर यह कैसा फील्ड हो गया है, जो साहब से कवर नहीं हो पा रहा है।

## पुस्तकालय का स्थापना दिवस मनाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सरस्वती पुस्तकालय में सम्मान समारोह एवं भजन संध्या के रूप में स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें आईडीबीआई बैंक के ब्रांच मैनेजर ईश्वर पाल एवं ऑपरेशन हेड शशि मौर्या मौजूद रहे। अध्यक्षता सरस्वती पुस्तकालय के प्रधान अतुल माहेश्वरी ने की।

सरस्वती पुस्तकालय के वरिष्ठतम सदस्य एवं पदाधिकारी रहे स्व. रामनाथ सिंह राजपूत को समर्पित इस भावपूर्ण आयोजन का सुंदर संचालन पुस्तकालय के मंत्री एवं इस आयोजन के संयोजक प्रदीप डेजी ने किया । स्व. रामनाथ सिंह राजपूत को मरणोपरांत वरिष्ठतम कर्मठता सम्मान 2025 उनके पुत्र मनमोहन सिंह राजपूत (राजू) को एवं उनके परिवार को प्रदान किया गया ।

विशेष संरक्षक अरुण रंधर व आदेश गुप्ता भी सम्मानित किए गए। प्रसिद्ध गायक मोहन कुमार ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति कर आयोजन को ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। मुख्य अतिथि को अभय सिंघल व हार्दिक सिंघल के सौजन्य से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पंकज अग्रवाल और अनुज मिश्रा के सौजन्य से प्रधान अतुल माहेश्वरी व मंत्री प्रदीप डेजी को प्रतीक चिन्ह दिया गया।

उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, निरीक्षक पंकज अग्रवाल, उपमंत्री सुरेंद्र जेटली एवं अंतरंग सदस्य जितेंद्र जैन, शिव कुमार अरोड़ा, गिरीश चंद्र सिंघल, लवी अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, अभय सिंघल, हार्दिक सिंघल और विदित सिंघल, राजेंद्र टंडन गोल्डी, राजीव अग्रवाल बर्तन वाले, संजीव अग्रवाल, संजीव माहेश्वरी, विनोद मित्तल, मुकेश सिन्हा, राकेश शर्मा, विनय कौशिक, हरिओम सिंघल, कुलदीप सिंह, रीता राजपूत, करुणा शर्मा, देवांशी राजपूत, मनमोहन राजपूत राजू, मनोज शर्मा पत्रकार, दीपक शर्मा, रविंद्र काकरान, प्रभात जाखेटिया, मुकेश शर्मा, दिनेश खन्ना, नीरज सिंघल, अरविंद कुमार, राहुल वर्मा, दीपक अग्रवाल, पत्रकार नौशाद और सोनू आदित्य की उपस्थिति विशेष रूप से सम्मानजनक रही।

# हाथों में गन्ने लेकर प्रदर्शन

### गन्ना मूल्य वृद्धि की मांग उठाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गन्ना मूल्य वृद्धि व किसानों की अन्य प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग लेकर भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने हाथों में गन्ने लेकर प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ता व प्रदाधिकारी बड़ी संख्या में जनपद मुख्यालय पर एकत्र हुए। उन्होंने हाथों में गन्ने लेकर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में गन्ना मूल्य वृद्धि, आगामी पैराई सत्र में शुगर मिल गेट और उनके क्रय केंद्रों पर पूर्ण रूप से घटतौली पर रोक लगाने, बकाया गन्ना भुगतान कराने और आदमखोर गुलदारों के आतंक से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की गई। भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि वह अपनी मांगे पूरी कराकर ही दम लेंगे। किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इससे पूर्व बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गन्ना समिति कार्यालय परिसर में एकत्र हुए और यहां पर एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि गन्ने में लगने वाली लागत में लगातार वृद्धि हो रही है। लेकिन सरकार को किसानों की लागत और मेहनत नहीं दिखाई देती। इसलिए सरकार द्वारा न तो किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाया जाता है और न ही समय से भुगतान किया जाता है। हिंसक जंगली जानवरों से किसानों को अपनी जान माल का खतरा बना रहता है। किसानों के किसी भी प्रकार से होने वाले शोषण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन सदैव किसी भी संघर्ष के लिए तैयार है।

इधर किसानों के बीच पहुंची डीएम जसजीत कौर को जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। डीएम ने शीघ्र शासन को किसानों की समस्याओं और मांगों से अवगत करा कर समाधान कराने का आश्वासन दिया।

प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी पदम सिंह, जग्गन अली, चौधरी सतवीर सिंह, चौधरी भूपेंद्र सिंह, चौधरी देवेंद्र सिंह प्रधान, प्रदीप राणा, डॉ. अरूण कुमार, देवेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, गौरव चौधरी, रामकुमार सिंह, शीशपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, शेर सिंह, योगेंद्र सिंह काकरान, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, सरदार जरनैल सिंह, सरदार गुरपेज सिंह, मोहित चौधरी, संदीप उपाध्याय, मनोज कुमार, अतुल कुमार, मूला सिंह, नरेश नेता, सुखवीर सिंह, अमित राजपूत, कामेंद्र सिंह, रामअवतार राजपूत, देवेन्द्र शर्मा, नौबहार सिंह, शहजाद अहमद, अजयपाल सिंह, नरेश मास्टर, नरेश कुमार, मुव्वशीर वेग, अकरम अली, मूला सिंह, नीटू राणा, राहुल कुमार, अवधेश चौधरी, विनीत कुमार, भीम सिंह, रोबिन राणा, हुकुम, हाजी यामीन सिद्दीकी, शहाबुद्दीन अहमद, नईम, सचिन, फुरकान अली, अंकित राठी, आशीष मोदी, परवेंद्र सिंह मलिक, सामत रजा, प्रीतम सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, हिमांशु सहरावत, नितिन ललेरा, सत्यम चौधरी, मधु रानी आदि मौजूद रही।

## एक नजर

### बिजनौर में आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न न्यायालय के द्वारा जारी वारंटों के आधार पर गंज निवासी ऋषिपाल पुत्र रामचरन, मौहल्ला खत्रियान निवासी महमुदुल हसन पुत्र जमीर अहमद, मौहम्मद आबिद पुत्र मौहम्मद कामिल, मौहल्ला खत्रियान इस्लामनगर निवासी शहजाद पुत्र रशीद धोबी, मौहल्ला मिर्दगान निवासी समद पुत्र मौखा, ग्राम फरीदपुर उद्दा निवासी शाहिद पुत्र मुन्ना, ग्राम बरूकी निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र विशम्भर एवं ग्राम पैदा निवासी लवी चौधरी उर्फ दयाराम पुत्र सूरत सिंह को गिरफ्तार किया है।

### नांगल में मुर्सलीन गिरफ्तार

**बिजनौर।** नांगल पुलिस ने ग्राम शहजादपुर निवासी मुर्सलीन पुत्र मुन्ने को सट्टा खेलने के आरोप में नकदी व पर्ची के साथ गिरफ्तार किया है।

### मण्डावर में लक्ष्मण सहित तीन अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना मंडावर में 26 अक्टूबर को वादी रामस्वरूप सिंह पुत्र गोविंद सिंह ने तहरीर दी थी कि ग्राम निवासी अभियुक्तगण नितिन पाल, आकाश पाल पुत्रगण दिनेश पाल एवं ब्रह्मपाल, लक्ष्मण सिंह व लोकेन्द्र पुत्रगण हीरा सिंह ने उसके पुत्र योगेश पाल के साथ गाली–गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से फावड़े से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने आज ब्रह्मपाल, लक्ष्मण व लोकेन्द्र पुत्रगण हीरा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### शराब के साथ विजेन्द्र को पकड़ा

**बिजनौर।** नांगल पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब के साथ ग्राम जीतपुर खास निवासी विजेन्द्र पुत्र चन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है।

### आपत्तिजनक वीडियो वायरल



**नजीबाबाद।** ऐतिहासिक धरोहर स्थल सुलताना डाकू के किले पर कुछ दबंग युवक अभद्र भाषा का प्रयोग एवं गाली गलौज कर रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऐतिहासिक धरोहर पर इस प्रकार की घटना ने लोगों को निराश किया है और वह ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। सुल्ताना डाकू के किले पर दबंग खुलेआम अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली–गलौज कर रहे है। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जिस पर जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी और दोषियों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

### गुलदार पिंजरे में कैद



**अफजलगढ़।** कालागढ़ के समीपवर्ती ग्राम मुरलीवाला में लगभग एक सप्ताह पूर्व दो गुलदार व दो शावक खेत में दिखाई दिए थे। जिसको लेकर किसानों एवं मजदूरों में खौफ व्याप्त था। 16 अक्टूबर को सोनू भैंसा बुग्गी द्वारा अपने खेतों से अपने घर वापसी कर रहा था। खड़ंजा मार्ग पर घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया था। जिसके मद्देनजर वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था। बीती रात्रि लगभग आठ बजे गांव मुरलीवाला में सिद बाबा श्री गुरु गोरखनाथ मंदिर के पास रवींद्र के खेत में लगे पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। वन दरोगा सुनील राजौरा की टीम ने गुलदार को फिलहाल पीली बांध स्थित सिंचाई विभाग खण्ड कार्यालय में रखा है। गुलदार की आयु लगभग तीन से चार वर्ष है।

# जिला उद्योग बंधु समिति व व्यापार बंधु की बैठक

## निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज साढ़े तीन बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु की बैठक आयोजित हुई।



उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित 285 एमओयू के सापेक्ष जीबीसी के लिए 119 तैयार हैं, 87 में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है, 32 पेंडिंग जबकि 27 एमओयू निर्माणाधीन एवं प्रगति पर हैं। समीक्षा करते हुए संज्ञान में आया कि एमओयू के अंतर्गत क्रियाशील औद्योगिक यूनिटों में लगभग 56500 लोगों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि अवशेष एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए पाया गया कि पोर्टल पर कुल 578 आवेदन परिषद प्रदर्शित है, जिनमें से 227 का प्रथम स्तरीय सत्यापन किया जा चुका है, जबकि 108 का द्वितीय स्तरीय सत्यापन पूर्ण हो चुका है तथा 85 आवेदन पत्रों पर तृतीय स्टार की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने उक्त योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित गति से निष्पादन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने उद्योग बंधुओं को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 14 नवंबर, 2025 से प्रगति मैदान में ट्रेड फेयर का प्रारंभ हो रहा है, जिसमें जिले में उत्पादित वस्तुओं के स्टाल लगाए जाएंगे। उन्होंने उद्योग बंधुओं का आवाहन किया कि ट्रेड फेयर में अपने उत्पादों का स्टॉल लगाने के लिए उद्योग विभाग से संपर्क स्थापित करें। इस अवसर पर जीएसटी, उद्योग, खादी ग्राम उद्योग, पंचायत राज, खाद्य सुरक्षा विभाग, पशु पालन विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद थे।

## मकान पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में चार नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मकान पर कब्जे को लेकर हुए विवाद के मामले में घर में जबरन प्रवेश, डकैती, शारीरिक हमला, हत्या का प्रयास आदि आरोपों चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्राम कासमपुर लेखराज निवासी नविया नूर का आरोप है कि उसके पिता के निधन के बाद वह अपनी मां नादरा नूर और बहन तसमिया नूर के साथ रह रही थी। 25 अक्टूबर को मकान का ताला लगाकर मौहल्ला जोशियान में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। लौटने पर ताला टूटा हुआ व दरवाजा खुला हुआ था। जैसे ही वह और उसका परिवार अपने घर में दाखिल हुआ तो हमलावरो के एक समूह शहजाद, लईक उर्फ पप्पू, नबील और नदीम ने कुछ अज्ञात के साथ मिलकर उन पर स्टील की रॉड और धारदार हथियारों से बेरहमी से हमला कर दिया। उसकी मां के गंभीर चोंटे आई है। आरोपियों ने अपमानजनक भाषा का भी प्रयोग किया। घर से मूल्यवान वस्तुए व दस्तावेज गायब थे। उनके परिवार को अवैध रूप से घर से निकाल दिया। उन्हें बेघर कर सड़क पर छोड़ दिया। घर में जबरन प्रवेश और डकैती, शारीरिक हमला और हत्या का प्रयास आदि आरोप लगाए गए। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि शहजाद, लईक उर्फ पप्पू, नबील और नदीम व कुछ अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर वसूली सुनिश्चित करें: डीएम

## कम राजस्व वसूली के कारण रैंकिंग प्रभावित करने वाले विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने उप संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि खनन का परिवहन करने वाले सभी वाहनों की बारीकी के साथ नंबर प्लेट आदि की निर्धारित मानक के अनुरूप जांच करना सुनिश्चित करें और यदि कोई नंबर प्लेट संदिग्ध, अपूर्ण अथवा अपठनीय स्थिती में पाई जाए, तो तत्काल वाहन स्वामी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करना सुरक्षित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक राजस्व स्टाफ एवं कर–करेत्तर की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने निर्देश दिए कि पांच एवं तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 34 एवं 24 के लंबित प्रकरणों पर निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों को निस्तारित करें ताकि न्यायालयों में अनावश्यक बोझ से मुक्ति प्राप्त हो सके। राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संज्ञान में आया कि मण्डी, वाणिज्य कर, परिवहन,



विद्युत, खनन तथा बाट–माप विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति नहीं की जा रही है।

उन्होंने कर करेत्तर के अंतर्गत कम राजस्व वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर यदि उनके विभाग की रैंकिंग प्रभावित होती है, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके उच्च अधिकारियों को भी लिखा जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकों की सहायता से जिले के बड़े बकायादारों की सूची तैयार करते हुए वसूली का कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित आडिट प्रकरणों, विभागीय कार्रवाई सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को मानक के अनुसार तत्परता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि यदि धारा 98 से संबंधित भूमि विक्रय करने से संबंधित प्रकरण अनुज्ञा के लिए उनके पास आता है, तो निर्धारित मानकों एवं जांच उपरांत के बाद ही भूमि विक्रय के लिए अनुमति पत्र प्रदान कराएं। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर माह अक्टूबर में प्राप्त होने वाली राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को पूर्ण मानक के अनुरूप गंभीरता पूर्वक निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि अनिवार्य है, बिना शिकायतकर्ता के इत्मिनान के शिकायत कि निराकरण अमान्य है। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि राजस्व कार्यों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं और कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लम्बित न रखें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह, न्यायिक अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत–प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सरकार को दूर करनी होगी पेंशन की टेंशन: चंद्रहास

## महारैली की सफलता को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की अटेवा के राष्ट्रीय आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली में होने वाली महारैली की सफलता को लेकर विकास खंड में जिला संरक्षक संदीप राजवंश की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार के संचालन में बैठक आयोजित हुई।



बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। संघर्ष के क्रम में 25 नवंबर को दिल्ली महारैली आयोजित की जाएगी। टीईटी अनिवार्यता व यूपीएस-एनपीएस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगें। सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह व राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन के लिए निरंतर संघर्षरत है। हम अटेवा के साथ है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक संदीप राजवंश, पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल, पूर्व जिला मंत्री अटेवा तहसील प्रभारी पंकज कटारिया, जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्ष कर रहा है।

आगामी 25 नवंबर को दिल्ली महारैली में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण कर्मचारी संघ का प्रत्येक कर्मचारी प्रतिभाग करेगा। ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार प्रजापति ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 25 नवंबर को हम ताकत के साथ दिल्ली महारैली में प्रतिभाग करेंगे।

इस अवसर पर जगपाल, नर्वेश कुमार, छत्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, सतपाल, सोनू कुमार, यशपाल आदि ने संबोधित किया।

## नगीना के आबादी क्षेत्र में दिखे गुलदार का वीडियो वायरल

**नगीना।** नगर के आखिरी छोर पर स्थित ईदगाह के निकट स्थित आशियाना कॉलोनी में रविवार की रात्रि के समय लोगों में दहशत का माहौल हो गया। जब कॉलोनी के खाली पड़े प्लाटों पर खड़ी झाड़ झंकाड में एक गुलदार घूमता नजर आया।

कालोनी के लोगों ने गुलदार की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। कॉलोनी वासियों कहना है कि यहां अक्सर गुलदार नजर आता है। यह तो ऊपर वाले का शुक्र है कि अभी तक कॉलोनी या उसके आसपास के क्षेत्र में गुलदार द्वारा कहीं कोई अप्रिय वारदात को अंजाम नहीं दिया गया। वन विभाग के संबंधित अधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी।

## एक नजर

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**चांदपुर।** मौहल्ला शाहचंदन निवासी शाहवेज पुत्र सुलेमान घर पर कई दिनों से अकेला ही रह रहा था। उसके माता पिता किसी रिश्तेदारी में बाहर गये हुए थे। रविवार की देर सायं जब युवक के माता-पिता घर लौटे तो उन्होंने अपने मकान का दरवाजा अंदर से बंद पाया। परिजनो नें छत के रास्ते से मकान में पहुंचकर दरवाजा खोला। घर में उनका पुत्र एक पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की संदिग्धावस्था में हुई मौत पर सिटी इंचार्ज ब्रजेश शर्मा ने कहा कि पुलिस ने मृतक के बिस्तर से उसका मोबाईल बरामद किया है, जिसके द्वारा कुछ पहलू सामने आ सकते हैं।

### गुलाब सिंह महाविद्यालय में संगोष्ठी



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ और डॉ. उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति के तहत 'विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के असाधारण कार्य' विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मौहम्मद साजिद अंसारी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के उदाहरण देते हुए किसी भी क्षेत्र में अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जिस प्रकार गुंजन सक्सेना तथा सोफिया कुरैशी आदि महिलाओं ने भारतीय सेना में अपना योगदान दिया है तथा इंदिरा गांधी, सुषमा स्वराज तथा निर्मला सीतारमण जैसे उदाहरण हमारे पास राजनीति क्षेत्र में मौजूद हैं। उनके कार्यों के बारे में बताते हुए मुख्य वक्ता ने छात्राओं को आगे बढ़ाने और उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने उद्यमी महिलाओं के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं को समझाया कि यदि महिलाएं ठान लें तो किसी भी क्षेत्र में अपना परचम लहरा सकती हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में भी उन्होंने अपना नाम कमाया है जैसे कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स आदि नाम किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

## थाना प्रभारी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**नांगल सोती।** गंगा घाट पर आगामी पांच नवंबर को कार्तिक गंगा मेले का मुख्य स्नान होगा। चार दिवसीय इस मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। मेले के मद्देनजर घाट पर साफ-सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में मेला समिति पदाधिकारी वीरेंद्र शर्मा, नजीबाबाद उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह और नांगल थाना प्रभारी सत्येंद्र मलिक ने आज गंगा घाट का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि मेले की व्यवस्थाएं सुचारु रखने के लिए कल एक समिति का गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाना है। इस वर्ष कार्तिक गंगा स्नान मेले में पिछले वर्षों की तुलना में अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# नगीना में सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के पंजाबी धर्मशाला शिव मंदिर विश्नोई सराय में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया है। यमुनोत्री धाम उत्तराखंड से पधारे व्यास शास्त्री कपिल कृष्ण नौटियाल, आचार्य नवनीत गोरोला, आशीष नौटियाल, आचार्य अजय नौटियाल कथावाचक के रूप में कथा का वाचन करेंगे।

कथा के शुभारंभ से पूर्व आयोजक विजय भारत के नेतृत्व में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर हिस्सा लिया। मुक्तेश्वर नाथ बड़ा मंदिर से यह यात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और पंजाबी धर्मशाला, शिव मंदिर, विश्नोई सराय तक सैकड़ो भक्तों के साथ पहुंचकर समाप्त हुई।



### कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत

श्रद्धालुओं ने हरि नाम संकीर्तन करते हुए भक्तिमय वातावरण बनाया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने कलश यात्रा का स्वागत किया।

इस अवसर पर विजय भारत, संजीव मेहता, रमेश मेहता, सुनील अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अमोल शुक्ला, प्रेम राज एडवोकेट कलश यात्रा को शोभामान करने वाली महिला सावित्री देवी, ममता अग्रवाल, रजनी मल्होत्रा, सुषमा चंद्रा, वर्षा, बिट्टू टंडन, तनु रानी, प्राची वर्मा, रेखा मेहता, कांता टंडन, बुलबुल वर्मा, मधु गिलोत्रा, वैशाली, रेनू मेहता, रमा मेहता, हिमानी, आंचल, मुस्कान जैन, मयरा मेहता, साक्षी मेहता, हिमांशु भारद्वाज, दिव्यांशु भारद्वाज, आदित्य चौहान, यश वर्मा, कुणाल वर्मा, हर्ष वर्मा, तुषार वर्मा, उज्जवल चन्द्र, ध्रुव वर्मा, अनमोल रस्तोगी, रितिक जाटव, वरुण शर्मा, कृष्णा शर्मा, सुधांशु सैनी, सागर बिष्ट, दीपू अग्रवाल, आयुष आदि भागवत प्रेमी मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार कथा का कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 2 बजे से 5 बजे तक चलेगा।

# हमले के आरोपी नहीं हुए गिरफ्तार

## परिजन ग्रामीणों के साथ एसपी ऑफिस पहुंचे, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गजरौला अचपल ग्राम में एक नाबालिग पर हुए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर ग्रामीण और पीड़ित परिवार एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मिलकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की।



यह मामला बिजनौर कोतवाली शहर क्षेत्र के गजरौला अचपल ग्राम का है। क्षेत्र पंचायत सदस्य जोली राजपूत ने बताया कि 26 सितंबर की रात उनका बेटा रामलीला देखने गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके नाबालिग बेटे पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। हालांकि, एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस मामले में किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी खुलेआम ग्राम में घूम रहे हैं, जिससे उनके बच्चे डर के कारण स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। दीपावली जैसे त्यौहार पर भी परिवार को भयभीत वातावरण में घर में रहना पड़ा। परिजनों का कहना है कि वे घर से बाहर निकलने से भी डरते हैं, जबकि आरोपी पुलिस कार्रवाई से बेखौफ नजर आ रहे हैं। पीड़ितों ने पहले भी कई बार थाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। अब उन्होंने उच्च अधिकारियों से न्याय की उम्मीद में एसपी कार्यालय का रुख किया है।

# गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर निकाली प्रभातफेरी

## गुरुद्वारा प्रधान सरदार केवल पाल सिंह के घर प्रभातफेरी का फूलों की वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत सभा नगीना द्वारा सोमवार से प्रभात फेरियां प्रारंभ हो गई हैं।

पहली प्रभात फेरी संगतों द्वारा बड़ी ही श्रद्धा के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा संत सभा से प्रातः 5.50 पर प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, तुलाराम रेस्टोरेंट, रोडवेज बस स्टैंड, चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी होते हुए आजाद कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा प्रधान सरदार केवल पाल सिंह के घर गई, जहां परिवारजनों द्वारा प्रभातफेरी का स्वागत फूलों की वर्षा कर किया गया। शब्द कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के बाद प्रभातफेरी वापस गुरुद्वारे पहुंच कर संपूर्ण हुई। प्रभात फेरी में आगे निशानसाहिब और बाकी संगत शब्द कीर्तन करते हुए उनके पीछे चल रही थी।



प्रभातफेरी में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना सरदार केवल पाल सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह, भाजपा नेता रोहित रवि, मनोज टंडन, सरदार हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। संगत में जगप्रीत सिंह, हरविंदर सिंह, चारु मल्होत्रा, मनप्रीत कौर, दीपक मलहोत्रा, दयाराम, कुशदीप सिंह, बलविंदर सिंह, अमन मल्होत्रा, अजीत कौर, रविंदर कौर, अवनीत कौर, मोनिका कालरा, पूजा चोपड़ा, कमलजीत कौर, बाबूराम, शीला देवी, रेखा देवी, विकास कुमार व अनेकों लोग शामिल रहे। संगतों द्वारा किए गए शब्द कीर्तन से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया था। बताते चले कि पांच नवंबर को श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा संत सभा नगीना में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में 03 नवंबर को गुरुद्वारा दीवान हाल में श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किए जाएंगे, जिसकी संपूर्णता 05 नवंबर को होगी। तत्पश्चात कथा विचार एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा और गुरु का लंगर बरताया जाएगा।

## एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक विजेताओं को दी प्रोत्साहन राशि




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 20वीं एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रोलर डर्बी स्पर्धा में रजत (सिल्वर) पदक अर्जित करने वाली जनपद की तीन खिलाड़ी कुमारी वैष्णवी शर्मा, कुमारी श्रेया एवं आकृति सोरियान को जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति, बिजनौर की ओर से रुपये 25-25 हजार अर्थात कुल रुपए 75,000/- (पचहत्तर हजार रुपये) की आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि इन्हें पूर्व में भी इसी प्रतियोगिता के लिए समान प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी।

जिलाधिकारी बिजनौर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कुमारी वैष्णवी शर्मा, कुमारी श्रेया और आकृति सोरियान ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से बिजनौर जनपद का नाम ऊंचा किया है। जिला प्रशासन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करता रहेगा, ताकि वह भविष्य में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि खेल भावना और समर्पण के साथ आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा हैं और प्रशासन उनके सर्वांगीण विकास के प्रति कटिबद्ध है।

इस अवसर पर राजकुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव, जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति, बिजनौर ने कहा कि खिलाड़ियों को दी गई यह आर्थिक सहायता उनके कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के सम्मान में है। इससे अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें।

## नूरपुर में 29 को ऑल इंडिया मुशायरा

**बिजनौर।** आपसी भाईचारे को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नूरपुर में 29 अक्टूबर को रात्रि आठ बजे खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में ऑल इण्डिया मुशायरा आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुशायरा कनवीनर नौजवान शायर कुंवर नबील मिकरानी ने बताया कि मुशायरे की निजामत जाने-माने नाजिम नदीम फारूख करेंगे। मुख्य अतिथि फजलुर्रहमान अंसारी होंगे। मंच की जिम्मेदारी सरदार गुरचरन सिंह संभालेंगे। मुशायरे की तरतीब महमूद हसन मिकरानी के हाथों में है। उन्होंने बताया कि नूरपुर में यह मुशायरा लगातार चौथी बार हो रहा है।

## मनुष्य जीवन एक जंक्शन : दास गदाधर

**बिजनौर।** स्वामी भक्ति वेदांत नेत्र चिकित्सालय बिजनौर के तत्वावधान में बिजनौर क्लब के प्रांगण में भक्ति सेवा यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्ति वेदांत विद्या भवन गुरुकुल के संस्थापक एवं निदेशक श्रीमान दास गदाधर प्रभु जी ने 'दस दिशाएं बारह हाथ' विषय पर प्रवचन करते हुए मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन के उपाय बताये। कहा कि मनुष्य जीवन जंक्शन की तरह है, जहां से सही दिशाओं से ईश्वर प्राप्ति का मार्ग मिलता है। उन्होंने महाभारत के अनेक प्रसंगों का वर्णन करते हुए भक्ति मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। डॉ. बीरबल सिंह, डॉ. मेजर अभिनव सिंह, डॉ. इला चौधरी, इंजी. आरूषि सिंह, नंदिनी सिंह, अर्जुन सिंह कांगड़ा, प्रशांत महर्षि, लाला विवेक गुप्ता, अंशुमान सिंह आदि ने प्रभु जी का स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शिकायत

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत जलालाबाद के मौहल्ला हरिजन बस्ती निवासी मौहम्मद असलम ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में कहा कि नगर पंचायत जलालाबाद कार्यालय में नईम अंसारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। नगर पंचायत में इसका सफाई संबंधी कार्य है। मगर इस कर्मचारी को आफिस में कुर्सी पर बैठाकर आफिस के लिपिक का काम कराया जा रहा है। आरोप है कि उक्त कर्मचारी नगर पंचायत की जनता को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्य के लिए परेशान करता है। आरोप है कि लोगों को काम कराने के लिए नगर पंचायत कार्यालय के बार-बार चक्कर लगवाता है। मौहम्मद असलम ने मामले की जांच कराकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से उसका जो कार्य है वहीं कार्य कराने तथा आफिस के काम से हटाने की मांग की।

# डीएम ने ली जिला स्तरीय समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जिला सेवा योजन अधिकारी को निर्देशित किया कि व्यवसायिक शिक्षण संस्थानों, कारखानों एवं औद्योगिक आस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में आसानी के साथ ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राइट अप तैयार कर आईटीआई, पॉलिटेक्निक, व्यावसायिक शिक्षण संस्थान कारखाने तथा औद्योगिक स्थानों में वितरित करना सुनिश्चित करें, ताकि रोजगार के इच्छुक युवा एवं विभिन्न हुनरों के श्रमिक सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण करा कर रोजगार प्राप्त कर सकें।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में दोपहर 12:30 बजे आयोजित उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन योजना शुरू की गई है। इस मिशन के तहत, राज्य सरकार विभिन्न उद्योगों और कंपनियों के साथ साझेदारी कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी।

उन्होंने रोजगार मिशन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं को उनके जिले में ही रोजगार के अवसर प्रदान करना, युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुसार कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना, एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर बढ़ाना, कौशल विकास तथा स्वय रोजगार के अवसरों का सृजन करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत प्रदेश एवं जिला स्तर पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उनके जिले में ही प्राप्त होंगे, जिससे जिले के शहरी एवं ग्रामीण विकास को एक नई दशा प्राप्त होगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी एवं प्राइवेट संस्थान भी मेन पावर्स की आवश्यकता की पूर्ति के लिए उक्त पोर्टल पर पंजीकरण कराएं ताकि जिले के बेरोजगारों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त होने पर उसका प्रचार प्रसार करना भी सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर परियोजना निद. ेशक डीआरडीए दिनकर भारती, उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा, जिला सेवायोजन अधिकारी, उपयुक्त उद्योग, उपयुक्त मनरेगा, सहायक श्रम आयुक्त सहित अन्य विभागों के अधिकारी, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं प्रतिनिधि मौजूद थे।

## पीएनबी में चल रही मनमानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पंचायत नेशनल बैंक शाखा शाहपुर जमाल (भूतपुरी) पर बैंक के खाता धारकों द्वारा बैंक कर्मचारियों के खिलाफ नाराजगी जताई।

### खाताधारकों ने जताई नाराजगी

खाता धारकों का कहना है कि बैंक कर्मचारी अपनी मनमानी से कामकाज करते हैं। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार भी करते हैं। बैंक खुलने का समय सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक तय है। लेकिन कई बार बैंक देर से खुलता है और ठीक चार बजे गेट बंद कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पीएनबी शाखा में सभी खाता धारक ग्रामीण क्षेत्र के किसान और मजदूर वर्ग के है। खेती-बाड़ी और मजदूरी का काम छोड़कर बैंक आते हैं। कर्मचारियों की सुस्त चाल से कार्य करने के कारण लम्बी लाइन लगने के बाद शाम चार बजे तक नम्बर नहीं आता। शाखा पर मौजूद एक महिला उपभोक्ता ने बताया कि बैंक जल्दी बन्द होने से पेमेंट विड्रॉ नहीं होने की वजह से दवाई, फीस और घरेलू खर्च रुक जाते हैं। उपभोक्ता ग्रामीणों ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर से मांग की है कि बैंक समय पर सुबह दस बजे खोला जाए। कार्य समाप्ती समय शाम पांच बजे तक बढ़ाया जाए। भीड़ अधिक होने पर टोकन सिस्टम लागू किया जाए और महिलाओं, बुजुर्गों तथा किसानों को प्राथमिकता दी जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बैंक जन सुविधा के लिए होता है, न कि बैंक कर्मचारियों की मनमानी और उपभोक्ताओं का साथ अभद्र व्यवहार करने के लिए होता है।



## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा लड़का नितिन मेरे कहने-सुनने में नहीं है और न ही मेरे साथ रहता है। मैं उसके किसी कृत्य व लेन-देन का जिम्मेदार नहीं हूं। मैंने नितिन से अपने संबंध विच्छेद कर लिए है। मेरी चल व अचल सम्पत्ति से नितिन का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

**तिलकराम पुत्र होरी सिंह, निवासी मौहल्ला आचारजान, कस्बा व थाना शेरकोट, जिला बिजनौर।**

# गुलदार से बचाव के लिए कार्यक्रम

## गुलदार के हमले से घायलों को आठ माह बाद भी नहीं मिला मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में वन विभाग द्वारा गुलदार से बचाव के लिए आयोजित कार्यक्रम में पूर्व में गुलदार के हमले से घायल हुए लोगों ने 8 माह बाद भी मुआवजा नहीं मिलने पर मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक परिसर में वन विभाग द्वारा गुलदार से बचाव के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गुलदार से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि जंगल में काम करते समय समूह में जाएं और बैठकर काम न करें। बच्चों को जंगल में नहीं ले जाने की हिदायत दी गई। इस मौके पर ग्राम अमीनाबाद निवासी सुदेश कुमार ने डीएफओ को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि करीब आठ माह पूर्व जंगल में उसके पुत्र रोनित उर्फ रोहन पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया था। उसके उपचार में उसका काफी



धन खर्च हो गया और उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई। 8 माह बीत जाने के बाद भी उसे कोई मुआवजा नहीं मिला। जनसुनवाई पर शिकायत में उसे बताया गया कि आपको मुआवजा दिलाने का प्रस्ताव पास हो चुका है, लेकिन मुआवजा बजट प्राप्त होने पर ही मिलेगा। सुदेश कुमार ने मुआवजा दिलाने की मांग उठाई। डीएफओ ने उसे शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर डीएफओ अभिराज सिंह, वन रेंजर शशांक गुप्ता के अलावा महेश गौतम, हरदेव सिंह, शुभम मलिक, राणा प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, बीडीओ प्रताप सिंह, शोभित त्यागी आदि मौजूद रहे।

# तीसरी आंख की निगरानी में लगेगा गंगा स्नान मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महात्मा विदुर के तपोभूमि विदुर कुटी पर प्रत्येक वर्ष की भाति लगने वाले कार्तिक गंगा स्नान मेले को लेकर जहां जिला पंचायत द्वारा विभिन्न प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं। वहीं पुलिस प्रशासन के आहा अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्य योजना बनाने में लगे हैं। इसके तहत मेले में दो थाने और आठ चौकियां बनाई जाएंगी। सीओ संग्राम सिंह को मेला प्रभारी बनाया गया है।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही मेले की निगरानी के लिए लगभग ढाई दर्जन सीसीटीवी कैमरे तथा दो ड्रोन भी तैनात रहेंगे। मेले में इस गंगा वर्ष स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर 24 घंटे चार मोटर वोट व गोताखोर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में

## महाराजा टैंट होंगे आकर्षण का केन्द्र

तैनात रहेंगे। इसके लिए मेले में एक अलग से जल चौकी भी बनाई जाएगी। मेले में महाराजा टेंट विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगे, जिनमें सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले को आठ सेक्टर में बांटा गया है। जिनमें प्रत्येक सेक्टर के लिए एक अलग अधिकारी की नियुक्ति की गई है तथा मेले के प्रत्येक चौराहे पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं जिला पंचायत द्वारा मेले की सुंदरता बढ़ाने के लिए मेले के चौराहा पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे तथा जिला पंचायत द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए रात्रि में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कराया जाएगा। मेले में विभागीय प्रदर्शनी के लिए भी टेंट लगने प्रारंभ हो गए।

## एक नजर

### बुखार से पीड़ित युवक की मौत



**नांगल सोती।** ग्राम चमरौला निवासी ऋतिक सहरावत (21 वर्ष) पुत्र सुनील कुमार दीपावली से बुखार से पीड़ित था। शनिवार की रात्रि उसकी हालत बिगड़ने पर परि. जनों ने उसे बिजनौर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत चिंताजनक देखते हुए उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। बीती रात्रि उपचार के दौरान ऋतिक की मौत हो गई। ऋतिक हरिद्वार में रहकर एक कंपनी में नौकरी करता था। उसके परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। सोमवार को नांगल सोती गंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### उत्तम शुगर मिल में बॉयलर पूजन



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में बॉयलर में अग्नि प्रज्वलित कर पूजन किया गया। चीनी मिल नवंबर के प्रथम सप्ताह में पेराई सत्र का शुभारंभ करेंगी। पंडित राजेंद्र प्रसाद ने हवन पूजन किया। मुख्य यजमान चीनी मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने हवन में आहुति देकर बॉयलर में अग्नि प्रज्वलित की। नरपत सिंह ने बताया कि चीनी मिल नवंबर के प्रथम सप्ताह में पेराई सत्र शुरू करेगी। उन्होंने किसानों को कोल्हू-क्रेशर पर गन्ना न डालकर चीनी मिल को आपूर्ति करने और उत्तम वैरायटी के गन्ने की बुवाई करने की सलाह दी। इस मौके पर अतेन्द्र शर्मा, गन्ना महाप्रबंधक विकास पुंडीर, कुलदीप सिंह, अनिल शर्मा, अर्जुन कौशिक, अखिलेश गुप्ता चांदवीर सिंह, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**धामपुर।** ग्राम अमीनाबाद में स्थित प्रमोद कुमार शर्मा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेवा चली यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को संस्था द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में मोहित कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, उज्जवल शर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद भगवत भक्ति प्रचार मंडल से महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, विजय शर्मा, प्रवेश मिश्रा, संजीव शर्मा, मनोज कुमार आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### सीएचसी में एएनएम की समीक्षा बैठक



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने की। बैठक में सभी एएनएम ने भाग लिया। बैठक में परिवार कल्याण, टीकाकरण, आभा आईडी, यूविन डेटा, आरसीएच डेटा सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डॉ. स्नेही ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी एएनएम को नियमित रूप से डेटा अपडेट करने और रिकॉर्ड को व्यवस्थित रूप से संधारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने एचएमआईएस रिपोर्ट, ई-कवच फीडिंग, आभा कार्ड निर्माण, सी-बैक फॉर्म तथा जनसंख्या अपडेट पर विशेष रूप से जोर दिया। टीकाकरण में लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी एएनएम को यूविन पोर्टल पर समय से फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, आईओ वीर सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर राजेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, डेटा ऑपरेटर अनम व राशि तथा महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर कविता शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी



**धामपुर।** पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 13 दिवसीय प्रकाश पर्व के अंतर्गत चौथे दिन नगर में विशाल प्रभातफेरी निक. ाली गई। गुरुवाणी के मधुर स्वर से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, पंजाबी कॉलोनी से प्रभातफेरी का शुभारंभ गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट और सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के नेतृत्व में हुआ। प्रभातफेरी जब मौहल्ला बाड़वान स्थित नितिन सैनी भवन पर पहुंची, तो समाजसेवी नितिन कुमार सैनी सर्राफ और उनके परिवार ने ऐतिहासिक स्वागत कर मिसाल कायम कर दी। संगत पर पुष्पवर्षा की गई और विभिन्न व्यंजनों का गुरु महाराज को भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। सैनी भवन में हुए सामूहिक कीर्तन और 'वाहेगुरु' की ध्वनि से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने अरदास कर आयोजक परिवार की उन्नति की प्रार्थना की। कार्यक्रम परिवार की संरक्षक माता राजकुमारी सैनी के संरक्षण में हुआ। मुख्य आयोजक नितिन कुमार सैनी सर्राफ, मालती देवी सैनी, दक्ष कुमार सैनी और गोविंद कुमार सैनी को गुरुद्वारा प्रबंध समिति की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने डीएम के आदेश पर एक गैंग पर गैंगस्टर का मुकदमा लिख आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

विदित हो कि बीते वर्ष 2024 के अक्टूबर माह में गैंग लीडर रवि उर्फ कतली और उसके गुर्गों मोहित कश्यप पुत्र सुमेर सिंह निवासी ग्राम रजोपुरा, थाना नगीना, शांतनु पुत्र जगदेव सिंह राठी निवासी मुस्तफापुर किरतपुर, फिरोज अख्तर पुत्र मुस्तकीम निवासी मौहल्ला अंसारियान, थाना किरतपुर, मोहित पुत्र धर्मेंद्र निवासी भूड़पुर, थाना किरतपुर, संतोष पुत्र सदाशिव निवासी मौहल्ला चौहानान, थाना किरतपुर ने हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद पुलिस ने चोरी किए गए माल के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेज दिया था। जहां ये पांचों अभियुक्त जेल से बाहर आ गए थे। वहीं इनका साथी और गैंग लीडर रवि उर्फ कतली अभी भी जेल में मौजूद है। उधर पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के आदेश पर इन अभियुक्तों की गैंग को चिन्हित कर इन पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कर इन्हें जेल भेजा है। इन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में हीमपुर दीपा थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी द्वारा सीओ चांदपुर के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया। जिसके फलस्वरुप इन पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

शातिर अभियुक्तों में मोहित कश्यप पर 10 मुकदमें, अभियुक्त शांतनु पर भी 10 मुकदमें, फिरोज अख्तर पर दो मुकदमें, मोहित पर भी दो मुकदमें, तो संतोष पर भी दो मुकदमें दर्ज हैं।

# स्योहारा में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

## विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** हाजी अब्दुल कदीर मंसूरी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन बीती रात एम.क्यू. इंटर कॉलेज के मैदान में हुआ।

यह टूर्नामेंट नगर के खेल प्रेमियों में उत्साह का केंद्र बना रहा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया और कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मैच उस्मान नगर और सीमला टीमों के बीच खेला गया, जिसमें उस्मान नगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नजीबुल हसन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवा पीढ़ी को अनुशासन, एकता और आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि स्योहारा क्षेत्र में इस तरह के आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें एक बेहतर दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक सोच जगाने में ऐसे कार्यक्रम अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं मुख्य अतिथि मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि खिलाड़ी जब मैदान में उतरते हैं तो वे केवल अपनी टीम नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन असली जीत खेल भावना की होती है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, ताकि स्योहारा का नाम जिले और प्रदेश स्तर पर रोशन हो। समापन अवसर पर मौजूद अतिथियों ने हाजी अब्दुल कदीर मंसूरी की स्मृति में आयोजित इस टूर्नामेंट को समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया। उन्होंने आयोजकों की मेहनत और सहयोग की जमकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक आसिफ मंसूरी, आरिफ शेख, नजम रिजवान, साजिद सभाकत अकफुल रहमान, ऐवलान, साहिल, इकबाल और अनस चौधरी का विशेष योगदान रहा।

# विदुर स्टोर खोलने को लेकर व्यापारियों का विरोध

## अधिकारियों से वार्ता एवं आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर की बड़ी मंडी में विदुर स्टोर खोले जाने को लेकर व्यापारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने धरना शुरू कर दिया और नारेबाजी करते हुए विदुर स्टोर का निर्माण कार्य रुकवा दिया।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत जिला प्रशासन ने धामपुर की बड़ी मंडी में विदुर स्टोर खोले जाने के लिए सहमति दी थी। ग्राम ठाठजट निवासी नंद रानी को इस स्टोर के संचालन की अनुमति दी गई थी। जैसे ही नंद रानी ने पालिका द्वारा आवंटित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कराया, बड़ी मंडी के व्यापारियों ने विरोध तेज कर दिया।

व्यापारियों का कहना है कि जिस भूमि पर निर्माण हो रहा है वह उनकी निजी जमीन है, न कि नगर पालिका की। व्यापारियों ने बताया कि




वे और उनके परिवार पिछले करीब 100 वर्षों से उसी भूमि पर व्यापार कर रहे हैं।

उनका दावा है कि पालिका स्वयं आरटीआई के माध्यम से यह लिखित जानकारी दे चुकी है कि यह भूमि पालिका की नहीं है।

सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि विदुर स्टोर को किसी अन्य स्थान पर खोले जाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा जाएगा।

अधिकारियों की समझाने पर व्यापारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान अजय अग्रवाल, पिंटू, विपुल जैन, सचिन सिंघल, मनोज अग्रवाल, राजीव कुमार, नरेंद्र गुप्ता, पंकज अग्रवाल, संजय अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# शफीपुर नंगली में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव शफीपुर नंगली में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जगह-जगह शराब का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे सामाजिक वातावरण बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने इस मामले की शिकायत एसपी से करने का निर्णय लिया है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के कुछ असामाजिक तत्व लंबे समय से अवैध शराब का धंधा कर रहे हैं। इसके कारण गांव के युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। नशे में धुत युवक आए दिन घर-परिवार में विवाद और मारपीट करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों का जीवन संकटमय बन गया है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि शाम होते ही कई स्थानों पर शराबखोरी का माहौल बन जाता है, जिससे वे घर से बाहर निकलने में भी डर महसूस करती हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार पुलिस को मौखिक रूप से शिकायतें दी गईं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई। अब उन्होंने सामूहिक रूप से पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर लिखित शिकायत देने का निर्णय लिया है, ताकि गांव में अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई हो सके। आरोप है कि शराबियों द्वारा घर से बाहर घरेलू कार्य से आवागमन में छींटाकशी करते हैं। इससे उनका घरों से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों ने इस मामले में हल्का दरोगा पवमेंद्र सिंह से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर मौखिक शिकायत की है कि, लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया।

उन्होंने गांव में सघन अभियान चलाकर अवैध शराब विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके और गांव में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बहाल हो।

# श्री श्याम जन्मोत्सव पर निशान ध्वज नगर परिक्रमा यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से आयोजित दो दिवसीय छठे विशाल श्री श्याम जन्मोत्सव के पहले दिन नगर में भव्य निशान ध्वज नगर परिक्रमा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

151 निशान ध्वजधारी श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों ने यात्रा में भाग लिया। प्रभु भक्ति से सराबोर यह यात्रा नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई शुभम मंडप पहुंचकर संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, योगेश कुमार रस्तोगी, डॉ. अंकुर वर्मा, गौ रक्षक संयम कुमार जैन और बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख अतुल कुमार सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से नारियल भंजन कर यात्रा का शुभारंभ किया।

## यात्रा का नगर में पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत

पूजन कार्यक्रम प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज और मंदिर के पुजारी आचार्य परितोष शास्त्री के मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान नगर खाटू श्याम के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा में ट्राईसाइकिल पर सवार बैसाखी धारी विकलांग राम अवतार सैनी आकर्षण का केंद्र बने।

इस दौरान सुसज्जित रथ पर विराजमान बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। यात्रा मार्ग में भक्तों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और जलपान की व्यवस्था की।

# विवेक हॉकी कप टूर्नामेंट 19 नवंबर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चाँदपुर।** स्व. बाबू कैलाश चंद मित्तल और स्व. इकबाल सिंह लोहिया मेमोरियल की ओर से द्वितीय विवेक हॉकी कप टूर्नामेंट का आयोजन 19 से 23 नवंबर तक होगा।

चांदपुर हॉकी सोसाइटी के सदस्यों द्वारा प्रमुख आयोजकों और शहर के गणमान्य लोगों से मिल टूर्नामेंट रूपरेखा पर चर्चा के बाद निष्कर्ष निकाला गया है। इस आयोजन पर टूर्नामेंट के सफल आयोजन एवं सहयोग के लिए



मौहम्मद अतहर अजान ग्रुप दिल्ली, विवेक कर्णवाल आधारशिला स्कूल चांदपुर, गोविन्द मित्तल, अरविन्द एवं अमित मित्तल चांदपुर पेपर मिल, अरविन्द अग्रवाल हेजलमून स्कूल द्वारा अग्रिम बधाई दी गई। हिन्दू इन्टर कालेज प्रबंधक सीमिति प्रभाष मित्तल और प्रधानाचार्य रविन्द्र शर्मा ने पूरे सहयोग के लिए आश्वासन दिया।

टूर्नामेंट में चांदपुर नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे, रामपुर हास्टल, हरिद्वार हास्टल, गाजियाबाद, बरेली, बिजनौर एव क्षेत्र की अन्य टीमें भाग लेंगी। यह जानकारी चांदपुर हॉकी सोसाइटी के कोच कमलेश यादव, मीडिया प्रभारी विकास गोयल, शैलेन्द्र लोहिया और कार्यकारी प्रभारी रऊफ अहमद व अफजल फारूकी ने दी।

# डूबते सूर्य को अर्ध्य देकर सुख-समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल परिसर में छठ महापर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मिल परिसर स्थित घाट पर श्रमिकों एवं कर्मचारियों के परिवारों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ छठ माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने व्रत रखकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंगलवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन किया जाएगा। पूजा स्थल पर धार्मिक वातावरण देखने को मिला। चारों ओर छठ गीतों की गूंज, सजाए गए घाट और रोशनी



## धामपुर शुगर मिल में छठ पूजा

से सजी हुई सजावट ने पूरे माहौल को भक्ति से भर दिया।

इस अवसर पर पूजा में भाग लेने वाले परिवारों में बलराम सिंह, चंदा देवी, बिंदेश्वर साहनी, सुनीता देवी, कौशल साहनी, पिंकी देवी, अनिल उपाध्याय, पायल उपाध्याय, मनोज कुमार, काजल देवी, सुनील उपाध्याय, ममता उपाध्याय, वीरेंद्र यादव, कौशल्या यादव, चंद्रवली राय, अनीता देवी, सलेश कुमार यादव, सुनीता यादव, बब्बन सिंह, नीलू देवी, विजय गुप्ता (डीएसएम) सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

छठ पर्व के आयोजन में सभी ने एकजुटता और सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर श्रमिकों और कर्मचारियों ने कहा कि यह पर्व न सिर्फ आस्था का प्रतीक है, बल्कि मिल परिवार के बीच पारस्परिक भाईचारे और एकता को भी मजबूत करता है।

# मौसम ने ली करवट दिलाया ठंडक का अहसास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अब तक गर्मी का अहसास करा रहा मौसम ने करवट ले ली है। मौसम विभाग के बारिश होने की चेतावनी के तहत सुबह से ही बादल छाये रहे,जबकि मंद हवाओं के झोंकों ने दिन भर ठंडक का अहसास कराया।

**सुबह से छाये रहे बादल, हल्की धूप में भी गर्मी का नहीं असर**

अक्टूबर माह समाप्त होने में चार दिन बचे हैं। इस माह में ठडक का खूब अहसास होने लगता था। पूर्व बरसों में इस माह में हल्के गर्म वस्त्र धारण किए लोग सड़कों पर दिखायी दे जाते थे जबकि पंखे और कूलरों को भी बंद कर कपड़े आदि में लपेट दिए जाते थे, मगर इस बार पंखे आदि बंद करना तो दूर ठंड का अहसास भी नहीं हो पा रहा था। एक दिन पूर्व मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया था। इसी के तहत सोमवार को सुबह से ही बादल छाये रहे। हालांकि कुछ समय बाद मंद गति से सूर्य की चमक दिखायी दी, लेकिन कभी बादल कभी धूप के चलते सूरज की गर्मी का अहसास नहीं हो सका। जबकि ठंडक का अहसास ज़रूर हो सका। भोर में ही ठंड के असर के चलते हल्की चादर आदि ओढ़कर पंखों के नीचे लेट कर खर्राटें भरने वालों को पंखे और कूलरों को बंद कर चादर तानकार सोने को मजबूर होना पड़ा। जबकि दोपहर को गर्म रहने वाले मौसम में भी सर्दी का अहसास खूब हुआ। दो पहिया वाहनों से मार्गों पर खर्राटे भरने वाले लोगों को भी ठंडे के साथ ही इधर-उधर आने जाने में हुआ। हालांकि बरिश तो नहीं हुई, मगर ठंड ने अपना अहसास कराया। इसके अलावा अब तक संदूक व अल्मारियों में कैद गर्म वस्त्र भी छतों, छज्जों पर सूखते दिखायी दिये। ठंड की आहट से दुकानों पर भी गर्म वस्त्रों की खरीद की जाने लगी है। इससे बाज़ार में भी चहल-पहल दिखायी दी। सांय को दो पहिया वाहन पर बिन गर्म वस्त्रों के चलना कुठ कठिन हो गया। इसीलिए सड़कों पर चहल-पहल भी जल्दी बंद हो गयी और लोग जल्दी ही अपने अपने घरों को रवाना हो गए।

# एक लाख बीस हज़ार में फसल को किराए पर दी गई थी भूमि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र से सटी मौहल्ला शेर खां सराय स्थित भूमि को अवैध कब्ज़ेदार ने 1,20,000 रूपये किराया वसूल रहा था।

मौहल्ला हल्लू सराय नगर पालिका सीमा क्षेत्र से सटी ग्राम शेर खां सराय स्थित गाटा संख्या 95/0.563 और 112/1,129 (कुल 27 बीघा) श्रेणी 6(2) भटटे के नाम दर्ज है। इस बेशकीमती हो चुकी इस भूमि पर बरसों पूर्व कब्ज़ा कर लिया गया था। पूर्व राजस्व प्रशासन की अंदेखी अथवा मिली भगत से करोड़ों कीमत वाली इस भूमि को कब्ज़ा मुक्त नहीं

**बीस बीघा भूमि पर किया जा रहा था खेती का कार्य**

कराया गया था। जबकि राजस्व अभिलेखों में आज भी भूमि सरकारी के रूप में दज है। इतना ही नहीं आरोप है कि अवैध रूप से भूमि को कब्ज़ाने के आरोपी मौहल्ला ठेर निवासी हरिओम गुप्ता ने बीस बीघा भूमि 1,20,000 मौहल्ला हल्लू सराय निवासी ताराचंद नाम के व्यक्ति को दी गई थी। जिस पर वह खेती कर रहा था। सोमवार को तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, लेखपाल राहुल धारीवाल, लेखपाल ज्ञानेश कुमार की टीम ने नगर पालिका परिषद के बुल्डोजर जस्टिस से इसे कब्ज़ा मुक्त कराया तब हकीकत सामने आयी कि कब्ज़ेदार किराए पर भूमि देकर खेती का कार्य करा रहा था।



सम्भल- हल्लू सराय में 28 बीघा सरकारी भूमि खाली कराने को फसल रौंदता बुलडोजर जस्टिस।

# 28 करोड़ कीमत की सरकारी भूमि कराई कब्ज़ा मुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध रूप से कब्ज़ायी गई भूमियों को मुक्त कराने के अभियान में राजस्व प्रशासन ने बरसों पूर्व कब्ज़ायी गई भूमि को बुल्डोजर जस्टिस से मुक्त कराया है। करोड़ों रूपये कीमत वाली इस भूमि पर फसल उगायी जा रही थी। प्रशासन की कार्यवाही से अवैध कब्ज़ेदारों में हड़कम्प मच गया है।

विगत वर्ष हुई हिंसा के बाद से तीर्थ और कुंआ खोज अभियान के साथ पुलिस और प्रशासन की नजर अवैध रूव से कब्ज़ायी गई सरकारी भूमियों को कब्ज़ा मुक्त कराने की कार्रवाई चल रही है। अवैध कब्ज़ेदारों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान में राजस्व प्रशासन ने नगर क्षेत्र के मौहल्ल शेरखां सराय स्थित 27 बीघा सरकारी भूमि का पता चला। अवैध रूप से कब्ज़ायी गई भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए सोमवार को तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम बुल्डोजर जस्टिस के साथ पहुंची और भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू की। जमीन पर बोई फसल को बुल्डोजर जस्टिस से तहस-नहस कराकर कब्ज़ा मुक्त की गई। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सदर

**भट्टे के रूप में चिन्हित थी जमीन, अभिलेखों में राजस्व विभाग के नाम थी दर्ज ○ फसल को बुलडोजर जस्टिस से किया गया तहस-नहस ○ दो दशक से कब्ज़ा कर की जा रही थी खेती ○ बुलडोजर कारवाई से अवैध कब्ज़ाधारियों में मचा हड़कम्प**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेर खा सराय में करीब 27 बीघा भूमि पर दो दशक से अवैध कब्ज़ा कर लिया गया था।बताया जा रहा है कि भूमि पर हरिओम गुप्ता निवासी मौहल्ला ठेर का कब्ज़ा था। भूमि की कीमत लगभग 28 करोड़ रुपये है।तहसीलदार ने बताया कि यह जमीन राजस्व विभाग के नाम पर दर्ज है, जिस पर करीब दो दशक से कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही थी। बताया जा रहा है कि कब्ज़ा मुक्त करायी गई भूमि भूमि भटटा की जमीन के रूप में चिन्हित थी। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा जिससे किसी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो।

## जीविका पर बुलडोजर चलते देख फफक पड़ी महिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दो दशक पूर्व कब्ज़ायी गई सरकारी भूमि को आसपास के किसानों को किराए पर दिया गया था। अवैध कब्ज़ेदार उनसे हर साल तय शुदा रकम ले रहे थे जबकि गरीब किसान उस पर फसल उगाकर अपना व परिवार की जीविका चला रहे थे। सोमवार को राजस्व प्रशासन भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाठ करा था। खून और पसीने की महनत के साथ भूमि पर फसल उगाही कर रही महिला बुल्डोजर को धधकता देख बुरी तरह फफक पड़ी। रोती महिला अफसरों के सामने ही गिड़गिड़ाती रही और बोली कि बराबर लगान दे रहे थे। फसल ही उनकी जीविका का सहारा थी।

# उर्से यूसुफिया में हुई अमन की दुआ

**नात खवां ने पेश किए मनकबत के नज़राने**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तीन दिवसीय हजरत सय्यद युसूफ मियां रहमतुल्ला अलेह का सालाना उर्स मुबारक कुल शरीफ अदायगी के साथ सम्पन्न हो गया। सज्जादा नशीन ने देश दुनिया और शहर में अमन की दुआ करायी।

नगर के मौहल्ला चौधारी सराय बदायू दरवाजा मुल्लानान गली स्थित खानकाह व दरगाह बजमे चिश्तिया साबरिया युसूफिया अरमुगानिया मे प्रसिद्व सूफी हजरत सय्यद युसूफ हसन चिश्ती साबरी कलंदरी रहमतुल्ला अलेह का सालाना तीन दिवसीय के अन्तिम दिन रात्रि में कव्वाली की महफिल सजायी गई। उर्स में आए नामचीन कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। जबकि सोमवार की सुबह कुल रस्म से पूर्व नात और मनकबत की महफिल आयोजित की गई। तत्पश्चात आयोजित की गई कव्वाली की महफिल में सूफियाना कलाम सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। दोपहर को साहिबे सज्जादा व अध्यक्ष सैयद युनूस मियां ने मुल्क व शहर मे अमन शांति एवं भाईचारे के लिए दुआ कराई। अकीदतमंदों ने दरगाह पर फूल पेश किए। उर्स में आये ज़ायरीनों को तर्बरूक का वितरण किया गया। इस मौके पर मुशर्रफ हुसैन, साबिर हुसैन, शफीक अहमद, बिलाल साबरी, बाबर खां साबरी, सय्यद शान अली, मौलाना फैजुल इस्लाम, मुजफ्फर हुसैन, फरजन्द अली वारसी, मुकीम कुरैशी, अकरम पहलवान वारसी, तौसीफ साबरी, माज साबरी, सय्यद मौहम्मद फैज, मौ. जुबैर, वसीम सलमानी, मौहम्मद फैजान,मौलाना रऊफ, तसलीम साबरी, यासिर वारसी, अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे।


सम्भल- ह. यूसूफ मियां के उर्स के कुल रस्म में दुआ कराते सज्जादानशीन युनूस मियां।

# हिंसा के तीन आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से मिली बेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंसा के आरोप मे जेल मे बन्द तीन आरोपियों को सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। अब तीनो के बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। तीनों की जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज हो गयी थी।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 2024 शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। हिंसा में नामजद और अज्ञात के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे। इन्ही आरोपियों में फैज़ान, दानिश और नाजिर को भी जेल भेजा गया था। तीनों आरोपियों का जामानत आवेदन निचली अदालत ने निरस्त कर दिया था। जबकि उनकी जमानत याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट से भी निरस्त कर दिया गया था। तीनों आरोपियों की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में

**उच्च न्यायालय से हुई थी जमानत याचिका खारिज, विगत वर्ष हिंसा में बनाया गया आरोपी**

जमानत याचिका दायर की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका को मंजूर कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और आर. महादेवन की खंडपीठ ने निचली अदालत को जमानत की शर्तें तय करने का निर्देश दिया है। फैजान निवासी मौहल्ला चौधारी सराय, दानिश निवासी मंडी किशनदास सराय व नाजिर निवासी हिन्दपुरा खेड़ा के हैं। इनमें हिंसा के आरोप मे पुलिस ने फैजान को पिछले वर्ष नवंबर माह तथा दानिश को जनवरी और नाजिर को फरवरी में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अधिवक्ता मौ. तौसीफ ने जमानत की बाबत जानकारी देते हुए बताया कि पहले कुछ मामलों में जमानत याचिका मंजूर हुई, लेकिन कुछ धाराओं में खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। इसको लेकर अधिवक्ता सुलेमान खान ने बताया कि सम्भल कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद वे सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। साथ ही बताया गया कि जमानत का यह कहते हुए विरोध किया था कि आरोपियों की पहचान हुई है, वे कैमरे में कैद हैं और उनसे हथियार बरामद हुए हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जमानत दे दी, इसे फर्जी अभियोजन कट केस बताया। जमानत मिलने के बाद तीनो के बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।

## एक नज़र इधर भी


बबराला-छठ पूजा पर राजघाट पर पूजन करते।

## राजघाट पर हुई छठ पूजा

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** लोकआस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पर राजघाट के गंगाघाट में श्रृद्वालुओं एवं छठ व्रतियों ने पूजा अर्चना की।
छठ का महापर्व मनाया जा रहा है। खरना के साथ ही व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो चुका है। छठ महापर्व के तीसरे दिन यानी सोमवार शाम को सूर्य को अर्ध्य दिया गया। घाटों में इसको लेकर विशेष तैयारियां की गई।घाट पर छठ पूजा का आयोजन हुआ।महिलाओं ने सूर्य को अर्ध्य दिया। गंगा किनारे पूजा कर छठ व्रत किया जा रहा है। महिलाओं ने गंगाघाट राजघाट पहुँचकर पूजा अर्चना की।इस दौरान श्रृद्वालुओं की भीड़ रही।

# महिलाओं को भी पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एम.जी.एम.पी.जी.कालेज में मिशन शक्ति फेस 5 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उनको पुरुषों के समान ही समस्त अधिकार प्राप्त हैं। जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें उनको स्थान प्राप्त न हो। उन्होंने कहा कि आधुनिक समाज में महिलाओं के अधिकारों में शिक्षा, स्वास्थ्य और समान वेतन तक पहुंच के साथ-साथ हिंसा और भेदभाव से मुक्ति शामिल है। भारत में संवैधानिक अधिकार जैसे कि समानता और स्वतंत्रता का अधिकार और विशेष कानून जैसे दहेज निषेध अधिनियम और कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम शामिल है।


सम्भल- मिर्जापुर नसरूल्लापुर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते डीएम।

## डीएम ने किया स्कूल का निरीक्षण

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** विकासखण्ड बहजोई के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर नसरुल्लापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में डीएम ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया जबकि पंजिका की जांच की। इस दौरान रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए बच्चों के अभिभावकों एवं अन्य ग्रामीणों से अधिक से अधिक सुझाव फीडबैक प्राप्त किये जाएं ताकि शासन की नीति निर्माण कार्य में स्थानीय भागीदारी हो सके। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी पोप सिंह एवं अध्यापक आदि मौजूद रहे।

# अस्पतालों में बढ़ी मरीज़ों की संख्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** दीपावली के पांच दिवसीय त्यौहार पर स्वादिष्ट पकवानों का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया, मीठा भी ज्यादा खाया लेकिन अब यह उन्हें भारी पड़ने लगा है। अब अस्पतालों में पेट दर्द, गैस, उल्टी-दस्त और अपच के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार अत्याधिक तली-भुनी चीजें, मिठाइयों में मिलावट और खानपान में अनियमितता इस परेशानी की मुख्य वजह बन रही हैं। सरकारी अस्पताल के डा. विनय गंगवार ने बताया कि त्यौहार पर लोगों ने तली भुनी खाद्य वस्तुओं के साथ ज्यादा चिकनाई वाले खाद्य पदार्थ खूब खाए हैं। युवाओं का पाचन तंत्र मजबूत होने के कारण उन्हें

**पकवानों से पेट गड़बड़ी की समस्याय**

कम परेशानी होती है, लेकिन बच्चों और बुजुर्गों पर इसका अधिक प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि त्योहार के बाद पेट संबंधी समस्या लेकर मरीज आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब कुछ दिन तली-भुनी चीजों से परहेज करें।पर्याप्त मात्र में पानी पिएं और फलों का सेवन बढ़ाएं, पेट में जलन या उल्टी-दस्त की शिकायत पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। अधिक देर तक रखी मिठाइयां या बाजार से खरीदी गईं खुली मिठाइयां न खाएं। नियमित सैर और हल्का व्यायाम करें, ताकि पाचन क्रिया दुरुस्त रहे।

## महिला पुलिस ने दम्पति के बीच कराईं दूरियां खत्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महिला थाना पुलिस का एक और सराहनीय कदम इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। महिला थाना प्रभारी ने एक ऐसा कार्य किया है जिसने रिश्तों में फिर से विश्वास की लौ जला दी। थाना हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन मोहल्ला पीला खदाना निवासी वसीम और उनकी पत्नी फरहा के बीच पिछले डेढ़ साल से विवाद चल रहा था। आपसी विवाद के चलते फरहा अपने मायके चली गई थी और पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती जा रही थीं। फरहा ने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाना हयातनगर में शिकायत भी की थी। मामला महिला थाना बहजोई पहुंचा, जहाँ थाना प्रभारी ने धैर्यपूर्वक दोनों पक्षों को बैठाकर समझाया और सुलह कराने की पहल की। पुलिस के प्रयास रंग लाए और आखिरकार वसीम और फरहा में आपसी सहमति बन गई।

# आत्मनिर्भर संकल्प अभियान में किया जागरूक

**भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया सम्मेलन का आयोजन**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

गवॉं स्थित जुगल किशोर इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने युवाओं को लोकल फॉर वोकल तथा स्वदेशी उपकरणों का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा चौधरी हरेंद्र सिंह ने युवाओं को जागरूक किया और देश प्रथम के मंत्र को युवाओं में साझा किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ट नेता दीपक यादव एव पूर्व चेयरमैन अखिलेश अग्रवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को भाजपा को मजबूत करना है।वह इसमें जुट जाएँ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा शिखर गोयल ने की। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, जिला महामंत्री सोनू चाहल ,मनोज यादव, संजीव शर्मा, अवधेश यादव, अक्षित अग्रवाल, अनूप राघव, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा शांति स्वरूप नीरज यादव जुगल किशोर यादव दीपक शर्मा बलवीर यादव आदि मौजूद रहे।


बबराला- भाजपा के आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान को सम्बोधित करते।


सम्भल- केशोपुर भंडी अम्बेडकर पार्क में गंदगी की सूचना पर पहुंचे आसपा कार्यकर्ता।

## पार्क में गंदगी पर पहुंचे आसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विकास खंड की ग्राम पंचायत केशोपुर भंडी मे डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क पर काफी गंदगी पसरी है। जिसको लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश पनप रहा है। पार्क में गंदगी की सूचना मिलने पर आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवम कुमार गांव पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पार्क के आस पास पसरी गंदगी को बहुत जल्द ही सफ़-स्फ़ाई कर बाई जायेगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रें में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन कुछ जिम्मेदार अधिकारियों के लापरवाही के कारण स्वच्छ मिशन योजना को पलीता लगाया जा रहा है। गांव भंडी में डा. भीमराव अंबेडकर पार्क है पार्क के आसपास काफी गंदगी पसरी हुई है और गंदा पानी पार्क में आ रहा है।आसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवम कुमारने गांव पहुंचकर दलित समाज के लोगों से वार्ता की और समस्या के समाधान को जल्द ही जिला प्रशासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया।

# विद्यालय में करियर मेले का आयोजन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बहलोलपुर विकासखंड गुन्नौर में कैरियर गाइडेंस एवं करियर मेला का आयोजन गुन्नौर खंड शिक्षा अधिकारी एम एल पटेल के निर्देशन में किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता अनुज कुमार वर्मा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बच्चों को करियर के बारे में बताया कि उन्हें आगे कि पढ़ाई के द्वारा क्या-क्या भविष्य में बन सकते हैं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में डाक्टर ममता भारती ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रजपुरा भी उपस्थित रही।उन्होंने भी बच्चों को कैरियर गाइडेंस के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित भी किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की सामना की गई। इसके साथ ही बच्चों को करियर के बारे में बहुत सी बातें बताई गई।बच्चों से भी सभी अतिथियों ने संवाद किया तथा उनसे जाना कि वह भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। विद्यालय स्टाफ जितेंद्र कुमार, सुभाष सिंह तथा एआरपी सौरभ शर्मा उपस्थित रहे।


बबराला- पीएम बलालेपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के करियर मेले में बोलते।

# नामचीनों के कब्रिस्तान में हो रही बेहुरमती

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विकास और जन समस्याओं के लिए हमेश तत्पर रहने के दावे करने वाले राजनेता सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर यह दावे चुनाव और समय असमय करते व सुनते व दिखायी देते हैं लेकिन इनके विकास के दावों असलियत का पता लगाना है तो इनके बुर्जुगों की अन्तिम आरामगाह नरियाई वाले (कब्रिस्तान) में जाकर देखा जाये तो तस्वीर सच्चाई सामने आ जायेगी। क्योंकि अपनों को दफनाकर कब्रिस्तान से वापस जाने वाले नामचीन और राजनेताओं को कब्रिस्तान में किसी साफ सफाई या अन्य कार्य करना तो दूर बल्कि अपने बुजुर्गों की अन्तिम आरामगाह की भी कोई फिक्र नहीं हैं। क्योंकि दबंगों ने कब्रिस्तान के एक हिस्से की भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर उस पर पराली एकत्र कर ली है।

दरअसल पन्जू सराय तश्तपुर गुसाईन स्थित नरियाइ वाले कब्रिस्तान है। कब्रिस्तान के पूर्वी छोर पर रोड किनारे कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा

**नरियाई वाले कब्रिस्तान के एक हिस्से में पराली एकत्र कर लगाई आग**

कर रखा है। जबकि इस कब्रिस्तान में प्रसिद्व हकीम रईसा और पूर्व विधायक व पूर्व चैयरमेन नगर पालिका परिषद नवाब महमूद हसन खां की कब्र भी मौजूद है। लेकिन इसके बाद भी कब्रिस्तान के एक हिस्से पर कब्जा कर पराली का ढेर एकत्र किया जा रहा है। जबकि दबंगों के इस कार्य से कब्रिस्तान की बेहुरमति भी खुलेआम हो रही है। बाउण्ड्री टूटी होने से आवारा पशु भी कब्रिस्तान मे प्रवेश कर जाते हैं। सोमवार को यहां पराली के पूलों के ढेर जलते हुए नजर आये। एनजीअी के नियमों का खुला उल्लघंन कर पराली जलाने से भी दबंग बाज नहीं आये।

**सम्बंध-विच्छेद**

मैने अपने पुत्र मौ. शुएब पुत्र मौ. आसिफ नि. तीमरदास सराय तह. व जिला सम्भल के गलत आचरण के कारण सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का उक्त मौ. शुएब से कोई लेना-देना नहीं है। मेरा पुत्र मौ. शुएब अपने किसी भी कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ. आसिफ पुत्र मौ. आरिफ**
नि. मौहल्ला तीमरदास सराय तह. व जिला सम्भल।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप





**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई ,सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ हत्या का आरोप लगाया, शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पुलिस को दी, सूचना मिलते ही क्षेत्र अधिकारी हाइवे राजेश कुमार,थाना प्रभारी मोहित चौधरी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। जिसके बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पहुंची, मूंढापांडे क्षेत्र के गांव सकटूनगला निवासी जुम्मा पुत्र अहमद जान उम्र 22 वर्ष रविवार की शाम से लपाता था, परिजनों के अनुसार मृतक जुम्मा की दिमागी स्थिति ठीक नहीं थी,परिजनों द्वारा काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया, सोमवार की सुबह खेत पर गए किसानों ने देखा कि एक युवक मृत अवस्था में पड़ा है,इसके बाद किसान ने क्षेत्रीय लोगों को इस बारे में जानकारी दी सूचना मिलते ही आसपास के सभी लोग मौके पर पहुंच गए, मदनापुर के ग्रामीणों ने मृतक युवक की पहचान जुम्मा अहमद जान निवासी सक्टूनगला के रूप में की, इसके बाद लोगों द्वारा मृतक जुम्मा के परि. जनों को सूचना दी सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण गांव के पास में ही बने तालाब पर पहुंचे और जुम्मा को मृत अवस्था में देखकर परिजनों के होश उड़ गए, मृतक जुम्मा की मौत होने से परिजनों और गांव में मातम छा गया,मृतक जुम्मा के परि. जनों ने बताया कि रविवार की शाम समय लगभग 6:30 से हमारा बेटा जुम्मा लापता था जिसकी आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई,जिसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया,मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक जुम्मा के शव कों कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, हाईवे सीओ राज. ेश कुमार , थाना प्रभारी मूंढापांडे मोहित चौधरी ने मृतक के परिजनों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है, तहरीर के आधार पर जांच कर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी

## बैठक में किया स्वदेशी अपनाने का आवाह्न



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल छजलैट के द्वारा हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी की नीतियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह ने लोकल फॉर वॉकल को बढ़ावा देने की अपील की, बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष आंचल चौधरी उर्फ विमला द्वारा की गई। बैठक में क्षेत्रीय संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ हुकुम सिंह आदि काफी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### धनराशि की प्रतिपूर्ति के बाद नए आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग

**मुरादाबाद/लखनऊ।** 27 अक्टूबर स यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने सूचना निदेशक श्री विशाल सिंह से मांग की है कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत शासन से धन आवंटित हो जाने के बाद अब निदेशालय में शीघ्र ही नए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया जाए। इस योजना के अंतर्गत अभी तक शासन से कोई धनराशि आवंटित नहीं किया गया था स जिसकी प्रतिपूर्ति शासन ने 80 लख रुपए देकर कर दी है। उल्लेखनीय है कि यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के पत्रों का उल्लेख करते हुए श्री विशाल सिंह ने 22 मई और 7 जुलाई 2025 को आयुष्मान का काम देख रही स्टेट हेल्थ एजेंसी को शिविर लगाकर नए आयुष्मान कार्ड बनाने एवं निर्गत हो चुके कार्ड में तुटियो के सुधार का अनुरोध किया था। एजेंसी ने कैंप लगाकर सुधार तो किया लेकिन धनराशि आवंटित न होने के कारण नए कार्ड नहीं बनाए थे। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, महामंत्री देवराज सिंह और लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने श्री विशाल सिंह सूचना निदेशक के प्रयासों और प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद जी द्वारा धन आवंटित किए जाने के लिए आभार व्यक्त किया है। यूनियन ने राज्य सरकार द्वारा धन आवंटित किए जाने के बाद कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर गलत सलत बयान दिए जाने को हास्यास्पद बताते हुए कहा है की पेंशन , पीजीआई में मिल रही सुविधा एवं अन्य प्रकरण के लिए यूनियन के पदाधिकारी से मिलकर सही जानकारी लेना चाहिए।

### एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम 29 को एमआईटी में होगा आयोजित



**मुरादाबाद।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी श्री भगवान दास ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्टूबर 2025 को एमआईटी मुरादाबाद में कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सामूहिक लोकगीत, सामूहिक लोकनृत्य, कविता लेखन, कहानी, लेखन, पेन्टिंग एवं डिक्लेमेशन प्रतियोगिता एवं साइंस मेला के अन्तर्गत इनोवेशन प्रोजेक्टों को प्रदर्शित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है।

### क्षेत्रीय विधायक के पिता का बीमारी के चलते निधन, लोगों ने पहुंचकर की शोक संवेदनाएं व्यक्त

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** समाजवादी पार्टी से कांठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमाल अख्तर के पिता नशीरुद्दीन साहब का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। बताया गया कि वह करीब 6 माह से बीमार थे और इस वक्त उनका नोएडा के कैलाश अस्पताल में इलाज चल रहा था लेकिन सुबह उनकी मौत का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शौक की लहर दौड़ गई। कांठ क्षेत्र से विक्रम सिंह यादव, आरिफ मलिक, इकवाल आलम अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की, देर शाम उनको सुपुर्दे खाक किया गया है।



### गाड़ी को टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** गाड़ी को टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ छजलैट पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है डोडी उर्फ हादीपुर निवासी महावीर सिंह का कहना है कि उनका बेटा हेमेंद्र 26 अक्टूबर को करीब 2:00 बजे अपने घर से गांव शुक्ला जा रहे थे।

जैसे ही वह लोग शुक्ला की पुलिया के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे रोडवेज बस चालक ने बस को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए गाड़ी में टक्कर मार दी जिससे हेमेंद्र के सिर में काफी चोट आई और गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल के पिता महावीर सिंह थाने पहुंचे और बस चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# हिन्दू समाज के समक्ष प्रमुख चुनौतियां व समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आज का समाज तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्तर पर अनेक प्रकार की चुनौतियाँ सामने हैं। इस बदलते समय में हिन्दू समाज के समक्ष अनेक गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं ख्र जिन पर सामूहिक जागरण, चिंतन और संगठनात्मक दृढ़ता के साथ काम करने की आवश्यकता है।



हिंसा और असहिष्णु वातावरण कुछ विचारधाराएँ और समूह समाज में हिंसा, भय या वैमनस्य का वातावरण निर्मित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे समय में समाज को सजग, संगठित, सक्रिय और जागरूक रहना होगा। हर हिन्दू को यह समझना होगा कि हम जाति, पंथ, मत और सम्प्रदाय से ऊपर एक हैं ख्र हिन्दू हैं। हमें कानूनी और संवैधानिक दायरे में रहते हुए ऐसे तत्वों को पहचानकर उनके मंसूबों को विफल करना है। धर्मान्तरण की चुनौती ख्र आज विभिन्न माध्यमों से लालच देकर, प्रभाव डालकर, जबरदस्ती या छल-कपट से धर्म परिवर्तन की घटनाएँ सामने आती हैं। कई बार यह लव जिहाद, नौकरी लगवाने, शिक्षा संस्थानों या सामा. जिक सेवाओं के माध्यम से भी होता है। अनेक स्थानों पर हिन्दू बच्चों को "सांस्कृतिक समरसता" के नाम पर ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसमें उनके धर्म-ग्रंथों का उपहास होता है और कुछ धर्मों के प्रति झूठी श्रेष्ठता का भाव चंगाई सभाएं जैसे कृत्यों से ब्रेन वाश किया जाता है। शिक्षा में भारतीय मूल्य-आधारित अध्ययन को बढ़ावा देना। शिक्षकों और अभिभावकों दोनों की भूमिका पुनर्परिभाषित करना।

"गर्व से कहो हम हिन्दू हैं" जैसी भावना को आत्म-सम्मान का प्रतीक बनाना, न कि नारा। धार्मिक स्थल, गौसंरक्षण और सामाजिक विषय गौ-हत्या, मंदिर अधिग्रहण, अवैध धर्मांतरण, और धार्मिक उपेक्षा जैसे मुद्दे केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़े प्रश्न हैं। इन्हें संवैधानिक दायरे में रखते हुए संगठित सामाजिक दबाव और जागरण के माध्यम से उठाना होगा। समाज-जागरण का सबसे सशक्त केंद्र हमारे सन्त-महात्मा और धार्मिक संस्थान हैं। परंतु आज आवश्यकता है कि देश के प्रमुख सन्त अपने नियमित धार्मिक कार्यो के अतिरिक्त युवा सशक्तिकरण की दिशा में अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करें।

समय-समय पर प्रशिक्षण शि. विर, कार्यशालाएँ और संवाद सत्र आयोजित हों। हिन्दू संस्कृति, राष्ट्रीय चेतना, जीवन प्रबंधन और समाज सेवा पर आधारित एक "सिलेबस" तैयार किया जाए। हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि समाज में भय नहीं, विश्वास बढ़े; विभाजन नहीं, समरसता बने; और धर्म केवल पूजा का विषय न रहकर चरित्र, कर्तव्य और संस्कृति का प्रतीक बने। जब प्रत्येक हिन्दू स्वयं को हिन्दू मानकर आचरण करेगा, और सन्त समाज उसे दिशा देगा ख्र तब न केवल चुनौतियाँ समाप्त होंगी, बल्कि भारत फिर से "विश्वगुरु" के मार्ग पर अग्रसर होगा। डॉ पवन कुमार जैन।

# हादसों पर अंकुश लगाने के लिए हाईटेक उपकरणों का होगा इस्तेमाल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर हाईटेक उपकरणों की स्थापना की जाएगी। वित्त मंत्रालय के निर्देश पर परिवहन विभाग ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। इनकी स्थापना स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इंवेस्टमेंट योजना के तहत नगर विकास विभाग, पुलिस, परिवहन विभाग, परिवहन निगम, लोक निर्माण विभाग, यूपीडा, यीडा आदि द्वारा जल्द की जानी है।ऑटोमैटिक नंबर प्लेट,रिकग्निशन कैमरा, स्पीड कैमरा, एआई बेस्ड वॉयलेशन डिटेक्शन ( मोबाइल का इस्तेमाल, हेलमेट धारण नहीं करना, गलत दिशा में वाहन चलाना), रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्टर, डिजिटल साइनेज, वैरिएबल मैसेज साइन, बॉडी वार्न कैमरा, सीसीटीवी, डैशबोर्ड कैमरा, इंटरसेप्टर विद स्पीड गन, वे-इन-मोशन।योजना के तहत हाई रिस्क कॉरिडोर, हाई डेंसिटी कॉरिडोर और क्रिटिकल जंक्शन पर इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेट डिवाइसेज स्थापित किए जाने हैं। हाई रिस्क कॉरिडोर के तहत तीनों तरह की सड़कों का एक किमी लंबाई का वह भाग चिह्नित किया जाएगा, जहां बीते 3 वर्ष में न्यूनतम तीन हादसे हुए हैं। वहीं शहरी और ग्रामीण इलाके की उन सड़कों को भी चिह्नित किया जाएगा, जहां 3 वर्ष में न्यूनतम दो हादसे हुए हैं। प्रमुख जिला मार्ग और अन्य जिला मार्ग का भी यही मानक होगा।इसके अलावा स्कूल और अन्य शैक्षिक संस्थानों के आसपास की सौ मीटर की सड़क भी इसके दायरे में आएगी। साथ ही, जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा नामित सड़कें भी हाई रिस्क कॉरिडोर के तहत शामिल की जाएंगी। वहीं उच्च घनत्व (हाई डेंसिटी) वाले कॉरिडोर के तहत ऐसे स्थान और सड़कें चिह्नित की जाएंगी, जहां यातायात उल्लंघन (ओवर स्पीडिंग, रेड लाइट जंपिंग, लेन अनुशासनहीनता, क्रॉस पेडेस्ट्रियन मूवमेंट) होता है।इसका लक्ष्य पैदल यात्री, दो पहिया वाहन, साइकिल चालकों की हादसे में होने वाली मौतों को रोकना है। वहीं क्रिटिकल जंक्शन के तहत तीनों तरह की सड़कों पर स्थित ऐसे जंक्शन को शामिल किया जाएगा, जहां तीन वर्ष में न्यूनतम एक दुर्घटना हुई है।

## नागरिक एकता परिषद की ओर से आयोजित की गई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नागरिक एकता परिषद की ग्राम आरीखेड़ा में महिलाओं के लिए पॉश अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की वक्ता अधिवक्ता शिखा यादव ने महिलाओं को इस अधिनियम के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की अनुचित टिप्पणी, व्यवहार या दबाव को यौन उत्पीड़न की श्रेणी में रखा गया है, और ऐसी स्थिति में महिला अपनी शिकायत आंतरिक शिकायत समिति या संबंधित विभाग में दर्ज करा सकती है।शिखा यादव ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी। बैठक में रामवती, विमला बाल्मीकि, मंजू शर्मा, मेघा बाल्मीकि, शांति गौतम, वीरवती गौतम, कलावती बाल्मीकि, चमेली, बबली बाल्मीकि, बबिता, तथा किरन बाल्मीकि आदि महिलाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का समापन महिलाओं के आत्मविश्वास और उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ हुआ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्यान्न आपूर्ति को लेकर जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

## मॉडल शॉप निर्माण के लिए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने के लिए सक्रियता बरतने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में उ. प्र. खाद्य सुरक्षा नियमावली 2015 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने पारदर्शी राशन वितरण प्रक्रिया, मॉडल शॉप निर्माण की स्थिति, ई-केवाईसी एवं राशन कार्डों के सत्यापन कार्य की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। जनपद में अंत्योदय योजना के अंतर्गत 30090 और पात्र गृहस्थी के अंतर्गत 520646 कार्ड धारक हैं। इस प्रकार अंत्योदय और पात्र गृहस्थी के अंतर्गत कुल 550736 राशन कार्डों के अंतर्गत 2248723 यूनिट सम्मिलित हैं। जिले में 1225 उचित दर की दुकानें हैं, जिनमें नगरीय क्षेत्र में 265 और ग्रामीण क्षेत्र में 960 उचित दर दुकानें संचालित हैं। इन सभी दुकानों पर ई-पॉस के माध्यम से कार्ड के अनुरूप अनुमन्य राशन वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक उचित दर दुकान की यह जिम्मेदारी है कि वह निश्चित मात्रा में प्रत्येक कार्ड धारक को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही की दशा में कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र और परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे खाद्यान्न की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि खाद्यान्न आपूर्ति में किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं होना चाहिए साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र एवं परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप बच्चों को भोजन की उपलब्धता के लिए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। राशन कार्डों के सत्यापन की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही यूनिट जोड़े जाएं और नवीन राशन कार्ड जारी हों। मॉडल शॉप निर्माण की स्थिति के बारे में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 150 मॉडल उचित दर दुकानों के सापेक्ष 95 उचित दर दुक. ानों के लिए भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसमें से 81 उचित दर दुकानों के संबंध में कार्य योजना शासन को प्रेषित की जा चुकी है। ई-केवाईसी के संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 91.22 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था, जीरो पॉवर्टी एवं प्रवर्तन कार्य सहित अन्य विभागीय कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की।




## नेशनल हाईवे पर डीसीएम से टकराई नीलगाय घायल



**मूढ़ापांडे।** मुरादाबाद-रामपुर नेशनल हाईवे स्थित मौलागढ़ के पास जंगल से निकलकर रोड पार कर रही नीलगाय डीसीएम से टकराकर घायल हो गई, राहगीर अजय यादव ने बताया कि नीलगाय जंगल से निकलकर अचानक से रोड पर आ गई, पहले स्कूटी से हल्की टकराकर डीसीएम में उसका मुंह लग गया जिससे वह घायल हो गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल नीलगाय को रोड से उठाकर साईड में किया। डाक्टर को बुलाकर उसका उपचार कराकर उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

## कैंसर के कारण छात्र की मौत

**चन्दौसी।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जंग लड़ने के बाद आखिरकार 14 वर्षीय छात्र जिंदगी की जंग हार गया। मेरठ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कैथल के मजरा नबावपुरा निवासी अमित (14) पुत्र खानचंद चन्दौसी इंटर कॉलेज में कक्षा 09 का छात्र था। करीब छह महीने से वह बीमार चल रहा था। परिवार ने पहले स्थानीय स्तर पर उसका उपचार कराया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे मेरठ ले जाया गया। वहां आठ दिन तक चले उपचार के बाद अमित ने अंतिम सांस ली। अचानक हुई मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मेरठ से शव लेकर चन्दौसी पहुंचे तो हर आंख नम हो गई। मां उर्मिला का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में दो भाई और एक बहन हैं।

# बोन मैरो ट्रांसप्लांट क्या है और किन्हें इसकी आवश्यकता होती है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हमारे शरीर का खून रेड ब्लड सेल्स (जो ऑक्सीजन ले जाती हैं), वाइट ब्लड सेल्स (जो संक्रमण से लड़ती हैं) और प्लेटलेट्स (जो खून का बहाव रोकने में मदद करती हैं) से बना होता है। ये सभी सेल्स हमारी हड्डियों के अंदर मौजूद मुलायम टिशूस, यानी बोन मैरो में बनती हैं। कई बार बीमारी या कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी जैसी उपचार प्रक्रियाओं के दुष्प्रभाव से बोन मैरो ठीक से काम करना बंद कर देता है। ऐसे मामलों में डॉक्टर बोन मैरो ट्रांसप्लांट (BMT) या हीमेटोपोएटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की सलाह देते हैं। यह एक चिकित्सा प्रक्रिया है जिसमें शरीर के अस्वस्थ बोन मैरो को स्वस्थ रक्त बनाने वाली कोशिकाओं (स्टेम सेल्स) से बदल दिया जाता है। नई स्टेम सेल्स शरीर में जाकर फिर से सामान्य ब्लड सेल्स बनाना शुरू करती हैं, जिससे रोगी का शरीर स्वस्थ खून का उत्पादन करने लगता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के हीमेटो-ऑन्कोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. सत्येन्द्र कटेवा ने बताया कि "बोन मैरो ट्रांसप्लांट मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं ख्र ऑटोलॉगस ट्रांसप्लांट, जिसमें मरीज के अपने ही स्टेम सेल्स को लेकर इलाज किया जाता है, और ऑलोजेनिक ट्रांसप्लांट, जिसमें किसी स्वस्थ डोनर से स्टेम सेल्स ली जाती हैं। पहले प्रकार का उपयोग तब किया जाता है जब बोन मैरो स्वस्थ हो और उपचार का उद्देश्य कीमोथेरेपी या रेडिएशन के बाद रिकवरी को तेज करना हो, जबकि दूसरे प्रकार का उपयोग तब किया जाता है जब मरीज का बोन मैरो पूरी तरह बीमार या क्षतिग्रस्त हो जाता है। दोनों ही प्रक्रियाएं कई गंभीर बीमारियों जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, थैलेसीमिया, मल्टीपल मायलोमा और अप्लास्टिक एनीमिया जैसी स्थितियों में जीवनरक्षक साबित होती हैं।" डॉक्टर आमतौर पर बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सलाह उन मरीजों को देते हैं जो गंभीर रक्त या बोन मैरो संबंधी बीमारियों से जूझ रहे होते हैं। इसमें ब्लड कैंसर जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मल्टीपल मायलोमा, बोन मैरो फेल्योर जैसे अप्लास्टिक एनीमिया और मायलोडिसप्लास्टिक सिंड्रोम, जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर जैसे थैलेसीमिया मेजर और सिकल सेल डिजीज शामिल हैं।




**उत्तर रेलवे**

**(शुद्धि पत्र)**

**Tender Notice-202-Repair, 12-Ansaldo,PRI-GCT, ClockPA-2024-25 Date. 27.10.2025**

**विषय:**—मुरादाबाद मंडल के संकेत एवंम् दूरसंचार के टेंडर की निविदा के सम्बन्ध में ।

**सन्दर्भ:**—(1) इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या 202-Repair, 12-Ansaldo, PRI-GCT, ClockPA-2024-25 dated 22.10.2024

उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस0 एंड टी० शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा खोलने **की अनुमानित लागत (रुपये):** में बदलाव हुआ है

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | काम की अनुमानित लागत (रुपये): | काम की संसोधित अनुमानित लागत (रुपये): |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | **01-Tele-ClockPA-MB2024-25** प्रोविजन ऑफ़ मिनिमम एसेंशियल एमेनिटीज फॉर रेमैनिंग स्टेशन (पीए सिस्टम एट 78 स्टेशन एंड डिजिटल क्लॉक एट 123 स्टेशन) | 26738647.13 EMD-283700.00 | 24304562.78 EMD- 271500.00 |

निविदा की अन्य नियम व शर्तो मे कोई बदलाव नहीं किया गया है। **नोट:**— निविदा के पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **3332/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार एयू मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यकाल में राकेश पुत्र राम अवतार ने अपने प्लॉट स्थित दुर्गेश नगर तहसील व जिला मुरादाबाद को बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है जिससे संबंधित मूल विक्रय पत्र दिनाक 01.05.2013 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 9744 पेज 101/114 क्रमांक 7021 जो घनश्याम पुत्र जीवाराम ने रेखा देवी पत्नी हरपाल सिंह के पक्ष में निष्पादित किया था वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति , वित्तीय संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। **राजीव चौधरी एडवोकेट** द्वारा एयू मॉल फाइनेंस बैंक चैम्बर नम्बर 88/सी कचहरी परिसर मुरादाबाद। **मोबाइल नं. 921953872**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र वसीम व पुत्रवधू श्रीमती शबाना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**श्रीमती साबरी पत्नी स्वर्गीय मसीत तुल्ला निवासी रोशन हाउस बड़ी मस्जिद के पीछे चक्कर की मिलक मुकर्बपुर तह. व जिला मुरादाबाद।**

## खोया-पाया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी शबाना परवीन के नाम एक मूल बयनामा 70.65 वर्गमी० गाटा सं0-338 मौजा जयंतीपुर मुरादाबाद खरीद इकरारी हबीब उर रहमान बयनामा दिनांकित-14.10. 2004 वही सं0-1, जिल्द सं0-4555 पृष्ठ- 211 से 224 क्रमांक-10178 का उक्त मूल बयनामा मय थैली के वारसी नगर थाना मुगलपुरा क्षेत्र मुरादाबाद में दिनांक 15.10.2025 को कहीं गिर गया। उक्त बयनामें का उपयोग अवैधानिक होगा। जिस किसी को भी मिले निम्न पते व फोन पर सूचित करें। मौहम्मद अजीम पुत्र मौहम्मद अफजल निवासी-मौहल्ला असालतपुरा, बड़ी मस्जिद के पीछे गली नं0-1, थाना- गलशहीद जिला मुरादाबाद। मो0नं0- 9594173298

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र अजीम व पुत्रवधू श्रीमती शाहलिया को गलत संगत/गलत कृत्य व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व हक हकूक, सभी लेनदेन से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से हमारा व हमारे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**मुस्तकीम पुत्र अंजार हुसैन व श्रीमती जाफरी बेगम पत्नी मुस्तकीम** निवासीगण: बिशनपुर भीमाठेर तह. व जिला मुरादाबाद।

# किन्नर के घर हुई लूट का पर्दाफाश

## 700 ग्राम सोना व 8.35 लाख नकद बरामद, चोरी करने वाले 9 अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** औरछी चौराहा स्थित एक किन्नर के यहां से बदमाश मोटा माल समेटकर ले गये। बदमाशों ने हथियार के बल पर नकदी समेत आभूषण समेट लिये। साथ ही अपने साथ सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी निकालकर ले गये। यहां बताते चलें कि औरछी चौराहा चन्दौसी सीमा से सटे भाग में किन्नर टीना ने अपना आवास बना रखा है।

घटना वाले दिन वह किसी कार्यक्रम में जाने के लिए जेबरात एवं नकदी रखी, लेकिन उसी रात बदमाशों ने धावा बोल दिया। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अन्तरजनपदीय चोर गिरोह के नौ शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 700 ग्राम सोने के आभूषण, 02 किलो 200 ग्राम चांदी के आभूषण मय चार प्लेट, आठ लाख 35 हजार रुपये नकद, दो तमंचे 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, तीन खोखा और तीन अवैध चाकू बरामद किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ह्रदेश कठेरिया व क्षेत्राधिकारी बिसौली सुनील कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व में




यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गनगोली तिराहे के पास कुएं की कुण्डी के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति बैठे हैं, जो चोरी के माल की बांट कर रहे हैं। पुलिस टीम ने जब मौके पर दबिश दी तो बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने नियमानुसार आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो आरोपी नाजिम पुत्र मौ. रफी निवासी खेडा अपरोला थाना नौगवा सादात जिला अमरोहा और तैय्यब पुत्र खान मोहम्मद निवासी करमल्लीपुर थाना गजरोला जिला अमरोहा गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को उपचार हेतु सीएचसी आसफपुर भेजा गया। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों में अरविन्द गौतम पुत्र राजेन्द्र निवासी अजन्ता टाकिंज के पास चन्दौसी जिला सम्भल, नाजिम पुत्र मौ0 रफी निवासी ग्राम खेडा अपरोला थाना नौगवा सादात जिला अमरोहा, मौईन पुत्र हसरुद्दीन निवासी ग्राम शाहपुर थाना गजरोला जिला अमरोहा,
तैय्यब पुत्र खान मौहम्मद निवासी ग्राम करमल्लीपुर थाना गजरोला जिला अमरोहा, असफाक उर्फ कान्ति पुत्र बख्तायब निवासी बहजोई की मढैया थाना बहजोई जिला सम्भल, नदीम पुत्र भूरे निवासी टंकी मौहल्ला थाना बहजोई जिला सम्भल, शिब्बू उर्फ सोएब पुत्र मन्नू निवासी टंकी मौहल्ला थाना बहजोई जिला सम्भल, फुरकान उर्फ फकरुद्दीन पुत्र मौमीन निवासी मौहल्ला ईदगाह कालेनी थाना बहजोई जिला सम्भल, सोहेल पुत्र आबिद अली निवासी शिव कालोनी थाना बहजोई जिला सम्भल शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्त अरविन्द गौतम के कब्जे से जेवरात व 90,000 रुपये नगद व एक अदद चाकू नाजायज, अभियुक्त नाजिम के कब्जे से 1,20,000 रुपये नगद व जेवरात बरामद व एक अदद तंमचा 315 बोर व एक खोखा व दो जिन्दा कारतूस, अभियुक्त मोहिन के कब्जे से 1,50,000 रुपये नगद व जेवरात बरामद, अभियुक्त तैय्यब के कब्जे से 1,10,000 रुपये नगद व जेवरात व एक अदद तमंचा 315 बोर व दो खोखा व दो जिन्दा कारतूस बरामद, असफाक उर्फ कान्ति के कब्जे से 90,000 रुपये नगद व जेवरात व एक अदद चाकू नाजायज बरामद, अभियुक्त नदीम के कब्जे से 1,00,000 रुपये नगद व जेवरात व एक अदद चाकू नाजायज बरामद, अभियुक्त शिब्बू के कब्जे से 50,000 रुपये नगद व जेवरात, अभियुक्त फुराकन उर्फ फकरुद्दीन के कब्जे से 60,000 रुपये नगद व जेवरात, अभियुक्त सोहेल के कब्जे से 65,000 रुपये नगद व जेवरात, पुलिस जांच में सामने आया कि इनमें से कई आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी नाजिम व तैय्यब के खिलाफ अमरो. हा जनपद के विभिन्न थानों में डकैती, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# कैथल-करेली तिराहे पर नाले की खुदाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कैथल-करेली तिराहा मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में है। जगह-जगह गड्ढे पड़ गए हैं और सड़क पर पानी भरा रहने से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। बरसात के समय में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब सड़क तालाब का रूप ले लेती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगरपालिका की कूड़ा गाड़ी और पानी की टंकी भी इसी मार्ग से होकर गुजरती है, जिससे रोजाना की परेशानी बढ़ जाती है। सड़क के दोनों ओर पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है। नगरपालिका प्रशासन ने हाल ही में इस मार्ग के निर्माण का ठेका जारी किया है, जिसके तहत ठेकेदार द्वारा सड़क के किनारों पर नालों की खुदाई कराई जा रही है। खुदाई से निकली मिट्टी का उपयोग सड़क



को ऊंचा करने में किया जाएगा ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। हालांकि नाला खुदाई के दौरान एक मंदिर निर्माण कार्य की जद में आ गया है। मंदिर की सीढिघ्यां नाले के हिस्से में आने से निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। ठेकेदार अब असमंजस की स्थिति में है कि नाले की दिशा बदली जाए या मंदिर की सीढिघ्यों में संशोधन किया जाए। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगरपालिका जल्द कोई समाधान निकालकर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कराए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# तीन दिवसीय क्षेत्रीय विज्ञान मेले का समापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मंगूपुरा,में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय विज्ञान मेले का समापन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुभव सिंह (उपाध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक ओमप्रकाश सिंह ने की।मेले का शुभारंभ 25 अक्टूबर को हुआ था, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के विविध आयामों को प्रदर्शित करने वाले मॉडल और प्रयोग प्रस्तुत किए। मेले में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, जल संरक्षण और कृषि नवाचार जैसे विषयों पर आधारित परियोजनाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।मुख्य अतिथि अनुभव सिंह ने विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि "ऐसे मेले हमारे नवयुवकों में अनुसंधान और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं और राष्ट्र के वैज्ञानिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" समापन सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में डोमेश्वर साहू (क्षेत्रीय संगठन मंत्री, पश्चिमी उत्तर प्रदेश) ब्रजमोहन (संघ प्रचारक, मुरादाबाद विभाग), हरि बाबू वार्ष्णेय,प्रभात गुप्ता, हेमेंद्र सिंह अमन शर्मा, अस्मित चौधरी, निशांत धारीवाल आदि गणमान्य बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री सोमगिरि द्वारा किया गया तथा विद्यालय के निदेशक ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और उपस्थित महानुभावों द्वारा वैश्विक कल्याण की भावना से कल्याण मंत्र का वाचन किया गया।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का 23वां स्थापना दिवस मनाया गया

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का 23वां स्थापना दिवस आज मुरादाबाद जिला कार्यालय, मानसरोवर कॉलोनी (साई अस्पताल के पीछे, दिल्ली रोड) पर हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ख्रजिलाध्यक्ष रवि चौधरी, जिला उपाध्यक्ष आशु सिक्का, महानगर अध्यक्ष (युवा मंच) स्नेहल कटयाल, जिला प्रमुख महासचिव गौरव कुमार, जिला सचिव अशोक सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार जाटव, कुकू चौधरी, अमरिक चौधरी, ठाकुरद्वारा ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद नफीस, मोहम्मद आरिफ, हर्ष गौतम, आशु चौधरी और उर्वी आर्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि माननीय ओम प्रकाश राजभर जी सदैव शोषित, वंचित, पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी रहे हैं।

## ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर पुनः शिक्षा राज्य मंत्री के आवास पर जुटे शिक्षक


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्रदेशभर के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक अब ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। विभिन्न जनपदों से आए शिक्षकों का समूह माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाबद. ेवी के चन्दौसी स्थित आवास पर पहुंचा। शिक्षकों का कहना था कि इस संबंध में 16 अक्टूबर को भी ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शिक्षकों ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया में लगातार तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, जिससे कई पात्र शिक्षक स्थानांतरण से वंचित रह जाते हैं। राज्यमंत्री के अनुपस्थित होने पर शिक्षक उनके कैंप कार्यालय पर ही डटे रहे। देर शाम जब मंत्री गुलाबदेवी पहुंचीं, तो शिक्षकों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। राज्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि नए शैक्षणिक सत्र में उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। इस मौके पर राजेश कुमार पासवान, दिनेश पाल, संगीता यादव, भावना शर्मा, देवेश कुमार, संगीता सिंह, रुचि सिंह, उषा सरोज, संयोगिता, माधव शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, अवनीश कुमार, हिमांशी, नीतू, प्रवीण, संतोष, आशीष कुमार पटेल, सौरभ शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार सहित गोरखपुर से आए 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ पर मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों -कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ सोमवार 27 अक्टूबर से किया गया है, जो आगामी 02 नवंबर तक आयोजित होगा। सप्ताह के प्रथम दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य ने सभी शाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई।कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कार्य करना न केवल संस्था की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति सजग रहने और पूर्ण सत्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।श्री मौर्य ने कहा कि रेलवे देश की आर्थिक प्रगति की रीढ़ है, और इसके कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना प्रत्येक कर्मचारी का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि





वे अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, समयबद्धता और जवाबदेही के सिद्धांतों का पालन करते हुए रेल सेवाओं को विकास के पथ पर अग्रसर करें।इस अवसर पर मंडल के सभी अधिकारी, विभिन्न शाखाओं के प्रमुख एवं मंडल कार्यालय, मुरादाबाद में कार्यरत सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में योगदान देने की शपथ ली और "सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" में भाग लिया।रेल प्रशासन की ओर से बताया गया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में विभिन्न कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ, निबंध प्रतियोगिताएँ और जनजागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों एवं आम नागरिकों में ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति चेतना विकसित करना है।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा इण्टर मीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0541918 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहसीन अहमद पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम-कमालपुरी खालसा ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र अर्जुन सिंह तथा पुत्रवधू विनीता देवी मेरे कहने में नहीं है। तथा उक्त दोनों गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैंने उन्हें अपने तथा परिवार से सारे संबंध समाप्त कर अपनी चला चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब भविष्य में मेरा इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। ऋषिपाल सिंह पुत्र लाल सिंह, मोहल्ला मुन्नी देवी कॉलोनी धामपुर जिला बिजनौर।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्वदेशी वस्तुओं को अपना कर देश को मजबूत बनाओ, युवा पीढ़ी से अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह ठाकुरद्वारा पहुंचने पर कोचिंग संचालकों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया । सोमवार को राज्य मंत्री निर्माण विभाग बृजेश सिंह भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल व भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह के साथ स्थित नगलिया स्थित अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र राम सिंह सेंटर पर पहुंच कर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान युवा सम्मेलन के दौरान युवा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम कहां की अपने देश में बनी स्वदेशी वस्तुओं को अपनाते हुए देश को मजबूत बनाएं। उन्होंने खासतौर से युवाओं को नशे से दूर रहने की नसीहत थी अच्छी पढ़ाई अच्छी शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर आसीन हो । इससे माता-पिता के साथ-साथ क्षेत्र प्रदेश विदेश मैं अपना नाम रोशन करें। कोई भी अनैतिक कार्य न करें जिससे अपने माता-पिता पर परि. जनों को ठेस पहुंचे।

साथ ही उन्होंने जीएसटी परिषद के फैसले में 28 फीसदी और 12 फीसदी टैक्स स्लैब समाप्त करने का स्वागत किया । इसका सभी आम जनों को लाभ मिलेगा । अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रराम सिंह सेंटर के डायरेक्टर अनिरुद्ध चौहान ने राज्य मंत्री को अलग-अलग शील्डदेकर उनका भव्य स्वागत किया । बाद में काफिले के साथ राज्य लोक निर्माण मंत्री बृजेश सिंह भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचे, जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों में फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया, इस दौरान क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों ने क्षेत्र की खस्ता हाल सड़कों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की जिस पर उन्होंने जल्द ही सड़कों को ठीक कराए जाने का आश्वासन दिया । इस दौरान ठाकुर अजय प्रताप सिंह व राकेश चौहान, ब्लॉक प्रमुखब्लॉक प्रमुख पति दो वीर सिंह सैनी ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में दिनेश प्रजापति, पवनपुष्पद, कमलेश कुमार, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मास्टर सत्यपाल सिंह अब अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा महानगर के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा महानगर के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद कांता कदम और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक शामिल हुईं।कार्यक्रम की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक महिला आत्मनिर्भर है और जो नहीं है, वह सभी महिला बहनें इस संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगी




और अपने वजूद को सार्थक करेंगी।राज्यसभा सांसद कांता कदम ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत विक. सित भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन और खरीदारी करना आवश्यक है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का उत्तम उदाहरण हमें कोविद संकट काल में देखने को मिला था, जब हमने संकट से उभरने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का निर्माण किया था।महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी अपनाने और भारत में बने उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद कांता कदम, महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महानगर कार्यक्रम संयोजक अल्पना रितेश गुप्ता, कार्यक्रम सहसंयोजक डॉ. विजय लक्ष्मी पंडित और बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी, सदस्याएं उपस्थित थीं

# पेट्रोल पम्प सेल्समैन से रुपये लूटने वाले लुटेरों को गजरौला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के अलीगंज दलपतपुर मार्ग पर बूजपुर आशा के पास स्थित नायरा कंपनी के जय दुर्गा फिलिंग पंप पर सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे शिफ्ट डिजायर से पहुंची उस समय अन्य ग्राहक नहीं थे कार सवार 6 लोगों ने 1599 का पेट्रोल डलवाया सैल्समैन मक्खन सिंह यादव निवासी सरकड़ी थाना टांडा रामपुर ने पैसे मांगे तो कुछ देर टालमटोल करते रहे इसके बाद उसने हाथापाई कर नोट भरा थैला लेकर भाग गए, उसमें रात की बिक्री के 20हजार रूपये थे। सैल्समैन के शोर मचाने पर पंप कर्मी एकत्र हुए और पंप स्वामी को सूचना दी ,जिस पर पुलिस ने वहां पहुंच कर घटना की जानकारी ली और बदमाशों की तलाश में जुट गई,एसएच ओ मोर्. हत चौधरी ने बताया कि सैल्समैन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली



गई, कार सवार बदमाश गजरौला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर

**दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

- **शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदक जीते**

**रांची, वार्ता।** चौथी दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। वहीं श्रीलंका 16 स्वर्ण, 14 रजत और 10 कांस्य पदकों सहित कुल 40 पदकों के साथ दूसरे तथा दो रजत और चार कांस्य पदक के साथ नेपाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

चैंपियनशिप के तीसरे और आखिरी दिन रविवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन देखने को मिले और अनेक नए मीट रिकॉर्ड बने। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत के रुचित मोरी ने 50:10 सेकंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। कूडा लियानगे अयोमा (श्रीलंका) ने रजत और कर्ण बाग (भारत) ने कांस्य जीता। महिला 400 मीटर बाधा दौड़: श्रीलंका की केएच अराच्चिगे दासुन ने 58:66 सेकंड का नया मीट रिकॉर्ड बनाया। अराल लोकू (श्रीलंका) को रजत और ओलिम्बा स्टेफी (भारत) को कांस्य मिला।

**पुरुष भाला फेंक:** श्रीलंका के पथिराजे रुमेस ने 84.29 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता, जबकि रनसिघे जगत (श्रीलंका) और उत्तम पाटिल (भारत) ने क्रमश: रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष लंबी कूद:** भारत के मोहम्मद साजिद ने 7.68 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उनागोला यस्वेस्मी (श्रीलंका) को रजत व सरुण (भारत) को कांस्य मिला।

**महिला ऊंची कूद:** भारत की रीत राठौर ने 1.76 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। गामगे रानिदी (श्रीलंका) ने रजत और सुप्रिया (भारत) ने कांस्य प्राप्त किया। महिला भाला फेंक: श्रीलंका की हाताराबागे लेका नादेका ने 60.14 मीटर का नया मीट रिकॉर्ड बनाया, जिससे उन्होंने 2008 में बने 51.70 मीटर के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। भारत की करिश्मा सनील ने रजत और दीपिका ने कांस्य पदक जीता।

**पुरुष 10 हजार मी. दौड़:** भारत के अभिषेक ने 30:29:46 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। राजन रोकाया (नेपाल) ने रजत और प्रिंस कुमार (भारत) ने कांस्य जीता।

**पुरुष हैमर थ्रो:** भारत के दमनीत सिंह ने 66.99 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। आशीष जाखड़ (भारत) ने रजत और केके दामिथ मद धार (श्रीलंका) ने कांस्य प्राप्त किया।

**महिला 800 मीटर दौड़:** भारत की अमनदीप कौर ने 2:04:66 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। कोदिथुवक्कु तक्शी (श्रीलंका) और थोटा संकीर्तन (भारत) ने क्रमश: रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष 800 मीटर दौड़:** श्रीलंका के डीएम हर्षा एस करुणा ने 1:51:96 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। सोम बहादुर कुमाल (नेपाल) ने रजत और मोपाली वेंकटराम रेड्डी (भारत) ने कांस्य जीता।

**महिला 200 मीटर दौड़:** श्रीलंका की मोहम्मद यामिक फातिमा ने 23:58 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। भारत की साक्षी चव्हाण (23:91 सेकंड) ने रजत और नीरू पाठक (24:06 सेकंड) ने कांस्य जीता।

**पुरुष 4X400 मीटर रिले:** श्रीलंका ने 3:05:12 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 3:05:38 मिनट में रजत और बंगलादेश ने 3:15:00 मिनट में कांस्य पदक हासिल किया।

**महिला 4X400 मीटर रिले::** भारत की महिला टीम ने 3:34:70 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका (3:35:71) ने रजत और बंगलादेश (3:55:63) ने कांस्य जीता।

पदक तालिका में बंगलादेश ने (तीन कांस्य), मालदीव ने (एक कांस्य) और भूटान (कोई पदक नहीं) क्रमश: चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे।




# पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पहले एशेज टेस्ट से बाहर

**कैनबरा, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से आधिकारिक तौर पर बाहर हो गए हैं।

कमिस की गैरमौजूदगी में स्टीवन स्मिथ 21 नवंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कैनबरा में कहा किहमारे पास समय खत्म हो गया है। हमने लगभग एक हफ्रते पहले ही यह बता दिया था कि उसे ठीक होने में चार हफ्रते से ज्यादा लगेंगे और दुर्भाग्य से हमारे पास समय नहीं बचा है, लेकिन हम दूसरे टेस्ट मैच के लिए बहुत आशावादी और उम्मीद कर रहे हैं। तो मुझे लगता है कि अगला सवाल यह है कि टाइम फ्रेम क्या है।

दूसरे टेस्ट के लिए क्या स्थिति है। मैं इसका जवाब नहीं दे पाऊंगा, सिवाय इसके कि वह इस हफ्रते गेंदबाजी शुरू कर देगा और यह एक बहुत बड़ा कदम है। यही वह बड़ा वेरिएबल था जिसे हम जोड़ना चाहते थे और वह जानकारी हासिल करना चाहते थे। इसलिए हम दूसरे टेस्ट की ओर बढ़ रहे हैं और बहुत उम्मीद है कि इसका नतीजा पॉजिटिव होगा।

## चोटिल प्रतिका रावल महिला विश्व कप से हुई बाहर

**नवीं मुम्बई, वार्ता।** सेमीफाइनल से पहले भारतीय महिला टीम को लगा झटका, सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल टूर्नामेंट के आखिरी लीग मैच में बंगलादेश के खिलाफ चोटिल होने के बाद महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रविवार को बारिश से प्रभावित मैच में बाउंड्री रोप के पास क्षेत्ररक्षण करते समय रावल फिसल कर गिरने के बाद चोटिल हो गई थी। उन्हें टीम के सपोर्ट स्टाफ की मैदान से बाहर ले जाया गया था। मैच रद्द होने के बाद 25 वर्षीय का रावल का स्कैन हुआ था।

गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारत के लिए यह एक बड़ा झटका है। रावल ने दिसंबर 2024 में भारतीय टीम में पर्दापण किया था। उन्होंने पिछले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ उसी जगह पर अपना पहला वर्ल्ड कप शतक बनाया था। इस दौरान, वह महिला वनडे में 1000 रन बनाने वाली संयुक्त रूप से सबसे तेज़ खिलाड़ी भी बन गई और एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बनने की कगार पर थीं। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश के खिलाफ बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने प्रतिका की चोट पर कहा था कि चिकित्सा दल उनकी जांच कर रहा है। उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगी।




# श्रेयस अय्यर की पसलियों में चोट, सिडनी के अस्पताल में भर्ती

- **बीसीसीआई का चिकित्सक दल अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में चोट लगने के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। सोमवार सुबह बीसीसीआई)0 ने एक्स पर जारी एक बयान कहा कि श्रेयस अय्यर को 25 अक्तूबर को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान बाईं पसलियों के पास चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि स्कैन में पता चला है कि अय्यर की प्लीहा में लकीरनुमा चोट आई है। उनका इलाज जारी है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई का चिकित्सक दल सिडनी और भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मिलकर अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है। भारतीय टीम के डॉक्टर सिडनी में ही रहेंगे ताकि श्रेयस की रोजाना की स्थिति का मूल्यांकन कर सकें। अय्यर को यह चोट क्षेत्ररक्षण के दौरान उस समय लगी, जब उन्होंने एलेक्स कैरी को आउट करने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाकर एक शानदार कैच लेने का प्रयास किया।

**खेल विशेष**

## लक्ष्य-किदांबी हाइलो ओपन में करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**सारब्रुकन, वार्ता।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से सारब्रुकन में सारलैंडहाले में शुरू होने वाले हाइलो ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। टूर्नामेंट के पहले राउंड में लक्ष्य पांचवीं सीड और डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी पुरुष एकल ड्रॉ में शामिल होंगे। किदांबी श्रीकांत, जो मई में मलेशिया मास्टर्स में क्वालीफायर से टूर्नामेंट शुरू करने के बाद रनर-अप रहे थे, पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। इस साल बीडब्लयूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी भी टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ का हिस्सा हैं।

## सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगितायों से लिया नाम वापस

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैर की चोट से उबर रही भारत की स्टार बैडमिटन खिलाड़ी पीवी सिधु ने 2025 में होने वाले सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेने का फैसला किया है। सिधु ने जारी एक बयान में कहा किअपनी टीम से सलाह लेने और शानदार डा. पारदीवाला के मार्गदर्शन के बाद, उन्हें लगा कि 2025 में होने वाले सभी शेष बीडब्ल्यूएफ टूर स्पर्धाओं से नाम वापस लेना उनके लिए सबसे अच्छा होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने बताया कि सीजन के यूरोपीय लेग से पहले लगी उनकी चोट अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। उन्होंने बयान में लिखा कियूरोपीय लेग से पहले मुझे जो पैर में चोट लगी थी, वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है, और हालांकि इसे स्वीकार करना कभी आसान नहीं होता, चोटें हर एथलीट की यात्रा का एक अटूट हिस्सा होती हैं।

# भोई ने रिकॉर्ड के साथ जीता सोना




- **भोई ने लड़कियों के 44 किग्रा क्लीन एंड जर्क वर्ग में 92 किग्रा का भार उठाया**

**नई दिल्ली/मनामा, वार्ता।** भारत की प्रीतिस्मिता भोई ने एशियाई युवा खेलों 2025 में भारोत्तोलन में एक नया विश्व युवा रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रचते हुए लड़कियों के 44 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क वर्ग में 92 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच सेक्शन में 66 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक भी जीता और कुल दो पदक हासिल किए। भोई ने अपने क्लीन जर्क अभियान की शुरुआत 87 किलोग्राम के सफल लिफ्रट से की, इसके बाद 90 किलोग्राम और अपने अंतिम प्रयास में 92 किलोग्राम भार उठाकर लड़कियों के 44 किला. ग्राम वर्ग में नया विश्व युवा रिकॉर्ड बनाया। चीन की वू जिहोंग (88 किलोग्राम) और फिलीपींस की प्रिसेस जे एन डियाज़ (78 किलोग्राम) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह स्वर्ण पदक एशियाई युवा खेलों में भारत का तीसरा और किसी व्यक्ति द्वारा जीता गया पहला स्वर्ण पदक है। भारत के अन्य दो स्वर्ण पदक पुरुष और महिला कबड्डी टीमों ने जीते थे। लड़कियों के 44 किलोग्राम स्नैच सेक्शन में, प्रीतिस्मिता भोई ने अपने पहले प्रयास में 66 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। 68 किलोग्राम और 69 किलोग्राम के उनके अगले दो प्रयास असफल रहे। चीन की वू जिहोंग ने 68 किलोग्राम भार उठाकर लड़कियों के 44 किलोग्राम स्नैच में स्वर्ण पदक जीता, जबकि वियतनाम की दाओ थी येन ने 64 किलोग्राम भार उठाकर कांस्य पदक जीता। प्रीतिस्मिता भोई का कुल 158 किलोग्राम (66 किलोग्राम स्नैच 92 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) का भार सात प्रतिस्पर्धी भारोत्तोलकों में सबसे अच्छा था। लड़कों के 60 किलोग्राम वर्ग में, भारत के अरुमुगपंडियन महारा. जन ने स्नैच (114 किलोग्राम) और एक क्लीन एंड जर्क (142 किलोग्राम) में रजत पदक जीते। भारत ने एथलेटिक्स और कॉम्बैट स्पोर्ट्स में भी शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों की मेडले रिले टीम - जिसमें एडविना जेसन, तन्नू, भूमिका नेहते और शौर्या अंबुरे शामिल थीं - ने फाइनल में 2:09:65 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता।

# एशियन पदक विजेताओं को किया सम्मानित

- **तैराकी कोच संजय बिष्ट ने संयुक्त रूप से विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ दिल्ली स्विमिग एसोशिएशन ने एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले कुशग्रा रावत और भाव्य सचदेवा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

यहां तालकटोरा स्विमिग स्टेडियम पर 18 वीं साउथ दिल्ली स्विमिग चैंपियनशिप में दिल्ली के इन दोनों स्विमरो यह पुरस्कार स्विमिग फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजकुमार, पूर्व इंटरनेशनल तैराक एसआर साहू, भानू सचदेवा, तैराकी कोच संजय बिष्ट ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह प्रदान किए। भाव्य और कुशग्रा ने अहमदाबाद में आयोजित एशियन चैंपियनशिप कांस्य पदक जीते थे। इस अवसर साउथ दिल्ली एसोसिएशन के सचिव ने कहा कि स्विमिग के इतिहास में पहली बार सभी पदक विज. ेताओं को नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में एक से पांच ग्रुप में आने वाले सभी उम्र के तैराक भाग ले रहें है। जहां पहला स्थान पाने वाले बाल व बालकों को हजार, दूसरे स्थान वाले को साढे सात सौ तथा तीसरा स्थान पाने वाले को पांच सौ रूपये की नकद राशि दी जा रही है।

बालकों के ग्रुप चार के 50 मीटर बटर फलाई में युवराज ने पहला, जिगर शर्मा ने दूसरा और वंश ने तीसरा स्थान पाया। बालिकाओं में अमायरा ने पहला, स्नेह ने दूसरा और वाणी ने तीसरा स्थान पाया।

बालकों के ग्रुप पांच में एम एस टोकस ने पहला कर्तव्य भारद्वाज ने दूसरा व श्रेय अग्रवाल ने तीसरा स्थान पाया। बालिकाओं में तान्वी टोकस ने पहला आदित्री ने दूसरा और गार्गी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में जम्पा की जगह तनवीर सांगा को मिला मौका

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने लेग स्पिनर तनवीर सांगा को भारत के खिलाफ होने वाली अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के लिए एडम जम्पा की जगह टीम में शामिल किया गया है। 23 वर्षीय सांगा बीबीएल में सिडनी थंडर्स के लिए खेलते हैं। उन्होंने अब तक कुल सात अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं लेकिन 2023 के बाद से उन्हें मौका नहीं मिला है। अपने पर्दापण मैच में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 31 रन देकर चार विकेट लिए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच हुए तीन एकदिवसीय मैचों में कुल सात विकेट लिए थे। साथ ही एकदिवसीय कप के चार मैचों में वह 10 विकेटों के साथ न्यू साउथ वेल्स के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। जम्पा निजी कारणों से टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच में उपलब्ध नहीं हैं।

# चोट से उबर चुके टेम्बा बावुमा दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल

- **बावुमा को दो टेस्ट मैच सीरीज के लिए टीम में बतौर कप्तान शामिल किया गया**



**प्रिटोरिया, वार्ता।** टेम्बा बावुमा पिडली की चोट से ठीक होने के बाद अगले महीने भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में बतौर कप्तान शामिल किया गया हैं। बावुमा सितम्बर में इंग्लैंड में चोट लगने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टाइटल डिफेंस की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। वह इस हफ्रते पाकिस्तान में शुरू होने वाले किसी भी सफेद गेंद मैच में नहीं खेलेंगे, लेकिन टेस्ट टीम में शामिल होने से पहले बेंगलुरु में इंडिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मैच में दक्षिण अफ्रीका ए टीम का हिस्सा होंगे। दक्षिण अफ्रीका के चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान में ड्रा सीरीज खेलने वाली टीम में एकमात्र बल्लेबाजी में बदलाव करते हुए बावुमा को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिगम की जगह टीम में जगह दी गई है। बेडिगम ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 15 टेस्ट खेले हैं और एक शतक और चार अर्धशतक बनाए हैं, लेकिन बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ 82 रन बनाने से पहले, उन्होंने 12 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया था। टोनी डी जोंजी, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस और ज़ुबैर हमजा सभी टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले तीन स्पेशलिस्ट स्पिनरों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरा मुथुसामी को टीम में बनाये रखा है।

# रणजी ट्रॉफी में गरजा पृथ्वी शॉ का बल्ला

**एलीट ग्रुप बी मुकाबले में महज 141 गेंदों पर जड़ दिया दोहरा शतक, बन गया रिकॉर्ड**



**चंडीगढ, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ का बल्ला रणजी ट्रॉफी में जमकर चल रहा है और उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एलीट ग्रुप बी मुकाबले की दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया। महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए पृथ्वी ने महज 141 गेंदों पर दोहरा शतक पूरा किया। यह रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप इतिहास का दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक है। पृथ्वी ने इसके साथ ही राहुल सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2023-24 में बनाया था। राहुल ने 143 गेंदों पर रणजी ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया था, लेकिन पृथ्वी ने अब उन्हें पीछे छोड़ दिया है। पृथ्वी से आगे अब इस मामले में रवि शास्त्री हैं जिन्होंने 1984-85 सीजन में 123 गेंदों पर यह उपलब्धि अपने नाम की थी। शा रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन से पहले मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र टीम में शामिल हुए थे और महाराष्ट्र के लिए यह उनका दूसरा ही मुकाबला है। इससे पहले पृथ्वी ने 72 गेंदों पर शतक पूरा किया था जो रणजी ट्रॉफी का छठा सबसे तेज सैकड़ा था। पृथ्वी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और घरेलू क्रिकेट में इस दमदार प्रदर्शन से उनका हौसला बढ़ा होगा। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा लगाया गया तीसरा सबसे तेज दोहरा शतक है। वह इस मामले में शास्त्री और तन्मय अग्रवाल से पीछे हैं। तन्मय ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 2024 में 119 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया था। वहीं, शास्त्री ने 1985 में बड़ौदा के खिलाफ 123 गेंदों पर ऐसा किया था। चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले में महाराष्ट्र ने दूसरी पारी घोषित कर दी और चंडीगढ़ को 464 रनों का लक्ष्य दिया है। महाराष्ट्र के लिए दूसरी पारी में पृथ्वी ने 156 गेंदों पर 29 चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 222 रन बनाए जिसके दम पर महाराष्ट्र ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 359 रन बनाकर 463 रनों की बढ़त हासिल की। महाराष्ट्र ने पारी घोषित करने का फैसला किया। टीम के लिए पृथ्वी के अलावा सिद्धेश वीर ने 62, ऋतुराज गायकवाड़ ने 36 और अर्शीन कुलकर्णी ने 31 रन बनाए। इससे पहले, महाराष्ट्र ने पहली पारी में 313 रन बनाए थे और चंडीगढ़ की पारी 209 रन पर आलआउट कर 104 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी।

# कोतवाली पुलिस ने ठगी की वारदात का किया खुलासा, पति-पत्नी सहित चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने महिला से ठगी टप्पेबाजी की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 50 हजार 500 रुपये नकद, दो नकली अंगूठियां और एक नकली चौन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहन पुत्र शिवलाल, उसकी पत्नी मीनू, साला अमित रामलाल सोलंकी पुत्र रामलाल सोलंकी तथा साली का लड़का राहुल पुत्र जीवा, निवासी रघुवीर नगर, राजौरी गार्डन, पूर्वी दिल्ली शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं और मिलकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं।घटना 15 अक्तूबर 2025 की है, जब कोठीवाल नगर निवासी अमरजीत कौर से तीन अज्ञात ठगों ने झांसा देकर सोने की चूड़ी और अंगूठी ठग ली थी। ठगों ने उन्हें ग्रह-नक्षत्र बिगड़ने का भय दिखाया और बदले में कपड़े में पत्थर व नकली आभूषण बांधकर दे दिए। इस संबंध में पीड़िता के पुत्र अमनदीप सिंह की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी कोतवाली के नेतृत्व में गठित टीम ने सोमवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी की घटना का खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह पहले भी कई बार इस तरह की ठगी की घटनाएं कर चुके हैं।वह लोग कपड़ों की फेरी लगाते हुए बाजारों में भोले-भाले लोगों, खासकर महिलाओं को निशाना बनाते हैं। उन्हें विश्वास में लेकर ग्रह-नक्षत्रों का डर दिखाते हैं और सोने के आभूषण लेकर नकली गहने या नोटों की गड्डी थमा देते हैं।पुलिस ने बताया कि 15 अक्टूबर की घटना में ठगे गए आभूषणों की बिक्री से प्राप्त रुपये आरोपियों से बरामद हुए है। मोहन से 55,000 रुपये, दो नकली अंगूठियां, एक नकली चौन और कागज की नकली गड्डी, अमित से 35,000 रुपये, राहुल से 10,000 रुपये तथा मीनू से 50,000 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने चारों को न्यायालय के समक्ष पेश कर उन्हें जेल भेज दिया है।



# रेस्टोरेंट में लगी आग की घटना में एक महिला की मौत, आधा दर्जन से अधिक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के रामपुर रोड स्थित परी रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में तीन मंजिला इमारत धुएं से भर गई। इस हादसे में रेस्टोरेंट संचालक की मां माया श्रीवास्तव की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, प्रेम वंडर लैंड के सामने प्रदीप श्रीवास्तव का तीन मंजिला मकान है, जिसके ग्राउंड फ्लोर पर वह अपनी बेटी के नाम से परी रेस्टोरेंट चलाते हैं। रविवार रात करीब साढ़े दस बजे रेस्टोरेंट बंद हो चुका था। उसी दौरान रसोई में अचानक आग भड़क उठी। रसोई में मौजूद कारीगर अजय किसी तरह ऊपर की ओर भागा, लेकिन इससे पहले कि परिवार कुछ समझ पाता, रसोई में रखे चार-पांच गैस सिलेंडर एक के बाद एक धमाकों के साथ फट गए।आग तेजी से ऊपर की मंजिलों तक पहुंच गई, जिससे परिवार के सदस्य फंस गए। धुआं फैलने से सांस लेना मुश्किल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों ने मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान कुछ लोग जान बचाने के लिए ऊपरी मंजिल से कूद पड़े, जिससे वह घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां संचालक की मां की मौत हो गई।घायल शिवानी , बेटी परी, बहन साधना , बहनोई सचिन, कारीगर अजय, बेटे वैभव और भांजे वंश का उपचार चल रहा है।परिवार ने आशंका जताई है कि आग आतिशबाजी की चिंगारी से लगी।वहीं एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आग के सही कारणों की जांच फायर विभाग की टीम कर रही है।



# शहर के चौराहों पर लगे अपराधियों के फोटो वाले होर्डिंग्स बने चर्चा का विषय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के चौराहों पर लगे अपराधियों के फोटो वाले होर्डिंग्स लगाने के कुछ ही देर बाद उतार भी दिए गए अपराधियों के यह पोस्टर शहर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मुरादाबाद में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। इसी कड़ी में शहर के प्रमुख चौराहों पर लुटेरों और छिनैती में लिप्त वांटेड अपराधियों के पोस्टर लगाए गए हैं। सिविल लाइन क्षेत्र में लगाए गए इन पोस्टरों में अपराधियों की तस्वीरें, नाम और पहचान संबंधी विवरण दिए गए हैं, ताकि लोग सतर्क रह सकें।

इन होर्डिंग्स माध्यम से महिलाओं से अपील की गयी है कि वह इन चेहरों को पहचानें और ऐसे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।यह पहल महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने और अपराधियों में भय पैदा करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आमजन में इस मुहिम की चर्चा जोरों पर है। स्थानीय लोगों ने कहा कि इससे अपराधियों में डर पैदा होगा और महिलाएं खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी। यह अनूठी पहल शहर में अपराध नियंत्रण और जनसहभागिता का नया उदाहरण पेश कर रही है। जनता ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से कानून व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत होगा।



# रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढकिया वार्ड नं 3 के निवासियों ने रास्ता बंद होने की शिकायत लेकर उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को ग्राम पंचायत ढकिया निवासी ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर पर प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीती सिंह को सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि उनके वार्ड में आवागमन के लिए केवल एक ही रास्ता है, जिसे पड़ोसी असगर पुत्र सरवर द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त रास्ता काफी गहरा हो चुका है और अब लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मोटरसाइकिल या अन्य वाहन इस रास्ते से नहीं निकल पा रहे हैं। यहां तक कि आपात स्थिति में भी एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता करीब 500 फुट लंबा है और वर्षों से सभी लोग इसी मार्ग से आवाजाही करते आए हैं। अब रास्ता बंद होने के कारण आमजन को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि मौके पर जांच करा के उचित कार्रवाई की जाए, ताकि रास्ता दोबारा खुल सके और लोगों को राहत मिले। ज्ञापन देने वालों में एस. अहमद, निजामुद्दीन, इसराइल, इसरार खान, इरफान, इनायत, नफीस अहमद सहित वार्ड नं. 3 के अन्य निवासी शामिल रहे।





# टीएमयू डेंटल एल्युमिनाई डॉ. चैतन्य देव जैन बोले, जीवन में हार मानना कोई विकल्प नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के एल्युमिनाई डॉ. चौतन्य देव जैन ने कहा, बीमारी, मुश्किलें या असफलताएं जीवन की रुकावटें नहीं, बल्कि हमें और ऊंचाइयों तक ले जाने वाली सीढ़ियां हैं। हालात चाहे जितने भी कठिन हों, हार मानना विकल्प नहीं होना चाहिए। डॉ. चौतन्य तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर और एल्युमिनाई रिलेशन सेल- एआरसी की ओर से आयोजित एल्युमिनाई सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। एल्युमिनाई डॉ. चौतन्य देव ने तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर से 2012 में बीडीएस, जबकि 2016 में एमडीएस की उपधि प्राप्त की है। अंत में डॉ. चौतन्य देव जैन की टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन से शिष्टाचार मुलाकात भी हुई। कुलाधिपति, जीवीसी और ईडी ने डॉ. देव को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट करके सम्मानित किया। डेंटल कॉलेज के एल्युमिनाई डॉ. देव ने डेंटल स्टुडेंट्स को डेंटल की आधुनिक तकनीकों और क्लिनिकल प्रैक्टिसेज की चुनौतियों से भी रूबरू कराया। उन्होंने व्यक्तिगत जीवन में कैंसर से लड़ाई के समय के अनुभव भी साझा किए।

उल्लेखनीय है, डॉ. देव बागपत में बतौर डिप्टी सीएमओ के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इस मौके पर वाइस प्राचार्या डॉ. अंकिता जैन और एआरसी के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ माथुर भी मौजूद रहे। डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे ने कहा, डॉ. चौतन्य देव जैन सरीखे एल्युमिनाई पर हमें नाज है। टीएमयू केवल शिक्षा देने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यहां स्टुडेंट्स को जीवन जीने की कला भी सिखाई जाती है। इस मौके पर डॉ. सौभाग्य अग्रवाल, डॉ. जैनुल के संग-संग डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## जर्जर तारों की वजह से निकली चिंगारी से गन्ने की 5 बीघा फसल हुई जलकर खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी** क्षेत्र के गांव मनकुला में जर्जर तारों से निकली चिंगारी की वजह से गन्ने की खड़ी फसल में आग लग गई। आसपास की ग्रामीणों ने मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। तब तक पांच बीघा फसल जलकर खाक हो गई। मुरादाबाद के मंडी समिति निवासी विपिन सिंह का मनकुला गांव में खेत है। जिसमें ईख की फसल खड़ी हुई थी। फसल को काटने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच खेत में गुजर रही हाई टेंशन लाइन से चिंगारी उठी। जिसकी वजह से गन्ने की फसल ने आग पकड़ ली। ग्रामीण आग को बुझ पाते तब तक आग तेजी से भड़क उठी। करीब 5 बीघा गन्ने की खड़ी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। इस मामले को लेकर विपिन सिंह ने कोतवाली और तहसील में सूचना दी है।

# वैश्य एकता समिति चन्दौसी के नगराध्यक्ष बने सुमित वार्ष्णेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वैश्य एकता समिति (रजि०) उत्तर प्रदेश के अंतर्गत नगर चंदौसी के नगराध्यक्ष पद हेतु नगर के बारहसैनी धर्मशाला में मतदान प्रकिया के तहत चयन किया गया। चुनाव में कुल 03 प्रत्याशियों गोपाल वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय एवं मयंक वार्ष्णेय ने दावेदारी की। मतदान 85 प्रतिशत प्रतिशत रहा। कुल 75 वोट पड़े जिसमें सुमित वार्ष्णेय को 45 वोट, मयंक वार्ष्णेय को 27 वोट एवं गोपाल वार्ष्णेय को 03 वोट प्राप्त हुए।

विजेता उम्मीदवार को चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। चुनाव अधिकारी की भूमिका में समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, विपिन बालाजी, दीपेश वार्ष्णेय, एड प्रवीण गुप्ता रहे। मतदान प्रकिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हुई।

इस मौके पर समिति के संरक्षक गणों में मौसम गुप्ता, कपिल गुप्ता, शोभित अग्रवाल लखानी, क्षितिज गुप्ता, राघव लोचन, अमित वार्ष्णेय, रोमिल वार्ष्णेय बिट्टू, मनोज गुप्ता मेडिकल, विकास बूंन, सचिन वार्ष्णेय, भास्कर गुप्ता, रोहित गुप्ता सपब, इशांक आदि मौजूद रहे।



# डोर-टू-डोर हो रही स्वच्छ भारत मिशन की जागरूकता

## आईईसी टीम ने नगर में चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों को लेकर नगरपालिकाओं पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद चन्दौसी ने भी सक्रियता दिखाते हुए वार्ड नंबर 10 से स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। सोमवार से आरंभ हुए इस अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता संस्थान एनजीओ की बीस सदस्यीय टीम सड़कों, कॉलोनियों और बाजारों में उतरकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है। टीम द्वारा लोगों को बताया जा रहा है कि वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करें और कूड़ा गाड़ी को पृथक रूप में दें। संस्था द्वारा घर-घर सर्वे फार्म भरवाकर लोगों की राय ली जा रही है, ताकि भविष्य में नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। अभियान का उद्देश्य आमजन को स्वच्छता की जिम्मेदारी के प्रति जागरूक बनाना है। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष नोमान जमाल, हरपाल सिंह, बबलू मसूदी, प्रियंका रानी, रिजवान, रमा भारती, संजी देवी, अजय सक्सेना, आईटीसी के करन कुमार सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मौजूद रहे।



# लोकआस्था का महापर्व छठः अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने मांगा सुख-शांति का वरदान



**ठाकुरद्वारा।** लोकआस्था के महापर्व छठ पूर्वांचल की तरह सोमवार को नगर के रामलीला मैदान में धूमधाम से संपन्न हुआ। चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन व्रतियों, खासकर महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की मनोकामना की। इस दौरान पूरे मैदान में भक्तिमय माहौल था। व्रती महिलाएं निर्जला व्रत रखकर घाट पर पहुंचीं और कृत्रिम रूप से बने तालाब में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। मान्यता है कि संध्या के समय सूर्य अपनी पत्नी प्रत्युषा के साथ रहते हैं, इसलिए अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने से उनकी पत्नी की भी उपासना हो जाती है और मनोकामनाएं शीघ्र पूरी होती हैं,व्रतियों ने बांस की टोकरी में मौसमी फल, ठेकुआ, गुड़ की खीर, चावल और गन्ना सहित पूजन सामग्री से सजे सूप लेकर अर्घ्य दिया। खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत इस पर्व की कठिन तपस्या मानी जाती है, महापर्व की सफलता के लिए नगर पालिका द्वारा पूर्व से ही व्यापक प्रबंध किए गए। रामलीला मैदान में साफ-सफाई और कृत्रिम तालाब की व्यवस्था नगर पालिका के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी की देखरेख में कराई गई। पूजा में जितेंद्र प्रसाद, सुगन यादव, जयराम यादव, मुन्ना लाल चोरसिया, आकाश मिश्रा, ओमप्रकाश, बिहारी ओझा, संतोष दुबे, मनोज पांडे, संजय दुबे, लाल बाबू यादव , सुशांति देवी, राज कुमारी, शिव कुमारी, नीतू देवी, गुड़िया देवी, कुंती देवी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अलापुर के युवक की आसफपुर में हुई सड़क दुर्घटना में मौत

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव अलापुर के युवक की आसफपुर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस हादसे में पत्नी मामूली रूप से घायल हो गई, हादसे के बाद घायल युवक को इलाज के लिए आसफपुर के सीएससी में लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिवार में सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। बिलारी के गांव अलापुर निवासी 32 वर्षीय आकाश यादव पुत्र सुरेश यादव गांव में ही जिम चलाते थे। इसके अलावा खेती-बाड़ी भी किया करते थे। वह एक यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी वर्षा के साथ बाइक से बैठकर बिसौली क्षेत्र की ओर जा रहे थे। सवेरे करीब 11 बजे आसफपुर चौकी के पास में सामने की ओर से आई हुई बाइक ने आकाश की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद दोनों बाइके चकनाचूर हो गई। हादसे में आकाश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पत्नी वर्षा के मामूली चोटे आई। आसफपुर चौकी इंचार्ज इलाज के लिए सीएससी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने देखते ही आकाश यादव को मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की सूचना जैसे ही घर पहुंची। परिवार में सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की पत्नी वर्षा पति की मौत से बेसुध हो गई। मृतक के दो बेटे दिव्यांश और आदर्श हैं। हादसे की सूचना के बाद भारी तादाद में लोग परिवार को सांत्वना देने के लिए घर पहुंच गए। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंच गया।




# एसआईआर का ऐलान

बिहार में विधानसभा चुनाव के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान कर दिया। नई दिल्ली में ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का फेज 1 खत्म हो गया और अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। उनका यह भी कहना था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया और बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया। चुनाव आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा और यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को पूरा होगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूची सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन में यह भी बताया कि जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर कराना है इनमें अंडमान, निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, एमपी, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उप्र और प. बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़कर अयोग्यों को बाहर किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि जिन राज्यों में इस समय स्थानीय निकाय चल रहे हैं या होने वाले हैं वहां फिल्हाल यह नहीं होगा, क्योंकि स्थानीय स्तर का प्रशासन चुनावी कामकाज में व्यस्थ रहेगा। हालांकि अभी तक पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार दूसरे चरण में दस से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें ऐसे राज्य होंगे जहां 2026 में चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, प. बंगाल, केरल, असम और पुड्डुचेरी शामिल हैं। एसआईआर हो, इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। पात्र मतदाता वोटर लिस्ट में होने ही चाहिएं और जो पात्र नहीं हैं, उनको वोटर लिस्ट से बाहर होना चाहिए, लेकिन यहीं एक पेंच भी है, जिस तरह का रवैया अब तक चुनाव आयोग का रहा है और वह कई गंभीर सवालों के घेरे में भी है। जिसमें वोटर चोरी का मुद्दा पूरी तरह देश में गर्माया हुआ है, उसका जवाब चुनाव आयोग अभी तक भी ठीक से नहीं दे पाया है। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि आखिर चुनाव आयोग एसआईआर को लेकर हड़बड़ी में क्यों है। जिस चीज का चुनाव से सीधा संबंध हो, वह काम बेहद सतर्कता व धैर्य के साथ होना चाहिए। सवाल तो इस पर भी खड़ा है कि जो शपथ पत्र उसने सुप्रीम कोर्ट में यह कहकर जमा कराया था कि कोई भी उसके काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, उससे कोई यह नहीं पूछ सकता कि किसके नाम कटे किसके जोड़े गए, ऐसे में जरूरी है कि चुनाव आयोग इस काम में बिना हड़बड़ी दिखाए निष्पक्षता से आगे बढ़े।

## राहुल के प्यार का शब्दों में बयान नहीं



डीएमके और कांग्रेस भले ही अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ीं थी, लेकिन अब देशहित में दोनों पार्टियां एक ही टीम में हैं, राहुल गांधी उन्हें बड़ा भाई मानते हैं और राहुल गांधी द्वारा उनके लिए दिखाए गए प्यार को वे शब्दों में नहीं बयां कर सकते, हालांकि डीएमके और कांग्रेस एक समय अलग-अलग रास्तों पर चले थे, पर आज देश की भलाई के लिए, तमिलनाडु के विकास और भारत की एकता के लिए, हम एक ही तरफ हैं, हम एक जैसी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वह राहुल गांधी द्वारा उनके प्रति दिखाए प्यार को शब्दों में बयान नहीं कर सकते, मैंने दूसरे राजनीतिक नेताओं को भाई कहकर संबोधित नहीं किया है,लेकिन जब भी राहुल गांधी से बात करता हूं, तो ऐसा करता हूं।

**-एमके स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

# धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें अपनी सुरक्षा



मौ. सुलेमान

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में साइबर सुरक्षा घटनाएं 2022 में जहां लगभग 10.29 लाख थीं, वहीं 2024 में बढ़कर लगभग 22.68 लाख तक पहुंच गईं। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में साइबर धोखाधड़ी के कारण देश को लगभग 22,845 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, जो 2023 की तुलना में लगभग 206 प्रतिशत की भयावह वृद्धि को दर्शाता है। एक अन्य रिपोर्ट बताती है कि 2021 से 2024 के बीच साइबर अपराधों में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि भारत में डिजिटल विस्तार के साथ-साथ साइबर अपराधों और धोखाधड़ी जैसे मामलों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। इन अपराधों और धोखाधड़ी का शिकार न केवल आम नागरिक हो रहे हैं बल्कि कई नामचीन व्यक्ति भी हुए हैं। इन घटनाओं ने पूरे समाज को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। हालांकि सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, फोन और मैसेज के माध्यम से लोगों को जागरूक और सावधान किया जा रहा है, इसके बावजूद ठगों और जालसाजों का नेटवर्क बेखघैफ होकर सक्रिय है।

सरकार और पुलिस प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद साइबर ठग पकड़े नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि वे हर दिन साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। पहले साइबर ठगी या धोखाधड़ी बहुत सीमित थी, पहले कहा जाता था कि आपकी लॉटरी लगी है या फोन पर आपसे ओटीपी मांगा जाता था लेकिन अब ठग तकनीकी रूप से बहुत उन्नत हो गए हैं। वे अब फर्जी लिंक, नकली जॉब ऑफर, फर्जी पैकेज डिलीवरी, क्यूआर कोड, फर्जी वीडियो या किसी परिचित की आवाज या वीडियो क्लिप बनाकर और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। इन घटनाओं में अपराधी खुद को सरकारी अधिकारी, पुलिस कर्मी या बैंक या किसी कम्पनी आदि का प्रतिनिधि बताकर डराने, धमकाने या लालच देने की कोशिश करते हैं। दरअसल साइबर ठगी या ऑनलाइन फॉड वह अपराध है, जिसमें कंप्यूटर, मोबाइल फोन या इंटरनेट तकनीक का इस्तेमाल करके किसी व्यक्ति को मानसिक, आर्थिक या सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचाया जाता है। फर्जी वेबसाइट, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट, शॉपिंग प्लेटफॉर्म, नकली नोटिस या फर्जी कॉल ए सब आज अपराध के आधुनिक औजार बन चुके हैं।



ज्यादातर लोग अपने जीवन में कभी न कभी किसी न किसी रूप में इस तरह की ठगी का शिकार हुए हैं, और जो अब तक नहीं हुए हैं, वे सचमुच भाग्यशाली हैं, क्योंकि अपराधियों की योजनाएं इतनी चालाक और पेचीदा होती जा रही हैं कि आज के डिजिटल युग में इनसे बचपाना कठिन होता जा रहा है। शासन और प्रशासन जब तक किसी ठगी या धोखाधड़ी के तरीके को समझ पाते हैं, तब तक अपराधी कोई नया तरीका खोज लेते हैं। ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध अब किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि संगठित रूप से चलाए जा रहे हैं। इन गिरोहों के ठिकानों तक पहुंचना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि उनका नेटवर्क बेहद तेज और तकनीकी रूप से इतना सशक्त होता है कि कई बार पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें खबर मिल जाती है और वे फरार हो जाते हैं।

यहां पर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी साइबर ठगी या धोखाधड़ी करने के लिए ठगों को हमारी व्यक्तिगत जानकारी चाहिए होती है और यह व्यक्तिगत जानकारी उनके लिए सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। यहां सवाल यह है कि उन्हें हमारी यह जानकारी मिलती कहां से है? यहां पर मैं अपना और कुछ अन्य लोगों का अनुभव साझा करना चाहूंगा। मुझे एक बार एक ऐसे बैंक से फोन आया जिसमें मेरा कोई खाता भी नहीं था। कॉल करने वाली लड़की ने मेरा नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सबकुछ सही-सही बताया। जब मैंने पूछा कि यह जानकारी आपको कहां से मिली है तो उसने कहा सर हमें एक्स बैंक से मिली है और संयोग से वह जिस बैंक का नाम बता रही थी उसी बैंक में मेरा वास्तविक खाता है। मुझे कई ऐसे बैंकों के नाम से लोन और क्रेडिट कार्ड के लिए फोन आता है जिनसे मैंने कभी सम्पर्क ही नहीं किया। मैं एक और घटना यहां पर साझा करना चाहूंगा। एक बार मुझे एक नामक संस्था के नाम से कॉल आया। उन्होंने मेरा नाम, पदनाम, ईमेल और पेशा तक बताया। वे मुझे एक प्रोजेक्ट से जोड़ना चाहते थे और इसके लिए मुझसे आधार, पैन, बैंक का कैंसल चेक और हस्ताक्षरित एग्रीमेंट मांग रहे थे जबकि मैंने उनसे कभी इस बारे में संपर्क ही नहीं किया था। इन घटनाओं से यह स्पष्ट हो रहा है कि हमारी व्यक्तिगत जानकारी हमारे ही बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों, और जिन संस्थाओं में हम कार्य कर रहे हैं वहां के कुछ कर्मचारियों द्वारा उन्हें दी जा रही हैं या पैसों के लालच में बेची जा रही है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, शॉपिंग वेबसाइट और ऑनलाइन ऐप भी हमारी जानकारी के बड़े स्रोत बन चुके हैं। जब हम किसी वेबसाइट पर अपनी जानकारी भरते हैं, या किसी संस्था में अपनी व्यक्तिगत जानकारी देते हैं तो हमसे यह वादा किया जाता है कि हमारी जानकारी सुरक्षित रखी जाएगी, लेकिन अधिकांश संस्थान इस वादे को पूरा नहीं कर रहे हैं परिणामस्वरूप, हमारी जानकारी अनजाने में या कई बार जानबूझकर ठगों के पास पहुंच जाती है। कुछ लोगों ने मुझे बताया की उनके खाते में पैसे डालने के नाम पर उनके खाते से पैसे निकाल लिए गए। कुछ को क्रेडिट कार्ड पर ऑफर और कुछ को फर्जी लिंक भेज कर उनके खाते और क्रेडिट कार्ड से पैसे निकाल लिए गए हैं। हालांकि साइबर अपराध से निपटने के लिए भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम IT Act सहित अनेक कानून बनाए गए हैं, परंतु कानून भी तभी प्रभावी होते हैं जब अपराधी पकड़े जाएं और सबूत मौजूद हों। अधिकांश मामलों में पर्याप्त सबूत न होने के कारण अपराधी आसानी से छूट जाते हैं और न्याय का सिद्धांत भी यही कहता है कि हचाहे हजार अपराधी छूट जाएं, पर एक भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। मगर यहां अपराध साबित न हो पाने की स्थिति अपराधियों को और प्रोत्साहित कर रही है। साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड जैसे गम्भीर अपराधों पर अभी तक किए गए शोध और अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला गया है कि इन खतरों से खुद को बचाने में सावधानी ही सबसे बड़ा उपाय है। अक्सर कहा भी जाता है सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। यह बात साइबर ठगी के संदर्भ में भी उतनी ही सत्य प्रतीत होती है, जितना की अन्य मामलों में। नीचे कुछ व्यवहारिक उपाय और सावधानियां दी जा रही हैं, जिनका पालन करके हम खुद को और दूसरों को इस तरह के खतरों और होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। इन खतरों से खुद को बचाने के लिए क्या करें और क्या न करें? यदि कोई कॉल करके आपसे यह कहे कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण TRAI आपका नंबर बंद करने वाला है, तो विश्वास न करें। कोई भी प्राधिकरण कभी किसी व्यक्ति से फोन पर इस तरह की बात नहीं करता है। यदि कोई एजेंट या कंपनी किसी पार्सल की बात करे और कन्फर्म करने के लिए आपको कोई नंबर दबाने के लिए कहे तो कोई बटन न दबाएं। यदि कोई खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर आपसे आपका आधार, पैन या खाता नंबर मांगे, तो कोई जानकारी साझा न करें। डिजिटल गिरफ्तारी जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया अभी तक भारतीय न्याय संहिता में नहीं है। यदि कोई आपको डराकर कहे कि आपके पैकेज में ड्रग्स मिले हैं या आप किसी गम्भीर केस में फंसे हैं, और आपको डिजिटल गिरफ्तार किया जा रहा है तो बिल्कुल न डरें, कॉल काटें और यदि बार बार कॉल आए तो अपने नजदीकी थाने में साइबर पुलिस को इसकी सूचना जरूर दें।

(लेखक असिस्टेंड प्रोफेसर हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# हिन्दू समाज के समक्ष प्रमुख चुनौतियां

**हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि समाज में भय नहीं, विश्वास बढ़े विभाजन नहीं, समरसता बने और धर्म केवल पूजा का विषय न रहकर चरित्र, कर्तव्य और संस्कृति का प्रतीक बने। जब प्रत्येक हिन्दू स्वयं को हिन्दू मानकर आचरण करेगा, और सन्त समाज उसे दिशा देगा कृ तब न केवल चुनौतियां समाप्त होंगी, बल्कि भारत फिर से विश्वगुरु के मार्ग पर अग्रसर होगा।**

आज का समाज तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्तर पर अनेक प्रकार की चुनौतियां सामने हैं। इस बदलते समय में हिन्दू समाज के समक्ष अनेक गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं जिन पर सामूहिक जागरण, चिंतन और संगठनात्मक दृढ़ता के साथ काम करने की आवश्यकता है। हिंसा और असहिष्णु वातावरण कुछ विचारधाराएं और समूह समाज में हिंसा, भय या वैमनस्य का वातावरण निर्मित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे समय में समाज को सजग, संगठित, सक्रिय और जागरूक रहना होगा। हर हिन्दू को यह समझना होगा कि हम जाति, पंथ, मत और सम्प्रदाय से ऊपर एक हैं हिन्दू हैं। हमें कानूनी और संवैधानिक दायरे में रहते हुए ऐसे तत्वों को पहचानकर उनके मंसूबों को विफल करना है।

**धर्मान्तरण की चुनौती**- आज विभिन्न माध्यमों से लालच देकर, प्रभाव डालकर, जबरदस्ती या छल-कपट से धर्म परिवर्तन की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार यह लव जिहाद, नौकरी लगवाने, शिक्षा संस्थानों या सामाजिक सेवाओं के माध्यम से भी होता है। अनेक स्थानों पर हिन्दू बच्चों को सांस्कृतिक समरसता के नाम पर ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसमें उनके धर्म-ग्रंथों का उपहास होता है और कुछ धर्मों के प्रति झूठी श्रेष्ठता का भाव चंगाई सभाएं जैसे कृत्यों से ब्रेन वाश किया जाता है। ऐसी प्रवृत्तियों को रोकने के लिए समाज में धार्मिक-जागरूकता और आत्मगौरव का भाव जगाना होगा। कानूनी और सामाजिक दोनों स्तरों पर सतर्कता बढ़ानी होगी। परिवार, मोहल्ला, विद्यालय और संगठन सबको इस दिशा में संवेदनशील बनाना आवश्यक है।

**जनसंख्या असंतुलन और पारिवारिक संरचना**- पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक भागों में विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों मुरादाबाद, संभल, बरेली, रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि में हिन्दू जनसंख्या में 3.4 प्रतिशत की कमी और मुस्लिम जनसंख्या में उतनी ही वृद्धि दर्ज की गई है। इसके कुछ कारण घटती प्रजनन दर, बदलती जीवनशैली, कमाओ-खाओ-मौज करो जैसी प्रवृत्तियां, तथा DINK Double Income No Kids जैसी सोच ने पारिवारिक संरचना को प्रभावित किया है। यदि यह रुझान जारी रहा तो आने वाले वर्षों में बुआ, फूफा, मौसी, चाचा, ताऊ जैसे रिश्ते केवल कहानियों में रह जाएंगे। इसका समाधान केवल सरकार से नहीं, समाज की जागरूकता और मूल्य शिक्षा से होगा विवाह और परिवार को बंधन नहीं, संस्कार के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

**नशा और ड्रग आपूर्ति की साजिश**- सीमावर्ती राज्यों से नशे की तस्करी विशेषकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, म्यांमार और थाईलैंड से एक गम्भीर षड्यंत्र है। हर वर्ष करोड़ों रूपए का नशीला पदार्थ भारत में पकड़ा जाता है। यह नशा केवल शरीर को नहीं, संस्कार और चरित्र को भी नष्ट कर रहा है।

**समाधान के लिए**- युवा वर्ग को खेल, योग, सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना होगा। घर और विद्यालय स्तर पर नशा विरोधी शिक्षा को शामिल करना चाहिए। सामाजिक संस्थाओं को ड्रग-फ्री यूथ इंडिया जैसे अभियान चलाने चाहिए।

**शिक्षा और सांस्कृतिक उपहास**- अनेक शैक्षणिक संस्थाएं ऐसी हैं जो हिन्दू बच्चों को पढ़ाने के नाम पर उनके धर्म, संस्कृति और देवी-देवताओं का परिहास करती हैं। धीरे-धीरे उनके मन में अपने धर्म के प्रति शंका और अन्य धर्मों के प्रति झूठी निष्ठा पैदा की जाती है। यह केवल शिक्षा नहीं, एक मनोवैज्ञानिक युद्ध Psychological Warfare है।

**समाधान**- शिक्षा में भारतीय मूल्य-आधारित अध्ययन को बढ़ावा देना। शिक्षकों और अभिभावकों दोनों की भूमिका पुनर्परिभाषित करना। गर्व से कहो हम हिन्दू हैं जैसी भावना को आत्म-सम्मान का प्रतीक बनाना, न कि नारा। गो-हत्या, मंदिर अधिग्रहण, अवैध धर्मांतरण, और धार्मिक उपेक्षा जैसे मुद्दे केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़े प्रश्न हैं। इन्हें संवैधानिक दायरे में रखते हुए संगठित सामाजिक दबाव और जागरण के माध्यम से उठाना होगा। समाज-जागरण का सबसे सशक्त केंद्र हमारे सन्त-महात्मा और धार्मिक संस्थान हैं परंतु आज आवश्यकता है कि देश के प्रमुख सन्त अपने नियमित धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त युवा सशक्तिकरण की दिशा में अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करें।

**-डॉ. पवन कुमार जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हर तरफ हताशा का माहौल



अमरेंद्र राय

देश में पर्व-त्योहार खुशियां लेकर आते हैं। लेकिन अब ये पर्व-त्योहार भी लोगों को खुशियां देने में समर्थ नहीं हो पा रहे हैं। अभी दीवाली जैसा बड़ा त्योहार पूरे देश ने मनाया लेकिन देश के बहुत बड़े हिस्से ने सिर्फ औपचारिकता ही निभाई। दिए जलाए, मिठाइयां खाईं, खिलाईं और उपहारों का आदान-प्रदान किया। लेकिन मन से खुशी गायब थी। उल्टे वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस की तकलीफ से जूझ रहे लोगों की समस्याएं बहुत ज्यादा बढ़ गईं। रात दस बजते-बजते सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई।

दिल्ली का चुनाव हारने के बाद भी कल रात केजरीवाल ने राहत की सांस महसूस की होगी कि उन्हें गालियां नहीं मिल रहीं। वरना जब तक उनकी सरकार थी वायु प्रदूषण का पूरा ठीकरा उन्हीं पर फूटता था। लेकिन अब किसी ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार को कुछ नहीं कहा। वायु प्रदूषण से सिर्फ सांस की तकलीफें ही नहीं बढ़तीं बल्कि मानसिक बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। हवा में एक फीसदी पीएम 2.5 बढ़ने से करीब दस प्रतिशत ( 9.6) डिप्रेशन या अवसाद के मामले बढ़ जाते हैं। इतना ही नहीं बच्चों के मानसिक विकास पर भी इसका असर पड़ता है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में प्रति वर्ष 16 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से होती है। इस समय सबसे बड़ी चिंता रोजगार को लेकर है। 2019 के चुनावों से पहले ही यह बात फैल गई थी कि देश में बेरोजगारी की दर पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा है, लेकिन उसका चुनावों पर कोई असर नहीं हुआ। बल्कि सत्ताधारी दल पहले से भी ज्यादा बहुमत से जीतने में सफल रहा। इस हालात ने एक छोटे हिस्से को छोड़कर सभी को सोचने पर मजबूर किया कि ऐसा क्यों हो रहा है। इस हालात से सिर्फ वही लोग खुश थे जो मूर्ख थे या लोगों को मूर्ख बनाने में सफल रहे। ऐसी चीजों का समाज के हर तपके पर असर पड़ता है। सिवाय कुछ मूर्खों को छोड़कर। बाबा तुलसी दास ने भी कहा है कि हसबते भले विमूढ़, जिन्हें न व्यापे जगत गति। अब तो यह बेरोजगारी दर और भी ज्यादा बढ़ गई है। हाल में जो सरकारी आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि सितंबर में बेरोजगारी दर और ज्यादा बढ़ गई है। युवाओं में बेरोजगारी की दर 15 प्रतिशत तक जा पहुंची है। 15 से 29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर पहले 14.6 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पूरे देश में बेरोजगारी की दर अगस्त महीने में 5.1 प्रतिशत दर्ज की गई थी जो सितंबर में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। बावजूद इसके सरकार जीएसटी बचत उत्सव मनाने का अभियान चला रही है। अरे भाई पहले कमाई हो तब न बचत की बात उठे। यहां तो कमाई ही नहीं है। पहले तो सरकार ने अनाप-शनाप जीएसटी लगाकर आठ साल तक लोगों को लूटा। उनकी जेब में जो थोड़े बहुत पैसे थे वो भी निकाल लिए। और अब दर घटाकर कह रही है कि बचत उत्सव मनाओ। जब जेब में धेला नहीं है तो बचत उत्सव कहां से मनाएगा आदमी। अव्वल तो ए कि लोगों की जेब में पैसे नहीं हैं दूसरे उन्हें पता भी नहीं चल रहा कि किस चीज के दाम कम हुए हैं। दीपावली और धनतेरस पर भारतीय लोग आम तौर पर सोना खरीदते हैं। लेकिन क्या सोने की कीमत कम हुई ? अलबत्ता और बढ़ गई। सोने का दाम लगातार और तेजी से बढ़ा। बीजेपी के भोजपुरी स्टार सांसद रवि किशन ने संसद में अपनी स्पीच समोसों पर दी। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में समोसे मिलते हैं। ढाबे से लेकर फाइव स्टार तक, लेकिन उनकी कीमत एक जैसी नहीं है। उनका आकार भी एक जैसा नहीं है।



सरकार को एक नीति बनानी चाहिए कि समोसा पूरे देश में एक भाव से मिले। जब जीएसटी की दरें सरकार ने कम कीं तो लोगों ने रवि किशन से पूछा, समोसे के दाम कितने कम हुए। मुझे तो कहीं भी समोसे, चाउमिन, चाय, बीड़ी, सिगरेट या फिर किसी चीज के दाम कम हुए नहीं दिखे। भोजन की थाली की कीमत भी कम नहीं हुई है। इसी बीच दलितों पर अत्याचार की झकझोरने वाली खबरें भी सामने आई हैं। यूपी के फतेहपुर के रहने वाले एक व्यक्ति की रायबरेली में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले अपने आप को ह्बाबाह्व के लोग बता रहे थे। बाबा के लोग मतलब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोग। ऊपर से जब रायबरेली के सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब उस पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे तो उसमें अड़ंगा डालने की कोशिश की गई। हरियाणा में एक दलित आईपीएस ने खुद की रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप अपने सीनियर अफसरों पर लगाया। उस मामले में भी हरियाणा सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। आठ दिन तक उस अफसर की लाश का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। तीसरी घटना भारत के मुख्य न्यायाधीश से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने अदालत में ही मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता फेंक दिया। आपको मालूम है कि गवई दलित हैं। और इन सबसे भी बड़ी बात कि सत्ता पक्ष के लोगों का नजरिया बहुत निराशा जनक रहा। और तो और दलितों की राजनीति करने वाली उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर नौ अक्टूबर को लखनऊ में एक बहुत बड़ी रैली की लेकिन उसमें भी उन्होंने गवई पर जूता फेंकने की घटना का जिक्र तक नहीं किया। ए सब बातें बहुत निराशाजनक हैं। हताशा पैदा करने वाली हैं।

अवसादग्रस्त करने वाली। इन्हीं सब वजहों से देश में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015 में एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें बताया गया था कि 2005 से 2015 तक दस साल तक अवसाद के मरीजों की संख्या में 18.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सत्ताधारी बीजेपी कह सकती है कि यह समयावधि यूपीए शासनकाल की है, लेकिन उसे शायद नहीं मालूम कि अभी हाल ही में एक विश्वविद्यालय ने देश के आठ प्रमुख शहरों का सर्वे किया है जिससे पता चलता है कि देश के 70 प्रतिशत युवा डिप्रेशन के शिकार हैं। यह सर्वे अमरावती स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी ने सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अमहमदाबाद और कोलकाता के छात्रों के बीच किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी नौसेना के दो विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** दक्षिण चीन सागर के ऊपर अलग-अलग नियमित अभियानों के दौरान आधे घंटे के अंतराल पर अमेरिकी नौसेना के एक हेलीकॉप्टर और एक लड़ाकू जेट-दुर्घटनाग्रस्त हो गए हालांकि चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। नौसेना ने बताया कि यूएसएस निमित्ज़ विमानवाहक पोत से नियमित अभियान के दौरान एक एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 2:45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खोज और बचाव दल ने चालक दल के सभी तीन सदस्यों को बचा लिया।

### वेनेज़ुएला ने कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य अभ्यास की निंदा की

**काराकस।** वेनेजुएला सरकार ने रविवार को कैरिबियन में अमेरिकी सेना द्वारा किए गए सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए उकसावे और खतरा है। सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा गया है कि वेनेजुएला सरकार का मानना है कि 26 और 30 अक्टूबर के बीच किए गए सैन्य अभ्यास एक औपनिवेशिक अभियान का हिस्सा है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा लैटिन अमेरिका और कैरिबियन को शांति क्षेत्र घोषित करने का उल्लंघन करते हैं।

### अर्जेंटीना में सड़क हादसे में कम से कम तेरह लोगों की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के पूर्वोत्तर प्रांत मिसियोनेस में रविवार को एक डबल-डेकर यात्री बस और एक कॉम्पैक्ट कार की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। मिसियोनेस सरकार के अनुसार, यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे घने कोहरे के बीच एक पुल पर हुई और ओबेरा शहर से प्यूर्टो इगुआज़ू जा रही यात्रियों को ले जा रही बस टक्कर के कारण नीचे एक नाले में गिर गई।

### टोक्यो में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के पास एक रिहायशी इलाके में सोमवार को एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। क्योडो न्यूज़ ने पुलिस और दमकलकर्मियों के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे एक आपातकालीन कॉल आई, जिसमें बताया गया कि सैतामा के एक रिहायशी इलाके में स्थित एक दो मंजिला लकड़ी के घर में आग लग गयी है। पुलिस के अनुसार आग पर काबू पाने में लगभग साढ़े तीन घंटे लगे और आस-पास के घरों को इससे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इमारत में एक दंपत्ति और 80 वर्षीय बजुर्ग रह रहे थे।

# रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का किया परीक्षण

## अनलिमिटेड रेंज का दावा, रूसी राष्ट्रपति बोले: इसे कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक सकता

**मास्को।** रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9एम739 का सफल परीक्षण किया है। दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं। ऐसी मिसाइल दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है। कोई भी डिफेंस सिस्टम इस नहीं रोक सकता।

रूसी सेना के प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव ने बताया कि मिसाइल का सफल टेस्ट 21 अक्टूबर को किया गया। इस टेस्ट में बुरेवस्तनिक ने करीब 15 घंटे तक उड़ान भरी। इस दौरान मिसाइल ने 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। गेरेसिमोव ने यह भी बताया कि यह मिसाइल की अधिकतम रेंज नहीं है, यह इससे अधिक दूरी भी तय कर सकती है। पुतिन ने इस मिसाइल को सर्विस में लेने के लिए सेना को तैयारी करने के निर्देश भी दे दिए हैं। बुरेवस्तनिक (9एम730) एक क्रूज मिसाइल है, जो सामान्य ईंधन इंजन की बजाय न्यूक्लियर रिएक्टर से चलती है। इस वजह से यह मिसाइल लगभग अनलिमिटेड यानी असीमित दूरी तक उड़ान भर सकती है। साथ ही दुश्मन के एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है। अमेरिकी वायुसेना की रिपोर्ट के अनुसार मिसाइल के सर्विस में आने के बाद रूस के पास इंटरकान्टिनेंटल रेंज यानी 10 से 20 हजार किमी तक हमला करने की क्षमता होगी। इससे रूस किसी भी हिस्से से अमेरिका तक हमला करने में सक्षम होगा। आमतौर पर इतनी दूरी तक हमला करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया जाता है।

यह पहली क्रूज मिसाइल है जो इतनी दूरी तक हमला करने में सक्षम है। सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल अंतरिक्ष में तय मार्ग पर जाती है, जिन्हें ट्रैक किया जा सकता है। जबकि बुरेवस्तनिक सिर्फ 50-100 मीटर की ऊंचाई पर उड़ती है और लगातार रास्ता बदलती रहती है, जिससे इसे पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है। मिसाइल को लॉन्च करने के लिए ठोस ईंधन वाले राकेट बूस्टर का इस्तेमाल किया जाता है। लॉन्च होने के बाद इसका न्यूक्लियर रिएक्टर एक्टिव हो जाता है। इसके बाद यह परमाणु ऊर्जा पर चलती है। इसमें एक छोटा न्यूक्लियर रिएक्टर या न्यूक्लियर पावर यूनिट है, जो मिसाइल को अनलिमिटेड दूरी तक उड़ने में सक्षम बनाता है। इस मिसाइल को जमीन पर मौजूद लॉन्चिंग पैड का इस्तेमाल कर लॉन्च किया जाता है। रायटर्स की एक जांच रिपोर्ट के मुताबिक रूस की राजधानी मास्को से उत्तर में 475 किमी दूर इसकी लॉन्च साइट हो सकती है।



■ लॉन्च होने के बाद एक्टिव होता है न्यूक्लियर रिएक्टर, एक्सपर्ट्स ने मिसाइल टेस्टिंग को खतरा बताया

### ट्रम्प बोले: पुतिन मिसाइल परीक्षण न करें, जंग रोकें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पुतिन से कहा है कि वह मिसाइल परीक्षण करने की बजाय जंग रोके। सोमवार दिए एक बयान में उन्होंने मिसाइल टेस्ट को गलत बताया। ट्रम्प ने कहा कि एक हफ्ते में खत्म होने वाली जंग के 4 साल होने वाले हैं। उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। ट्रम्प अक्सर गोल्डन डोम मिसाइल सिस्टम का जिक्र करते हैं। उनके मुताबिक अमेरिका को भविष्य के हमलों से बचाने के लिए यह जरूरी है। बुरेवेस्तिक जैसे खतरनाक हथियार से बचाने के लिए गोल्डन डोम जैसे डिफेंस सिस्टम को डिजाइन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) ने कहा कि रूस के सामने इस मिसाइल को लेकर अभी भी कई तकनीकी चुनौतियां हैं। इनमें मिसाइल के परमाणु इंजन को सुरक्षित और भरोसेमंद ढंग से संचालित करने की चुनौती सबसे बड़ी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसके कई परीक्षण असफल रहे और एक दुर्घटना में कई लोगों की मौत हुई थी।




**मलेशिया।** कुआलालंपुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन से बात करते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### भारत-सेशेल्स ने हिंद महासागर में स्थिरता का लिया संकल्प

**विक्टोरिया।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने भारत और सेशेल्स के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत और विस्तारित करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत सरकार और जनता की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति हर्मिनी को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक वैश्विक दक्षिण में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

## ब्रिटेन में भारतवंशी महिला पर नस्लीय हमला

■ दरिंदे ने किया दुष्कर्म CCTV में दिखा, पुलिस ने जारी की आपात अपील

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने उत्तरी इंग्लैंड में एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में एक संदिग्ध श्वेत व्यक्ति को पकड़ने के लिए आपातकालीन अपील जारी की है। महिला भारतीय मूल की बताई जा रही है।

वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम को वालसाल के पार्क हाल इलाके में महिला के सड़क पर संकट में फंसे होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जनता से मदद के लिए संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज जारी किया और इसे 'नस्लीय भेदभाव आधारित हमले में दुष्कर्म' का मामला बताया। पुलिस जांच की अगुवाई कर रहे जांच अधीक्षक रोनन टायर ने कहा, यह एक युवती (20 वर्षीय) पर बेहद खौफनाक हमला था। हम आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस सबूत इकट्ठा कर रही है और हमलावर की प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी ने उस समय इलाके में किसी पुरुष को संदिग्ध व्यवहार करते देखा हो तो पुलिस को जानकारी दें। पुलिस ने बताया कि हमलावर करीब तीस साल का श्वेत पुरुष है, जिसके छोटे बाल हैं और उसने हमले के समय गहरे रंग के कपड़े पहने थे।

## अमेरिका में शटडाउन से आम जनता हलकान




■ सरकारी बंद के बीच करोड़ों लोगों पर भूख की मार, एक नवम्बर से मुफ्त भोजन कार्यक्रम बंद! नोटिस जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्तूबर से चल रहा सरकारी शटडाउन आम जनता के लिए मुसीबत बन चुका है। इस बीच करोड़ों लोगों के लिए मुफ्त भोजन कार्यक्रमों पर संकट मंडरा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने एक नोटिस जारी किया है, जिसके तहत एक नवम्बर से कोई संघीय खाद्य सहायता नहीं दी जाएगी। अमेरिकी कृषि विभाग ने अपनी वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सरकारी बंद के कारण 1 नवम्बर से संघीय खाद्य सहायता भत्ते जारी नहीं किए जाएंगे। यह नोटिस देशभर के लाखों परिवारों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है, क्योंकि सरकारी बंद अब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। यह नया नोटिस ट्रम्प प्रशासन द्वारा यह कहने के बाद आया है कि वह पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी), जिसे आमतौर पर फूड स्टैंप्स के नाम से जाना जाता है। उसमें नवम्बर तक लाभ जारी रखने के लिए लगभग 5 अरब अमेरिकी डालर की आकस्मिक निधि का उपयोग नहीं करेगा। फूड स्टैंप्स अमेरिका के लगभग आठवें में से एक नागरिक को किराने का सामान खरीदने में मदद करता है। यूएसडीए के नोटिस में कहा गया है कि सच्चाई यह है कि धनराशि समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में 1 नवम्बर को कोई भत्ता जारी नहीं किया जाएगा। हम सीनेट डेमोक्रेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुके हैं। 1 अक्टूबर से शुरू हुआ यह बंद अब रिकॉर्ड में दूसरा सबसे लंबा बंद है। हालांकि रिपब्लिकन प्रशासन ने इस महीने सनेप लाभों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए शटडाउन से पहले कदम उठाए थे, लेकिन अगर कुछ ही दिनों में कोई राजनीतिक समाधान नहीं निकलता है, तो इस कटौती से गतिरोध का असर अमेरिकियों के एक बड़े हिस्से पर पड़ेगा और उनमें से कुछ सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों पर भी।

# अमेरिकी सोयाबीन की खरीद फिर शुरू करेगा चीन

## 100% टैरिफ नहीं लगाएगा अमेरिका, दोनों देशों के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय हो गया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि दोनों देशों में चीनी आयात पर 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से बचने के लिए एक फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर सहमति बनी ली है। उन्होंने बताया कि चीन पर लागू होने वाला 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ, अब नहीं लगेगा। वहीं, चीन फिर से अमेरिकी सोयाबीन की खरीद शुरू करेगा।

ट्रम्प ने 1 नवम्बर से चीन पर एक्स्ट्रा 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह फैसला ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात से पहले लिया गया है। दोनों के बीच इस हफ्ते गुरुवार को साउथ कोरिया में मुलाकात होगी। इस दौरान दोनों नेता इस फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। इस फ्रेमवर्क पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस हफ्ते मिलने पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प फिलहाल एशियाई देशों को दौरे पर हैं। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत मलेशिया से की। यहां उन्होंने आसियान समिट के बीच थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए शांति समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में हिस्सा लिया। अब वे जापान के लिए रवाना हो गए हैं। चीन के पास दुनिया के 17 दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल्स) हैं, जिन्हें वह दुनिया को निर्यात करता है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रानिक सामान, ईवीएस और डिफेंस सेक्टर में होता है। चीन ने पहले से 7 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल कर रखा था, लेकिन 9 अक्टूबर को इसमें 5 और (होल्मियम, एर्बियम, थुलियम, यूरोपियम और यटरबियम) जोड़ दिए गए। यानी कि चीन का 17 में से 12 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल हो गया है। इनके इस्तेमाल से पहले चीन से एक्सपोर्ट लाइसेंस लेना जरूरी होगा। इस कदम से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा और उद्योग पर असर पड़ सकता है, क्योंकि चीन दुनिया की 70 प्रतिशत दुर्लभ खनिज आपूर्ति और 90 प्रतिशत प्रोसेसिंग कंट्रोल करता है। चीन ने अपने शीर्ष व्यापार वार्ताकार ली चेंगगैंग को पद से हटा दिया है। वे हाल ही में अमेरिका के साथ चार दौर की वार्ताओं में शामिल थे।



## अमेरिका से 50 हरियाणवी डिपोर्ट

■ हाथ-पैर में डली बेड़ियां, बंदूक लिए खड़े थे अमेरिकी जवान

**कैथल।** कैथल पुलिस अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों को रविवार सुबह दिल्ली से लेकर कैथल पहुंची। युवकों के आने की सूचना के बाद उनके घरों में हताशा छा गई। डिपोर्ट होने वाले लोगों में अधिकतर युवा जमीन बेचकर अमेरिका में डालर कमाने की चाह में गए थे।

अब छह से सात महीने की जेल काटने के बाद खाली हाथ मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। नाम न छापने की शर्त पर कैथल शहर निवासी ने बताया कि अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वाले जहाज में अमेरिका सेना के जवान बंदूक लेकर सीटों के पास खड़े हुए थे। लोगों के हाथों व पांव में बेड़िया लगाई हुई थी। अमेरिकी जवान अंग्रेजी में लोगों को गालियां दे रहे थे। वह आप बीती बताते हुए भावुक हो गया। अमेरिका जाने के लिए अधिकतर युवाओं ने आधा एकड़ से दो एकड़ तक जमीन बेच दी थी या कर्ज लिया हुआ है। अब वह इस नुकसान की भरपाई कैसे कर पाएंगे। डिपोर्ट हुए लोगों ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। आंकड़ों के मुताबिक, कैथल के कई गांवों के दो हजार के करीब युवा अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जा चुके हैं। फरवरी के महीने में भी 12 लोग कैथल के डिपोर्ट हुए थे। रविवार को 14 नए लोग आए हैं। इससे डिपोर्ट होने वालों की संख्या 26 पहुंच हो गई है।

## क्वाड बैठक में प्रधानमंत्री मोदी होंगे मेजबान!

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने उम्मीद जताई है कि क्वाड देशों की अगली बैठक अगले साल की पहली तिमाही में हो सकती है। उन्होंने चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया। गौरतलब है कि भारत में इसी साल क्वाड सम्मेलन होना था।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रवैये और जापान में जारी सियासी उठापटक के चलते अब इस बैठक की उम्मीद कम ही है। अल्बनीज ने रविवार आसियान सम्मेलन के दौरान एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि क्वाड एक अहम फोरम है, जो आस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान और भारत को जोड़ता है। मुझे उम्मीद है कि इसकी बैठक अगले साल की पहली तिमाही में होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की मेजबानी करेंगे। क्वाड सम्मेलन में देरी को लेकर पर पूछे गए सवाल पर अल्बनीज ने कहा कि यह व्यस्त शिखर सम्मेलन सत्र है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काफी व्यस्त कार्यक्रम में बंधे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इन दिनों एशिया के तीन देशों के दौरे पर हैं। वे मलयेशिया में आसियान सम्मेलन में शामिल होने के बाद जापान रवाना हुए और वहां से दक्षिण कोरिया जाएंगे, जहां वे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वाले हैं। इससे पहले अगस्त में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ट्रम्प ने इस वर्ष भारत यात्रा की योजना रद्द कर दी है, क्योंकि उनके और प्रधानमंत्री मोदी के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते तब से तनाव में हैं जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क और रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत कर लगा दिया। भारत ने इस कदम को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य करार दिया था।



■ आस्ट्रेलिया के पीएम ने जताई उम्मीद, चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया

### लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में चार की मौत, दो घायल

**बेरूत/यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में रविवार को इज़रायली हवाई हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।देश की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि इज़रायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने लेबनान के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में कई वाहनों को निशाना बनाया। इस बीच, सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतकों में से तीन हिजबुल्लाह के सदस्य थे और चौथा एक सीरियाई नागरिक था। एक बयान में, इज़रायली सेना ने कहा कि उसने रविवार को दो दौर के हमले किए, जिसमें हिज़्बुल्लाह का एक अधिकारी और समूह का एक संदिग्ध हथियार तस्कर मारा गया।

# किम जोंग से मिल सकते हैं ट्रम्प

## मीटिंग फिक्स कर रहे दोनों देशों के अधिकारी, आज जापान के सम्राट से मिले अमेरिकी राष्ट्रपति

**टोक्या।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और नार्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन जल्द मुलाकात कर सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे मिलने के लिए अपनी एशिया यात्रा को कुछ दिन और बढ़ा सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि फिलहाल इस मुलाकात को लेकर कोई तय योजना नहीं है।

सीएनएन को सूत्रों ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने निजी तौर पर दोनों नेताओं के बीच एक बैठक आयोजित करने पर चर्चा की है। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ऐसा भी हुआ था। ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था। इसके सिर्फ 24 घंटे के बाद दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई थी। ट्रम्प तब साउथ कोरिया के दौरे पर थे। वे किम जोंग से मिलने के लिए बार्डर पहुंचे थे। वहीं, ट्रम्प ने आज जापान के सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। यह मुलाकात टोक्यो में हुई। मुलाकात के बाद ट्रम्प ने सम्राट नारुहितो की तारीफ करते हुए उन्हें 'ग्रेट मैन' बताया। ट्रम्प आज 6 साल बाद जापान के दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले ट्रम्प आखिरी बार 2019 में जापान आए थे। वे जापानी पीएम साने ताकाइची के साथ ट्रेड और इन्वेस्टमेंट डील पर बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टोक्यो में 18000 पुलिसकर्मी तैनात हैं। ट्रम्प के रास्ते पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है और एयर स्पेस भी बंद है। यह जापान का 2002 के बाद सबसे बड़ा सिक्योरिटी आपरेशन है। इसकी बड़ी वजह पिछले 5 साल में जापान के दो पूर्व पीएम पर हुए जानलेवा हमले भी हैं। जुलाई 2022 में पूर्व पीएम शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, वहीं अप्रैल 2023 तत्कालीन पीएम फुमियो किशिदा के भाषण के दौरान विस्फोटक फेंका गया था। जापान ने पहले ही अमेरिका में 46 लाख करोड़ रुपये इन्वेस्ट करने का वादा किया है। ट्रम्प के दौरे पर इसकी डिटेल तय होंगी।



ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान वार्ता में गतिरोध जारी

■ तालिबान ने टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई से किया इनकार

**इस्तांबुल।** तुर्की के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में रविवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच वार्ता में गतिरोध बना रहा। अफगान तालिबान के प्रतिनिधिमंडल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ 'विश्वसनीय कदम' उठाने की बात से हिचकिचाता रहा।

पाकिस्तान दावा करता आया है कि इन आतंकी संगठनों के ठिकाने अफगानिस्तान में हैं। 'डान' अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ता के दूसरे दिन भी दोनों पक्ष आतंकवादी संगठनों को खत्म करने को लेकर कोई साझा राय नहीं बना सके। करीब नौ घंटे की गहन चर्चा के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि उनकी टीम ने अफगानिस्तान के सामने अपनी अंतिम स्थिति रखी और जोर दिया कि तालिबान शासन को सीमा पार और अफगानिस्तान के भीतर आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस और विश्वसनीय कदम उठाने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि अफगान तालिबान की ओर से आतंकवादियों का संरक्षण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान की प्रतिक्रिया तर्कहीन और वास्तविकताओं के विपरीत रही। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा, ऐसा लगता है कि तालिबान प्रतिनिधिमंडल किसी और एजेंडा पर चल रहा है। अखबार ने कहा कि यह शक तब और गहरा हो गया, जब इस्तांबुल में वार्ता के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लीपा सेक्टर में कथित रूप से संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ।